

राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

12 राष्ट्रीय स्तर पर बनी 3 नई सहकारी समितियों के माध्यम से भारत.....

ट्रंप का दावा-अमेरिका में प्रवासियों का अवैध प्रवेश रोकने पर..... 12

वर्ष : 15 | अंक : 223 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 29 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

हेमंत सोरेन ने झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

रांची, एजेंसी

रांची। हेमंत सोरेन ने गुरूवार को झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने हेमंत सोरेन को झारखंड मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 49 वर्षीय नेता का मुख्यमंत्री के रूप में यह चौथा कार्यकाल होगा। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर मोरहाबादी मैदान में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। वर्ष 2024 विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को बंपर जीत मिली है। जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी और भाकपा-माले को 81 में से 56 सीटों पर जीत मिली। इसमें जेएमएम को 34, कांग्रेस को 16, आरजेडी को 4 और भाकपा-माले को 2 सीटें मिली हैं। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की यह बड़ी जीत है। जेएमएम का यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। झारखंड में नई सरकार बनने के बाद, पहला विधानसभा सत्र 9 से 12 दिसंबर तक चलेगा। पहले सत्र में नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी।

स्टीफन मरांडी प्रोटेम स्पीकरः

विधानसभा के पहले सत्र की अध्यक्षता के

लिए झामुमो के वरिष्ठ नेता स्टीफन मरांडी को प्रोटेम स्पीकर चुना गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया। इस बैठक में कई अहम प्रस्तावों को भी मंजूरी मिली, जैसे महिलाओं को मिलने वाली आर्थिक मदद बढ़ाना और असम के चाय बगानों में काम करने वाले झारखंड के लोगों की स्थिति की जाँच करना। कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को मिलने वाली राशि 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दी गई है। यह बढ़ी हुई राशि दिसंबर से ही मिलनी शुरू हो जाएगी। इससे राज्य की महिलाओं को आर्थिक मदद मिलेगी।

असम के चाय बागान मजदूरों की स्थिति की जांच के लिए कमेटी

असम के चाय बगानों में काम करने वाले झारखंड के लोगों की स्थिति की जांच के लिए एक सर्वदलीय कमेटी बनाई जाएगी। यह कमेटी अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपेगी। इस रिपोर्ट के आधार पर सरकार जरूरी कदम उठाएगी। इससे पता चलेगा कि इन लोगों को किन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और उनके लिए क्या किया जा सकता है।

मौसम

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

बाजार

सोना	80,405
चांदी	1,1000
सेंसेक्स	80,220
निफ्टी	24,472

संक्षिप्त खबरें

उच्चतम न्यायालय ने यासीन मलिक से किया जवाब तलब

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने चार भारतीय वायुसेना कर्मियों की हत्या और 1989 में मुफ्ती मुहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण के मामले से जुड़े गवाहों की जिरह के लिए संबंधित मुकदमा जम्मू से दिल्ली की तिहाड़ जेल में स्थानांतरित करने की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर गुरुवार को आरोपी यासीन मलिक से जबाव तलब किया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने मामले के आरोपी और तिहाड़ जेल में बंद मलिक को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मलिक आतंकवादी गतिविधियों को आर्थिक सहायता देने के लिए तिहाड़ जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ के समक्ष कहा कि मामले में मुकदमा स्थानांतरित करने और सह-आरोपियों को पक्षकार बनाने के लिए आवेदन दायर किए गए हैं। श्री मेहता ने कहा कि तिहाड़ जेल में वर्तमान में अदालत चलाने की सुविधा है। उन्होंने अदालत के समक्ष यह भी कहा कि आरोपी भी तिहाड़ जेल में ही बंद हैं। सीबीआई का पक्ष जानने के बाद न्यायालय ने आरोपी से जवाब मांगा और मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 दिसंबर की तारीख मुकर्रर कर दी।

दिल्ली के प्रशांत विहार में तेज धमाका

जांच में पुलिस को मिला सफेद पाउडर

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के प्रशांत विहार स्थित क्राइम ब्रांच कार्यालय और मारग्रेट स्कूल से कुछ कदम की दूरी पर पार्क की दीवार पर धमाका हुआ। यह धमाका आज सुबह 11 बजकर 48 मिनट पर हुआ। इसकी जानकारी पुलिस को पीसीआर कॉल से मिली। प्रशांत विहार में क्राइम ब्रांच के कार्यालय के पास धमाके के बाद पुलिस ने इलाके की नाकेबंदी कर दी। बताया जा रहा है कि घटनास्थल से सफेद पाउडर भी मिला है। पुलिस इस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। धमाके के बाद स्थानीय पुलिस के अलावा अब इसकी जांच करने के लिए एनएसजी और एनआईए की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। इसके अलावा स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच,

बॉम्ब डिस्पोजल टीम, लोकल पुलिस भी जुट गई है। धमाका प्रशांत विहार के वीर सावरकर पार्क के फुटपाथ के पास हुआ है। धमाके में वाहन चालक को मामूली चोट लगी है। यहां पर वीर सावरकर पार्क के पास ही में सेंट मारग्रेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल है। एक अजय नाम के यूजर्स ने बताया कि घटनास्थल से 20 मीटर की दूरी पर उनका घर है। धमाके की आवाज सुनकर बाहर निकले तो सामने सड़क किनारे टेम्पों के पास से धुआं उठ रहा था। तभी देखा कि टेम्पो चालक चेतन आंख बंद कर खड़ा था। उसके होंठ और चेहरे पर चोट के निशान थे। चेहरे से खून निकल रहा था। उसे अपनी बाइक पर अस्पताल ले जाने के लिए जैसे ही बिठाया। तभी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और घायल चेतन को अपने साथ के गई। घायल चालक चेतन बादली में परिवार के साथ रहते हैं। एक साल पहले इनकी शादी हुई है। चेतन मूलरूप से मध्यप्रदेश के भिंड मुरैना का रहने वाला है। घटनास्थल से 20 मीटर की दूरी पर रहने वाले प्रेम किशोर का एक साल से टेम्पो चलाते हैं।

एक महीने पहले भी हो चुका धमाका

बता दें इससे पहले इसी साल अक्टूबर महीने में ही दिल्ली में रोहिणी सेक्टर-14 के प्रशांत विहार स्थित सीआरपीएफ स्कूल की दीवार के पास तेज धमाका हुआ था। उस घटना की जांच दिल्ली पुलिस आतंकी समेत सभी पहलुओं पर कर रही है।

धमाके से दुकानों और कारों के शीशे टूटे

धमाका ऐसा था कि तीन-चार किलोमीटर दूर तक इसकी आवाज सुनाई दी और करीब 20 मिनट तक हवा में सफेद धुएं का गुबार फैला रहा। धमाके से आसपास की कई दुकानों, कार्यालयों व कारों के शीशे टूट गए। धमाके की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ ही दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच, स्पेशल सेल और साइबर विंग की टीमें पहुंची थीं। इसके अलावा फोरेंसिक लैब की टीमें एनडीआरएफ, फायर ब्रिगेड, डॉग स्क्वाड और बम निरोधक दस्ता को भी जांच के लिए बुलाया गया। धमाके में विस्फोटक के इस्तेमाल का पता चलने पर एनएसजी व एनआईए की टीमों को भी बुलाया गया।

बिजली नेटवर्क को बढ़ाने के लिए 9.1 लाख करोड़ निवेश की योजना

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा देश में पावर ट्रांसमिशन इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए 2031-32 तक 9.12 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई गई है। यह जानकारी केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाइक ने राज्यसभा में दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, राष्ट्रीय विद्युत योजना (ट्रांसमिशन) के अनुसार, 2022-23 से 2031-32 तक के 10 साल की अवधि में 1.91 लाख किलोमीटर (किमी) ट्रांसमिशन लाइनें और 1274 गीगा वोल्ट एम्पीयर ट्रांसफॉरमेशन क्षमता (220 केवी और ऊपर के वोल्टेज स्तर पर) जोड़ी जाएगी। इसके अलावा 33.25 गीगावॉट हाई वोल्टेज डायरेक्ट करंट बाय-पोल लिंक की भी योजना बनाई गई है। इसके अलावा अंतर-क्षेत्रीय ट्रांसमिशन क्षमता को वर्तमान स्तर 119 गीगावॉट से बढ़ाकर 2026-27 तक 143 गीगावॉट और 2031-32 तक 168 गीगावॉट तक बढ़ाने की योजना है। इस प्लान में ट्रांसमिशन के नए टेक्नोलॉजी विकल्पों, क्रॉस-बॉर्डर इंटरकनेक्शन और ट्रांसमिशन में निजी सेक्टर की भागीदारी पर जोर दिया गया है। राष्ट्रीय विद्युत योजना (ट्रांसमिशन) में नेपाल, भूटान, म्यांमार, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों के साथ मौजूदा और योजनाबद्ध इंटरकनेक्शन को भी कवर किया गया है। एक अन्य लिखित उत्तर में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान में देश में कुल 13,997.5 मेगावाट की 28 जलविद्युत परियोजनाएं और 6,050 मेगावाट की पांच पंप स्टोरेज परियोजनाएं निमाणार्धीन हैं। कुल 19,460 मेगावाट की 28 एचईपी और 4,100 मेगावाट की चार पीएसपी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा एप्रूव किया गया है। उन्होंने कहा कि कुल 8,036 मेगावाट की 11 एचईपी सर्वेक्षण और जांच (एस एंड आई) के अधीन हैं। इसके अलावा बताया कि मौजूदा समय में 29,200 मेगावाट कोयला आधारित क्षमता निमाणार्धीन है, 18,400 मेगावाट क्षमता आवंटित की जा चुकी है और 47,240 मेगावाट संभावित क्षमता विचाराधीन है। मंत्री ने आगे बताया कि 31 अक्टूबर तक कुल 1,27,050 मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता कार्यान्वयन के अधीन है, जबकि 89,690 मेगावाट बोली प्रक्रिया के तहत है।

दिल्ली की आबोहवा बिगड़ी बहुत खराब श्रेणी में एक्यूआई

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में वायु गुणवत्ता गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार गुरुवार सुबह 6 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 304 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। हालांकि, सप्ताह की शुरूआत में मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक में मामूली सुधार देखा गया था, जब यह ह्लखराबह्व श्रेणी में पहुंच गया था, लेकिन बुधवार को प्रदूषण का स्तर फिर से बढ़ गया और यह गंभीर बना हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई, जिससे स्थिति और खराब हो गई। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, आनंद विहार में एक्यूआई 357, अशोक विहार में 318, बवाना में 341, बुराड़ी क्रॉसिंग में 320, जहांगीरपुरी में 354 और मुंडका में 364 दर्ज किया गया। द्वारका सेक्टर-8 में 332, नरेला में 312 और शादीपुर में 351 रहा। इसके अलावा, चांदनी चौक में एक्यूआई 293, लोधी रोड में 261 और जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 267 दर्ज कियया गया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में फरीदाबाद में एक्यूआई 176 दर्ज किया गया जो मध्यम श्रेणी में है, जबकि गुरुग्राम का 221, ग्रेटर नोएडा का 227, गाजियाबाद का 260 और नोएडा का एक्यूआई 282 दर्ज किया गया, जिसे खराब श्रेणी माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में लगातार छाए रहने वाले स्मॉग के कारण दृश्यता कम हो गई है और स्वास्थ्य जोखिम बढ़ गया है। वायु की खराब होती गुणवत्ता के जवाब में, सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के चरण 4 के तहत लगाए गए प्रतिबंधों को कम करने से इनकार कर दिया।

महायुति को मिली सीटें एकनाथ शिंदे के नेतृत्व का परिणाम : विधायक विश्वनाथ भोईर

मुंबई, एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री को लेकर सियासी अटकलों का बाजार गरम है। इस बीच शिवसेना विधायक विश्वनाथ भोईर ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महायुति गठबंधन की प्रचंड जीत का श्रेय मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व को दिया है। उन्होंने कहा कि महायुति को मिली सीटें शिंदे के नेतृत्व का परिणाम हैं। ऐसे में उनको दो बार महाराष्ट्र का सीएम बनना चाहिए। शिंदे सरकार की ओर से चलाई गई प्रमुख योजनाओं को जनता का व्यापक समर्थन मिला है। मराठवाड़ा जल ग्रिड परियोजना का जनता को विशेष रूप से लाभ मिला है। वहीं लोगों की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में हमारी डबल इंजन की सरकार ने सराहनीय काम किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास की वजह से महायुति को चुनावों में बड़ी सफलता मिली है। ऐसे में मेरा मानना है

नई सरकार का नेतृत्व एकनाथ शिंदे को करना चाहिए। जिस तरह से महायुति ने महाराष्ट्र विधानसभा में सीटें हासिल की हैं और सभी विधायक महायुति से चुने गए हैं, उसे देखते हुए एकनाथ शिंदे को फिर से सीएम नियुक्त किया जाना चाहिए। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति की ऐतिहासिक जीत के कुछ दिनों बाद मंगलवार को शिंदे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो गया था। महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए इस कहा, ह्लमैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की है। मैंने उनसे कहा कि सरकार बनाने में हमारी तरफ से कोई अड़चन नहीं है। आप निर्णय लीजिए, भाजपा जो अंतिम निर्णय लेगी, उस निर्णय की तामिल हो जाएगी। मैं आज आप सबको कहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, मुख्यमंत्री पद के बारे में जो निर्णय लेंगे और भाजपा का जो उम्मीदवार होगा, उसको शिवसेना का पूरा समर्थन होगा। पीएम मोदी ने राज्य के विकास के लिए पूरा योगदान दिया। मैं इसके लिए पीएम मोदी और अमित शाह का आभारी हूं। मैंने कभी खुद को मुख्यमंत्री नहीं माना। सीएम का मतलब कॉमन मैन होता है। मैंने कार्यकर्ता के रूप में काम किया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ह्लमहायुतिह्व गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला है। महायुति में शामिल भाजपा ने 132, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने 41 सीटों पर जीत हासिल की है।

नौसेना ने पनडुब्बी अरिघाट से परमाणु मिसाइल के-4 दागकर दिखाई समुद्री ताकत

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने नौसेना में शामिल की गई परमाणु पनडुब्बी अरिघाट से परमाणु मिसाइल के-4 दागकर सफल परीक्षण पूरा कर लिया है। पनडुब्बी-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल (एसएलबीएम) का यह परीक्षण विशाखापट्टनम के पास बंगाल की खाड़ी में किया गया। हाल ही में कमीशन की गई आईएनएस अरिघाट से 3,500 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली परमाणु सक्षम मिसाइल के-4 का परीक्षण भारतीय नौसेना की प्रतिरोधक क्षमताओं का महत्वपूर्ण विकास दशार्ता है। परमाणु ऊर्जा से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट 29 अगस्त को भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल की गई थी। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन के तेजी से बढ़ते कदमों के बीच परमाणु मिसाइलों से लैस पनडुब्बी मिलने से नौसेना की समुद्री सामरिक क्षमता मजबूत हुई है। साथ ही भारत को ह्यपानी के युद्धह्व में और अधिक मिसाइलें ले जाने की क्षमता मिल गई है। इसी ताकत को परखने के लिए भारत ने 6,000 टन की पनडुब्बी अरिघाट से अपनी परमाणु सक्षम के-4 पनडुब्बी लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है।

हालांकि, इस परीक्षण की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन रक्षा सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि विशाखापट्टनम के तट पर बंगाल की खाड़ी में बुधवार को सुबह अभ्यास के हिस्से के रूप में के-4 मिसाइल को लॉन्च किया गया। ठोस ईंधन से संचालित के-4 मिसाइल की मारक क्षमता 3,500 किलोमीटर है। इससे पहले के-4 मिसाइल का परीक्षण केवल सबमर्सिबल पोंटून से ही किया गया था, इसलिए नौसेना में शामिल होने के बाद पूरी तरह से चालू पनडुब्बी से यह प्रक्षेपण भारत की नौसेना क्षमताओं के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर बन गया है। सूत्रों के मुताबिक परीक्षण के परिणामों का सावधानीपूर्वक विश्लेषण किया जाएगा, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि मिसाइल अपने मापदंडों पर खरी उतरी या नहीं। बंगाल की खाड़ी में मध्यम दूरी की मिसाइल परीक्षण के लिए भारत ने सार्वजनिक क्षेत्र चेतावनी और एयरमैन को नोटिस (नोटम) जारी किया था। नोटम में कहा था कि भारत 27 से 30 नवंबर के बीच 3,500 किलोमीटर या उससे अधिक की दूरी पर लक्ष्य को मारने वाली मिसाइल का परीक्षण कर सकता है। नोटम एक तरह का नोटिस है, जो विमान के पायलटों को हवाई मिशनों की सूचना देने के लिए जारी किया जाता है, ताकि उड़ान मार्ग या संभावित खतरों के बारे में सचेत किया जा सके। यह मिसाइल परीक्षण भारत के अपने सामरिक रक्षा रुख को बढ़ाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा था।

राज्यसभा विपक्षी दलों ने लोस और रास में किया हंगामा, सरकार को घेरा.....

अदाणी और संभल मुद्दे पर सदन में गतिरोध बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा में बृहस्पतिवार को कांग्रेस, समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों के सदस्यों ने अदाणी समूह से जुड़े मामले तथा उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा के मुद्दे को लेकर हंगामा किया, जिस वजह से सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, अडानी समूह में कथित अनियमिताओं की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग को लेकर राज्यसभा में गुरुवार को भी विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा और सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। शून्यकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों ने जेपीसी गठित करने की मांग को लेकर हंगामा किया था जिसके कारण सदन की कार्यवाही स्थगित की गई थी। सदन में हंगामा जारी रहने के कारण शून्यकाल बाधित रहा और प्रश्नकाल नहीं हो सका। लोकसभा में अदाणी मुद्दे और संभल हिंसा को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर कांग्रेस और सपा के सांसदों ने फिर से नारेबाजी शुरू कर दी। पीठासीन सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सदन में हंगामे को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में सभी ने मिलकर फैसला किया था कि कौन सा विधेयक आएगा और कब आएगा जो बाकी मुद्दे हैं उन पर चर्चा का अलग अलग नियम बना हुआ है। रीजीजू ने कहा

कि वक्फ विधेयक संबधी संयुक्त समिति का कार्यकाल बढ़ाने की मांग विपक्षी सदस्यों ने की थी और अब जब इससे जुड़ा प्रस्ताव आया तो कांग्रेस तथा उसके सहयोगी नारेबाजी कर रहे थे। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजकर पांच मिनट पर पीठासीन सभापति ने सभा की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

वक्फ समिति का कार्यकाल बढ़ाने की मंजूरी :

विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच ही, सदन ने वक्फ (संशोधन) विधेयक संबंधी संसद की संयुक्त समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का समय बजट सत्र, 2025 के आखिरी दिन तक बढ़ाने को मंजूरी दी। इसके तहत समिति अब आगामी बजट सत्र तक रिपोर्ट दे सकेगी। समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने समिति को रिपोर्ट प्रस्तुत करने की समयावधि बजट सत्र, 2025 के अंतिम दिन तक बढ़ाने का प्रस्ताव सदन में रखा, जिसे सदस्यों ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस पर पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेन्नटी ने प्रस्ताव पारित होने की घोषणा कर दी। गौरतलब है कि विपक्षी सदस्यों ने इस विधेयक पर चर्चा करने के लिये और समय देने की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलकर मांग की थी।

प्रियंका गांधी ने लोकसभा की सदस्यता की शपथ ली

नई दिल्ली। केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में विजय घोषित कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज लोकसभा की सदस्यता ग्रहण की। लोकसभा की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई अध्यक्ष ओम बिरला ने उनका नाम पुकारा और उन्हें लोकसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई गई। श्रीमती वाड्रा ने चार लाख से अधिक मतों के अंतर से वायनाड सीट पर जीत दर्ज की है। आम चुनाव में उनके भाई राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली संसदीय सीट के साथ ही यह सीट जीती थी लेकिन उन्होंने बाद में इस सीट से इस्तीफा दे दिया और अपनी बहन प्रियंका को चुनाव मैदान में उतारा। इससे पहले श्रीमती वाड्रा के साथ उनकी मां तथा कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी और उनके भाई राहुल गांधी संसद भवन परिसर में पहुंचे। बाद में वह अपने भाई राहुल गांधी के साथ लोकसभा में गई जहां उन्हें सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई गई।

संक्षिप्त समाचार

स्कूटी सवार से मोबाइल लूट में युवक गिरफ्तार

रूड़की, एजेंसी। स्कूटी सवार से मोबाइल लूट में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास से मोबाइल भी बरामद किया है। उसका साथी फरार चल रहा है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। मंगलौर के मोहल्ला हल्का निवासी अब्दुल रहमान 16 नवंबर की रात को रुड़की से स्कूटी से घर लौट रहा था। जैसे ही वह हाईवे स्थित एक कार शोरूम के पास पहुंचा तो बाइक सवार दो बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उसे रोक लिया था और मोबाइल लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी थी। सोमवार देर शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि मोबाइल लूटने में शामिल एक युवक तांशीपुर तिराहे के पास खड़ा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि दोस्त के साथ मिलकर मोबाइल लूटा था। कोतवाली प्रभारी शांति कुमार गंगवार ने बताया कि सौरभ निवासी सकौती, मंगलौर को गिरफ्तार कर लिया गया है। युवक के पास से लूटा गया मोबाइल भी बरामद हुआ है। उसके साथी की तलाश की जा रही है।

चेक बाउंस होने पर दोषी को सुनाई तीन महीने की सजा

ऋषिकेश, एजेंसी। न्यायिक मजिस्ट्रेट नंदिता काला की अदालत ने चेक बाउंस के अभियुक्त को दोष सिद्ध पाते हुए तीन माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। 52 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। बैराज कॉलोनी पशुलोक निवासी सुधांशु शेखर ने पांच अगस्त 2021 को न्यायिक मजिस्ट्रेट नंदिता काला की अदालत में वाद दायर किया था। सुधांशु शेखर ने न्यायालय को बताया कि छिद्दरवाला निवासी राहुल से उसकी पुरानी जान पहचान थी। राहुल ने मार्च 2021 में उससे अपने निजी कार्य के लिए 50 हजार रुपये की धनराशि उधार ली थी और दो माह के भीतर वापस लौटाने की बात कही थी। दो माह बाद राहुल ने नकद राशि देने के बजाय द नैनीताल बैंक के छिद्दरवाला शाखा का 50 हजार रुपये का चेक दिया। शेखर ने बताया कि जब उसने वह चेक अपने खाते में लगाया तो बैंक ने अपर्याप्त धनराशि कह कर चेक वापस लौटा दिया। इस संबंध में राहुल को सूचित किया गया। बावजूद इसके राहुल ने उक्त धनराशि वापस नहीं की। जिस पर उसे मजबूरन न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट नंदिता काला की अदालत ने फैसला सुनाया। राहुल को तीन माह के सश्रम कारावास व 52 हजार के अर्थ दंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि में से दो हजार राजकोष में जमा करने होंगे। जबकि 50 हजार की राशि परिवादी को प्रतिकर के रूप में देय होंगे।

टीसी, सीसी जमा नहीं करने वाले 121 छात्र नहीं दे पाएंगे परीक्षा

हल्द्वानी, एजेंसी। बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले 121 छात्र-छात्राएं दो दिसंबर से होने वाली परीक्षाओं से वंचित रह सकते हैं। उन्होंने प्रवेश लेते वक्त शपथ पत्र देकर 15 दिन के भीतर टीसी, सीसी, माइग्रेशन और अन्य अभिलेख जमा करने की बात कही थी, लेकिन इसके बाद ये शैक्षिक अभिलेख जमा करना भूल गए। छात्र-छात्राओं की लापरवाही अब उन पर ही भारी पड़ रही है। इस शिक्षा सत्र में बीएससी प्रथम सेमेस्टर में 56, बीकॉम में 15 और बीए में 50 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश तो ले लिए लेकिन अभिलेख जमा नहीं किए। परीक्षा विभाग ने सभी ऐसे बच्चों को चिह्नित कर लिया है। दो अक्तूबर को कुमाऊं विश्वविद्यालयों के अधीन आने वाले महाविद्यालयों में परीक्षाएं होने वाली हैं। ऐसे में इन बच्चों को परीक्षा से वंचित रहना होगा। अगर ये बच्चे ठोस कारण के साथ प्रार्थनापत्र लिखकर अभिलेख जमा करते हैं तो उन्हें परीक्षा में बैठने का मौका मिल सकता है। इन बच्चों को महाविद्यालय कई बार शैक्षिक अभिलेख जमा करने के लिए ई-मेल से सूचनाएं भी भेज चुका है। इसके बाद भी उन्होंने अभी तक अभिलेख जमा नहीं किए। एमबीपीजी कॉलेज में विभिन्न संकायों के तृतीय सेमेस्टर के 11 छात्र-छात्राएं ऐसे भी हैं जो द्वितीय सेमेस्टर में पास होकर तृतीय सेमेस्टर के लिए प्रमोट हो गए और समर्थ पोर्टल ने इनको परीक्षा आवेदन करने का मौका दे दिया।

हो जाएं तैयार | उत्तराखंड को मिली मेजबानी, औली में 29 जनवरी से होंगे विंटर गेम्स

देहरादून, एजेंसी। भारतीय ओलंपिक संघ ने जनवरी माह में होने वाले राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों की मेजबानी उत्तराखंड को देने की मंजूरी दे दी है।

भारतीय ओलंपिक संघ ने राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों की मेजबानी उत्तराखंड को दे दी है। अब औली में शीतकालीन खेलों का आयोजन 29 जनवरी से दो फरवरी तक किया जाएगा। इसके तहत अल्पाइन सलालम, जाइंट सलालम, स्नो बोर्ड, नोडिक, स्की माउंटेनिंग प्रतियोगिताएं होंगी। मौसम की मेहरबानी रही तो देश के स्कीइंग खिलाड़ी औली के ढलानों पर अपना हुनर दिखाएंगे। भारतीय ओलंपिक संघ ने जनवरी माह में होने वाले राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों की मेजबानी उत्तराखंड को देने की मंजूरी दे दी है। देहरादून में पर्यटन विभाग विंटर गेम्स एसोसिएशन, गढ़वाल मंडल विकास निगम और भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन की बैठक में औली में शीतकालीन खेलों को लेकर चर्चा की गई। विंटर गेम्स एसोसिएशन के सचिव अजय भट्ट ने बताया कि पर्यटन विभाग और विंटर गेम्स एसोसिएशन के सहयोग से औली में राष्ट्रीय शीतकालीन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

29 जनवरी से दो फरवरी तक औली में सीनियर राष्ट्रीय स्कीइंग प्रतियोगिताएं होंगी। विंटर गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्षमणी व्यास, संरक्षक लक्ष्मण मेहता, विकेश डिमरी, पर्यटन अधिकारी चमोली बृजेश पांडे, किशोर डिमरी, ओलंपिक एसोसिएशन के शिवा केशवन बैठक में वर्चुअली जुड़े।

इंतजार खत्म...अब क्रूज बोट में बैठकर करें खूबसूरत वादियों का दीदार, झील में सैलानी बिता सकेंगे रात

टिहरी , एजेंसी। पर्यटन विभाग के सहयोग से पीपीपी मोड पर एक निजी कंपनी ने लगभग आठ करोड़ की लागत से क्रूज तैयार किया है। इसमें पर्यटकों के रुकने के लिए 12 कमरे, रेस्टोरेंट, शौचालय आदि सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

उत्तराखंड के टिहरी बांध की झील में साहसिक खेलों के शौकीनों के लिए अब नया लुत्फ उठाने का मौका भी मिलेगा। फ्लोटिंग हट्स के बाद अब झील में क्रूज बोट में भी सैलानी रात बिताकर पर्यटन गतिविधियों का आनंद उठा सकते हैं। झील में 12 कमरों के क्रूज बोट का पीपीपी मोड पर संचालन शुरू हो गया है। क्रूज बोट का संचालन कोटीकॉलोनी से डोबरा-चांठी पुल तक किया जा रहा है। टिहरी बांध की झील में तीन साल से कूज बोट निर्माणाधीन था। पर्यटन विभाग के सहयोग से पीपीपी मोड पर एक निजी कंपनी ने लगभग आठ करोड़ की लागत से क्रूज तैयार किया है। इसमें पर्यटकों के रुकने के लिए 12 कमरे, रेस्टोरेंट, शौचालय आदि सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। क्रूज की छत पर पर्वतीय क्षेत्र के घरों में लगे पठाल की प्रतिकृति की तरह बनाया गया है।

टिहरी झील में वर्ष 2014-15 में बोटिंग सेवा शुरू हुई थी। वर्तमान में कोटीकॉलोनी बोटिंग प्वाइंट से पैरासेलिंग, बनाना राइडिंग, स्पीड बोट, जेट स्की, जॉर्बिंग, वाटर रोलर, वाटर स्कूटर समेत 100 से अधिक बोट संचालित की जा रही हैं। इसके अलावा डोबरा-चांठी और पीपलडाली में एक-एक नई बोट प्वाइंट जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

नया नियम, चुनाव खर्च का ब्योरा न देने वाले प्रत्याशियों पर लगेगा तीन साल का प्रतिबंध

देहरादून, एजेंसी। हर उम्मीदवार की ओर से जमा चुनावी खर्च के लेखों का निरीक्षण करने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ये देखेंगे कि सभी दस्तावेज सही हैं या नहीं।

निकाय चुनाव में इस बार राज्य निर्वाचन आयोग ने खर्च की सीमा बढ़ाने के साथ ही कड़े नियम भी लागू कर दिए हैं। सभासद सदस्य हो या नगर निगम मेयर प्रत्याशी, चुनावी खर्च का ब्योरा प्रमाण के साथ न देने पर आयोग तीन साल का प्रतिबंध लगा देगा। इसके बाद वह कोई भी चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने अधिकतम निर्वाचन व्यय और उसकी लेखा परीक्षक आदेश 2024 जारी किया है। इसमें स्पष्ट प्रावधान किया गया है कि हर उम्मीदवार की ओर से जमा चुनावी खर्च के लेखों का निरीक्षण करने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ये देखेंगे कि सभी दस्तावेज सही हैं या नहीं।

अगर नहीं तो उसकी जानकारी

राज्य निर्वाचन आयोग को भेजनी होगी। जिसकी कॉपी नोटिस बोर्ड पर चस्पा भी करनी होगी। आयोग ऐसे उम्मीदवारों को कारण बताओ नोटिस जारी करके 20 दिन के भीतर जवाब मांगेगा। इसके बाद भी खर्च का सही ब्योरा न दिया तो आयोग उस प्रत्याशी के चुनाव लड़ने पर तीन साल का प्रतिबंध लगा देगा। आयोग ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि जो भी प्रत्याशी नगर निगम, पालिका या नगर पंचायत के किसी भी पद पर चुनाव लड़ेगा, उसे चुनाव नतीजे आने के 30 दिन के भीतर जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष खर्च का पूरा ब्योरा पेश करना होगा। ब्योरे की सत्यापित प्रति शपथ पत्र के साथ देनी होगी।

रिटर्निंग अफसर की ये जिम्मेदारी होगी कि वे प्रत्याशी या राजनीतिक दलों की बैठक, सभा की अनुमति देंगे। वह चुनाव के दौरान कम से कम तीन बार बुलाकर प्रत्याशी के खर्च का मिलान करेंगे। अगर प्रत्याशी ब्यौरे का निरीक्षण नहीं कराएगा तो उसे कारण बताओ नोटिस जारी होगा। फिर भी न आया तो उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा-177 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

दिसंबर में हो सकते हैं निकाय चुनाव, शहरी विकास विभाग और राज्य निर्वाचन आयोग ने की अपनी तैयारी तेज

देहरादून, एजेंसी। नगर निकाय चुनावों के लिए कुछ प्रक्रियाएं अभी बाकी हैं। जिस वजह से देरी हो रही है। प्रदेश में नगर निकायों के चुनाव दिसंबर माह में हो सकते हैं। इस हिसाब से शहरी विकास विभाग और राज्य निर्वाचन आयोग ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इस सप्ताह ओबीसी आरक्षण संबंधी अध्यादेश को राजभवन से मंजूरी भी मिल सकती है। दरअसल, नगर निकाय चुनावों के लिए कुछ प्रक्रियाएं अभी बाकी हैं। इनमें पहली है अध्यादेश पर फैसला। शासन ने ओबीसी आरक्षण लागू करने संबंधी अध्यादेश राजभवन को भेजा है, जिस पर इस सप्ताह राजभवन मंजूरी दे सकता है। अध्यादेश को मंजूरी मिलने के बाद ओबीसी आरक्षण की नियमावली पर निर्णय होगा। मुख्यमंत्री को इस पर अनुमोदन देना है। नियमावली आने के बाद आरक्षण लागू करने की प्रक्रिया जिलाधिकारियों के स्तर से होगी। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग अधिसूचना जारी करेगा। बताया जा रहा है कि 15 दिसंबर के आसपास अधिसूचना जारी हो सकती है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में चुनाव कराने की योजना पर काम चल रहा है।

हल्द्वानी में 20 साल की नौकरी के बाद लैब तकनीशियनों के सामने पिथौरागढ़ या हरिद्वार का विकल्प

हल्द्वानी, एजेंसी। 105 पदों पर नियमित लैब तकनीशियनों की नियुक्ति के बाद मेडिकल कॉलेज की लैबों में वर्षों से कार्यरत उपनल कर्मचारी अपने भविष्य को लेकर आशंकित हैं। हालांकि चिकित्सा विभाग की ओर से मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्स और उपनल कर्मचारियों को पिथौरागढ़ और हरिद्वार जाने का विकल्प दिया गया है। हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में सभी स्थायी लैब तकनीशियनों ने ज्वाइन कर लिया है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज और संबद्ध चिकित्सालयों में तकनीशियन संवर्ग के अंतर्गत नियमित लैब तकनीशियनों ने ज्वाइनिंग शुरू कर दी है। इसी क्रम में शासन से मिले निर्देशों के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से उपनल के माध्यम से कार्यरत लैब कर्मचारियों से राजकीय मेडिकल कॉलेज पिथौरागढ़ और राजकीय मेडिकल कॉलेज हरिद्वार के लिए विकल्प मांगा गया है। कहा गया है कि 29 नवंबर तक पहले या दूसरे विकल्प के साथ हस्ताक्षरित लिखित पत्र के माध्यम से प्राचार्य, कार्यालय में सहमति पत्र दें। हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में 30 नवंबर तक ही उनकी सेवाएं मान्य होंगी।

बता दें कि राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में उपनल के 23 अस्थायी लैब कर्मचारी तैनात हैं। सभी कर्मचारी की सेवा को 17 से 20 वर्ष हो चुके हैं। कर्मचारियों का कहना है कि 20 साल की नौकरी के बाद भी उन्हें किसी दूसरे जिले में अस्थायी तौर पर अल्प वेतन पर ही भेजा जा रहा है। महंगाई के दौरान में बाहर जाकर उनके सामने परिवार का गुजारा करने की समस्या है।

नए स्थायी तकनीशियन आ चुके हैं और उनका पहला अधिकार है। हालांकि आउटसोर्स या उपनल कर्मियों को निकाला नहीं जा रहा है बल्कि उन्हें विकल्प दिया जा रहा है। वे जल्द से जल्द विकल्प का चयन कर ज्वाइन कर लें।

शीशमबाड़ा कूड़ा प्लांट में लगेंगी चार ट्रामल, हर महीने 40 हजार टन निस्तारण का दावा

देहरादून, एजेंसी। शीशमबाड़ा कूड़ा प्लांट पर जमा कूड़े के पहाड़ को हटाने के दिशा में बुधवार को पहला कदम बढ़ा दिया गया। जिस कंपनी को टेंडर सौंपा है उसने पोकलेन लगाकर पहले दिन वहां ट्रामल लगाने के लिए जगह बनानी शुरू कर दी। पहले एक ट्रामल लगाई जाएगी और जैसे-जैसे जगह बनती जाएगी उसके बाद एक-एक करके चार ट्रामल लगाई जाएंगी। कूड़ा निस्तारण के दौरान स्मार्ट सिटी पीडब्ल्यूडी की टीम इसकी निगरानी करेगी। जरूरत पड़ी तो आईआईटी रुड़की से इसका टेक्निकल रिपोर्ट भी तैयार कराएगी।

शीशमबाड़ा कूड़ा प्लांट में इस समय 4.2 लाख मीट्रिक टन कूड़े का पहाड़ लिगेसी वेस्ट के रूप में खड़ा है। इसके निस्तारण के लिए नगर निगम ने अभी हाल ही में एक कंपनी को ठेका दिया है। कूड़ा प्लांट के लैंडफिल में इस समय जगह नहीं है।

कंपनी ने नगर निगम के सामने दावा किया है। अभी एक ट्रामल लगाया जा रहा है। उसके बाद बाद जैसे-जैसे प्लांट में जगह बनती जाएगी वहां पर ट्रामल की संख्या बढ़ाई जाएगी। कुल वहां चार ट्रामल लगाएं जाएंगे। नगर निगम के अनुसार कंपनी का दावा है कि हर महीने 40 हजार टन कूड़ा निस्तारित करने का दावा किया गया है। हालांकि बीच में मौसम खराब, मशीन खराब और अन्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है।

20 नवंबर को एनजीटी में शीशमबाड़ा कूड़ा प्लांट को लेकर सुनवाई हुई। एनजीटी ने कड़े शब्दों में नगर निगम से पूछा था कि कूड़ा प्लांट में खड़े इस कूड़े के पहाड़ को कितने दिनों में निस्तारित करा दिया जाएगा। इसके बाद शपथपत्र देकर नगर निगम ने अपनी योजना स्पष्ट किया था। इसके तहत नगर निगम ने 20 महीने के भीतर कूड़ा प्लांट में जमा लिगेसी वेस्ट को निस्तारित करने का दावा किया है।

कूड़ा प्लांट में आईआईटी की रिपोर्ट के अनुसार करीब 4.2 लाख मीट्रिक टन कूड़ा जमा है। इस कूड़े के निस्तारण के 459 रुपये प्रति टन के हिसाब से कंपनी को भुगतान किया जाएगा। इस हिसाब से करीब 20 करोड़ रुपये इस कूड़े के पहाड़ को हटाने के लिए खर्च होंगे। यही नहीं वहां से निकलने वाला आरडीएफ भी कंपनी का ही होगा। सूत्रों की मानें तो कंपनी का आरडीएफ मुजफ्फरनगर के पेपर मिलों के लिए जाएगा।

हंगामेदार रही बार एसोसिएशन की आम सभा, चेंबर आवंटन में पारदर्शिता की मांग

देहरादून, एजेंसी। चेंबर आवंटन को लेकर हुई बार एसोसिएशन की आम सभा बुधवार को हंगामेदार रही। खचाखच भरे विधि भवन में अधिवक्ताओं ने आवंटन प्रक्रिया को पारदर्शी करने की मांग की। करीब चार घंटे चली इस आम सभा को जस्टिस बीसी कांडपाल की निधन की खबर के बाद स्थगित कर दिया गया। अब बृहस्पतिवार को न्यायिक कार्यों से विरत रहकर अधिवक्ता फिर से इस आम सभा का हिस्सा बनेंगे।

जिला न्यायालय परिसर पुरानी जेल परिसर में स्थापित होने के बाद अब अधिवक्ताओं के लिए चेंबर भी वहीं पर बन रहे हैं। पिछले दिनों सरकार से जमीन आवंटित होने के बाद इस पर चेंबर निर्माण की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। पिछले दिनों बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने इसके लिए एक नियमावली भी बनाई थी। इसे लेकर तमाम अधिवक्ताओं की राय ली जानी थी। लिहाजा, बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने बुधवार को आम सभा बुलाई। हजारों की संख्या में अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहकर आम सभा का हिस्सा बने। अधिवक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में अधिवक्ताओं के लिए बैठने का परिसर करीब 64 बीघा में है।

ऐसे में पुरानी जेल परिसर में केवल पांच बीघा जमीन पर किस तरह से अधिवक्ताओं के लिए व्यवस्था की जाएगी। कुछ अधिवक्ताओं ने चेंबर निर्माण के लिए अधिवक्ताओं के अंश की राशि को भी अधिक बताया। प्रत्येक अधिवक्ता से तीन लाख रुपये चेंबर निर्माण को लिए जा रहे हैं। इसके लिए प्रथम किस्त 50 हजार रुपये है। किस्त जमा करने की अंतिम तारीख 26 नवंबर तय की गई है। ऐसे में अधिवक्ताओं ने इस तिथि को बढ़ाने की मांग भी की। साथ ही कहा कि बार कार्यकारिणी इस बात को अपनी राय स्पष्ट करे कि अगली किस्त कब तक दी जानी है। इन सभी बातों को लेकर खासा हंगामा हुआ। सुबह 11 बजे से शुरू हुई आम सभा को साढ़े तीन बजे जस्टिस बीसी कांडपाल के निधन की खबर मिलते ही स्थगित कर दिया गया। अधिवक्ताओं ने दिवंगत आत्मा के लिए दो मिनट का मौन भी रखा। अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ताओं के लिए पुनर्स्थापना की मांग की जानी चाहिए। सरकार से चेंबर निर्माण के लिए धन की मांग करनी चाहिए। हालांकि, अध्यक्ष का भाषण होने से पहले ही सभा को स्थगित कर दिया गया। अब इस पर पूरी बहस और निर्णय बृहस्पतिवार को होने वाली आम सभा में ही लिया जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष राजीव शर्मा बंटू, सचिव राजबीर सिंह बिष्ट, पूर्व अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल, पूर्व अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा उर्फ चीनी, प्रेमचंद शर्मा, शिवा वर्मा, सौरभ दुसेजा, अनिल पंडित, राकेश गुप्ता, रजिया बेग आदि उपस्थित रहे।

रायवाला में बिना पार्किंग संचालित हो रहे वेडिंग प्वाइंट

ऋषिकेश, एजेंसी। रायवाला क्षेत्र में आधा दर्जन वेडिंग प्वाइंट ऐसे हैं जिनमें पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। हालांकि यह सब वेडिंग प्वाइंट ग्रामीण क्षेत्र में हैं। नियम विरुद्ध संचालित वेडिंग प्वाइंट शादी समारोह के दौरान जाम की स्थिति पैदा कर देते हैं। समारोह के दौरान इन वेडिंग प्वाइंटों की पार्किंग व्यवस्था सड़क पर होती है।

नियमानुसार वेडिंग प्वाइंट में पार्किंग की व्यवस्था होना अनिवार्य है। वेडिंग प्वाइंट के संचालक शादी समारोह के आयोजन के लिए पार्टी से मोटा पैसा तो वसूलते हैं लेकिन पार्किंग के नाम पर सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाती है। पार्किंग व्यवस्था न होने के चलते शादी समारोह के दौरान गांव के मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती है जिसके चलते स्थानीय ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

हनुमान चौक से शिव चौक तक अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय पुलिस वेडिंग प्वाइंट संचालकों पर कार्रवाई नहीं करती है। रायवाला थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र चौहान ने बताया कि हरिद्वार देहरादून हाईवे पर बने वेडिंग प्वाइंटों में पार्किंग की व्यवस्था पर्याप्त है। ग्रामीण क्षेत्र के वेडिंग प्वाइंटों के संचालकों को नियमों का पालन करते हुए मार्ग पर वाहनों की पार्किंग न करने को लेकर नोटिस जारी किया जाएगा। इसके अलावा शादी समारोह के दौरान वाहनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी तय करने को कहा जाएगा।

हमने बेटी को पढ़ाया, लेकिन अमित शाह जी क्या आपने बेटी को बचाया? - केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली की चरमराई कानून व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को जमकर घेरा। उन्होंने दिल्ली में हुई बड़ी आपराधिक घटनाओं को नक्शे के जरिए भी दिखाया, जो अमित शाह के घर से चंद किलोमीटर दूरी पर घटित हुई हैं। उन्होंने कहा कि बेटी को पढ़ाने की जिम्मेदारी हमारी थी, हमने बेटी को पढ़ाया, लेकिन बेटी की सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पास थी, उन्होंने बेटी को नहीं बचाया। अमित शाह जी अपने घर से चंद किमी के दायरे में भी सुरक्षा देने में नाकाम रहे हैं। आखिर दिल्ली के लोग सुरक्षा के लिए कहां जाएं? उन्होंने अमित शाह से कहा कि आप मुझे मत रोकिए, आप अपराध को रोकिए। अगर आपने अपना काम सही से किया होता, तो आज दिल्ली के लोग सुरक्षित होते। पिछले 10 साल में मैंने दिल्ली में विकास करने की अपनी जिम्मेदारी निभाई है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी अमित शाह जी की थी और वह अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहे हैं।पिछले तीन महीने में यमुना पार में जितने गैंगवार हुए, उनमें 20 लोगों की जान गई है- केजरीवाल

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह और कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज के साथ पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था की बहुत ज्यादा बुरी हालत होती जा रही है। खासकर पिछले एक-डेढ़ साल से दिल्ली में अपराध बढ़ते जा रहे हैं, कानून व्यवस्था चरमरा गई है। मर्डर बहुत होने लग गए हैं। व्यापारियों को वसूली के कॉल आ रहे हैं, चारों तरफ महिलाओं के साथ ईव टीजिंग, बलात्कार, गैंग रेप और मर्डर के मामले बढ़ते जा रहे हैं। कई सालों के बाद दिल्ली में गैंगवार देखने को मिल रहे हैं, इस किस्म के गैंगवार एक समय में 90 के दशक में मुंबई में देखने को मिलते थे, जब वहां अंडरवर्ल्ड का बोलबाला था। आज उसी तरह से गैंगवार और शूटआउट देखने को मिल रहे हैं। आज लोग यह कह रहे हैं कि दिल्ली न केवल असुरक्षित है, बल्कि दुनिया की सबसे असुरक्षित राजधानी है। 2022 में 501 हत्याएं हुईं, जो पिछले कुछ सालों में सबसे ज्यादा मर्डर हैं। लगभग पिछले तीन महीने में यमुना पार में जितने गैंगवार हुए हैं उनमें 20 लोगों की जानें गई हैं। इसलिए हालात बहुत ज्यादा खराब हो गए हैं। लोग चारों तरफ डर और दहशत की जिंदगी जी रहे हैं।

अमित शाह जी दिल्ली की कानून व्यवस्था को ठीक करने में पूरी तरह से फेल रहे हैं- केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज से 10 साल पहले दिल्ली के लोगों ने मुझे एक जिम्मेदारी दी थी। लोगों ने कहा था कि केजरीवाल जी, आप हमारे स्कूल ठीक करो। मैंने स्कूल ठीक कर दिए। लोगों ने कहा कि आप हमारी बिजली ठीक करो। मैंने बिजली ठीक कर दी। आपने कहा था कि केजरीवाल जी, आप हमारे अस्पताल और स्वास्थ्य सेवाएं ठीक करो। मैंने वो ठीक कर दीं। आपने कहा था कि केजरीवाल जी, आप हमारा पानी ठीक करो। पानी में कई चीजें ठीक कीं और कई चीजें चल रही हैं। लेकिन स्थिति सुधार की तरफ बढ़ रही है। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली के लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्र सरकार को दी थी और केंद्र सरकार में यह सारी जिम्मेदारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के ऊपर जाती है। अमित शाह जी की जिम्मेदारी है कि वो दिल्ली को सुरक्षित रखें। अमित शाह जी की जिम्मेदारी है कि दिल्ली में कानून व्यवस्था को बनाए रखें। लेकिन आज मुझे बेहद अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि अमित शाह जी पूरी तरह से पिछले दस साल में दिल्ली की कानून व्यवस्था बनाने में फेल हो गए हैं। आज स्थिति बेहद भयावह है। लोग कह रहे हैं कि दिल्ली दुनिया की रेप कैपिटल बन गई है। कोई कह रहा है गैंगस्टर्स कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड है। कोई कह रहा है कि यह सबसे खतरनाक कैपिटल है। ये सुनकर अच्छा नहीं लगता। यह बात केवल दिल्ली की इमेज की नहीं है।

अमित शाह जी अपना काम ठीक से कर लेते तो उन्हें मुझे रोकने की जरूरत नहीं पड़ती- केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने बताया कि यह बात लोगों की सुरक्षा से जुड़ी है। आज सबसे ज्यादा दो तबकों के लोग खास तौर से महिलाएं और बिजनेसमैन डरे हुए हैं। बुधवार को मैं नांगलोई गया। नांगलोई में कुछ दिन पहले रोशन लाल नाम के एक व्यक्ति जो दुकान चलाते हैं, उन्होंने सुबह 8 बजे दुकान खोली। 9:15 बजे मोटर साइकिल पर सवार दो लोग उनकी दुकान पर आए, उन्होंने गोलियां चलाईं और भाग गए। बुधवार को मैं केवल उनसे मिलने के लिए गया था। और भाजपा के कार्यकताओं ने मुझे उनकी दुकान तक नहीं जाने दिया। रास्ते में रोक लिया। मुझे रास्ते से वापस आना पड़ा। रोशन लाल जी ने अपने बेटे को मेरे पास भेजा और गाड़ी में बैठे-बैठे मैंने उनके बेटे से मुलाकात की। मुझे रोकने से क्या होगा? मैं अमित शाह से कहना चाहता हूं कि वो केजरीवाल को रोकने के बजाय क्राइम को रोकें। अपराध को रोकें। ये उनकी जिम्मेदारी है। केजरीवाल को रोकना उनकी जिम्मेदारी नहीं है। अगर आज अमित शाह अपना काम ठीक से कर लेते तो उन्हें केजरीवाल को रोकने की जरूरत नहीं पड़ती। और केजरीवाल को नांगलोई जाने की जरूरत नहीं पड़ती। क्या छिपाने की कोशिश की जा रही है? पिछले एक साल में रिकॉर्ड 160 उगाही की कॉल आई हैं- केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैंने कई बिजनेसमैन से बात की। अब ये ट्रेंड बन गया है। पिछले एक साल में रिकॉर्ड 160 उगाही की कॉल आई हैं। जब किसी के पास ऐसी कॉल आती है तो उसे धमकाया जाता है कि इतने पैसे दे दो, वरना तुम्हारे घर के इस आदमी को मार देंगे या किडनैप कर लेंगे और अगर पुलिस को बताया तो देख लेना। 70 से 80 फीसद लोग तो इसे पुलिस में रिपोर्ट ही नहीं करते हैं, वो डर के मारे पुलिस को बताते ही नहीं हैं और पैसे दे देते हैं ताकि वो और उनका परिवार सुरक्षित रहे। ऐसी 160 कॉल की घटनाएं तो पुलिस रिकॉर्ड में हैं, लेकिन पता नहीं कितनी कॉल ऐसी हैं जो लोगों को आ रही हैं और वो बता नहीं रहे हैं।

अमित शाह जी अपने घर के चंद किमी के दायरे को सुरक्षित नहीं रख पा रहे हैं, तो देश कैसे चलाएंगे?- केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने आगे बताया कि अचानक से एक व्यापारी को विदेश के नंबर से उगाही की कॉल आती है और उसे धमकाया जाता है कि इतने पैसे दे दो वरना तुम्हें यह कर देंगे। अगर वो व्यापारी उनकी बात नहीं मानता तो दिखाने के लिए वह असुरक्षित है, थोड़े दिन बाद उसकी दुकान पर शूटआउट करने के लिए मोटरसाइकिल से दो लोगों को भेज दिया जाता है ताकि वह डर के मारे पैसे दे दे। यह इतनी आम बात हो गई है कि आज बिजनेसमैन दिल्ली छोड़-छोड़ कर आस-पास के राज्यों में जा रहे हैं। दिल्ली में बिजनेस करना एक बहुत बड़ा गुनाह बनता जा रहा है। महिलाएं असुरक्षित हैं। महिलाएं और यहां तक कि छोटी-छोटी बच्चियां असुरक्षित हैं। छोटी बच्चियों की किडनैपिंग करके उनका रेप और मर्डर कर दिया जाता है। ईव टीजिंग की घटनाएं बढ़ गई हैं। मेट्रो और बसों में महिलाओं का सफर करना दूभर होता जा रहा है। यह सारी घटनाएं अमित शाह जी के घर के चंद किलोमीटर के अंदर घट रही हैं। अमित शाह, जोकि देश के गृह मंत्री हैं और दिल्ली सीधे-सीधे उनके अधीन आती है, दिल्ली की कानून व्यवस्था उन्हें दुरुस्त करनी है। वह अपने घर के 30 किलोमीटर के दायरे को सुरक्षित नहीं रख पा रहे हैं, तो फिर वो कैसे देश चलाएंगे और देश में कानून व्यवस्था को लागू करेंगे?

बढ़ते प्रदूषण व ट्रैफिक से स्कूलों में दाखिले की दूरी कम करें सरकार : पंचायत संघ

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पंचायत संघ ने पब्लिक स्कूलों में नर्सरी दाखिले को लेकर दिल्ली सरकार से मांग की कि गांवों के बच्चों को गांवों की जमीन पर बने पब्लिक स्कूलों में सो फीसद आरक्षण के साथ दाखिला मिले। और जिस कॉलोनी व सेक्टर के अंदर स्कूल है उनके सभी बच्चों को दाखिला मिलना चाहिए। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की जिन पब्लिक स्कूलों ने स्कूल से लेकर 12 किलोमीटर दूरी तक दाखिले की प्रक्रिया में शामिल किया है। दिल्ली सरकार व शिक्षा विभाग इस दूरी को तुरंत कम करें। और स्कूल से 3 किलोमीटर और उसके बाद 5 किलोमीटर तक की दूरी तक ही दाखिले को प्राथमिकता होनी चाहिए। दिल्ली के बिगड़ते हालात बढ़ता जाम और प्रदूषण से सरकार व शिक्षा विभाग को छोटे मासूम बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। सभी छोटे बच्चों के दाखिले 0 से 3 किलोमीटर की परिधि में होने चाहिए। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की दिल्ली की वर्तमान सरकार जहां शिक्षा मॉडल की बात करती है। वहीं पिछले 10वर्षों में छोटे मासूम बच्चो को उनके घर के नजदीक जिसमें स्कूल से तीन किलोमीटर की दूरी तक दाखिले की व्यवस्था नहीं करा पाई ओर उनके खेलने के लिए मैदान उपलब्ध कराने में नाकाम रही है। बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। सरकार को तुरंत इस पर एक्शन लेना चाहिए। दिल्ली देहात गांव गरीब ग्रामीण किसानों के बच्चें उनकी ही जमीन पर बने पब्लिक व सरकारी स्कूलों में पढ़ने से वंचित रह जाते हैं। दिल्ली सरकार इनके बच्चों का नजदीक व इनकी भूमि पर बने स्कूलों में सो फीसद दाखिले को लेकर तुरंत इस सत्र से नियम लागू करें।

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भः निविदा सूचना संख्या 63/2024–2025 दिनांक 16.10.2024. क्र.सं. 08

निविदा संख्या 77245433A खुलने की तिथि 29.11.2024

उपरोक्त संदर्भित निविदा में, निविदा खोलने की तिथि 29.11.2024 से बढ़ाकर 12.12.2024 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है। दिनांकः 27.11.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3656/24

संक्षिप्त खबरें

कुख्यात हाशिम बाबा गैंग का शार्प शूटर दिल्ली से गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली की क्राइम ब्रांच ने एक बार फिर अपनी प्रभावी कार्रवाई से शहर के अपराध जगत में खलबली मचा दी है। पुलिस ने कुख्यात हाशिम बाबा गैंग के शूटर जुनैद उर्फ जुन्नू को वेलकम मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी एक हत्या के प्रयास के मामले में लंबित वारंट के फलस्वरूप हुई है। गोली चलाने के मामले में वांटेड था आरोपीः गिरफ्तार आरोपी जुनैद को ज्योति नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले अनिल पर गोली चलाने के मामले में वांटेड था। विवेचना के दौरान पता चला कि अनिल और गौरव के बीच एक आर्थिक विवाद चल रहा था। गौरव ने अपने पैसे वसूलने के लिए जुनैद से संपर्क किया, जिसने हाशिम बाबा गैंग के सदस्यों अनस और फुरकान को बुलाया ताकि अनिल पर प्रभाव डाला जा सके। 30 अगस्त 2024 की रात, जब अनिल घर जा रहा था, तब जुनेद और उसके साथियों ने मिलकर अनिल पर गोली चला दी, जिससे अनिल के पैर में गोली लगी। इस हत्या के प्रयास का मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने गौरव, अनस और फुरकान को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन जुनैद फरार हो गया था। बार-बार ठिकाना बदल रहा था आरोपीः जुनैद की गिरफ्तारी के लिए इंस्पेक्टर सुनील कुंडू के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। आरोपित ने गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपना ठिकाना बदला और सूरत, जयपुर और झज्जर में छिपता रहा। गुप्त सूचना और तकनीकी निगरानी के माध्यम से पुलिस ने उसे दिल्ली के वेलकम मेट्रो स्टेशन से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि वह कर्दम पुरी का निवासी है और अनपढ़ है। वह कर्दम पुरी में एक कसाई की दुकान चलाता है। उसने बताया कि वह फुरकान और अनस के संपर्क में आया था, जिसने उसे अपराध की दुनिया में धकेल दिया।

गांव देहात के सभी बच्चों को उनकी भूमि पर बने स्कूलों में मिले दाखिला:थान सिंह यादव

● बढ़ते प्रदूषण व ट्रैफिक से स्कूलों में दाखिले की दूरी कम करें सरकार। पंचायत संघ

नई दिल्ली।

दिल्ली पंचायत संघ ने पब्लिक स्कूलों में नर्सरी दाखिले को लेकर दिल्ली सरकार से मांग की कि गांवों के बच्चों को गांवों की जमीन पर बने पब्लिक स्कूलों में सो फीसद आरक्षण के साथ दाखिला मिले। और जिस कॉलोनी व सेक्टर के अंदर स्कूल है उनके सभी बच्चों को दाखिला मिलना चाहिए।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की जिन पब्लिक स्कूलों ने स्कूल से लेकर 12 किलोमीटर दूरी तक दाखिले की प्रक्रिया में शामिल किया है। दिल्ली सरकार व शिक्षा विभाग इस दूरी को तुरंत कम करें। और स्कूल से 3 किलोमीटर और उसके बाद 5 किलोमीटर तक की दूरी तक ही दाखिले को प्राथमिकता होनी चाहिए। दिल्ली के बिगड़ते हालात बढ़ता जाम और प्रदूषण से सरकार व शिक्षा विभाग को छोटे मासूम बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। सभी छोटे बच्चों के दाखिले 0 से 3 किलोमीटर की परिधि में होने चाहिए।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की दिल्ली की वर्तमान सरकार जहां शिक्षा मॉडल की बात करती है। वहीं पिछले 10वर्षों में छोटे मासूम बच्चो को उनके घर के नजदीक जिसमें स्कूल से तीन किलोमीटर की दूरी तक दाखिले की व्यवस्था नहीं करा पाई ओर उनके खेलने के लिए मैदान उपलब्ध कराने में नाकाम रही है। बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। सरकार को तुरंत इस पर एक्शन लेना चाहिए। दिल्ली देहात गांव गरीब ग्रामीण किसानों के बच्चें उनकी ही जमीन पर बने पब्लिक व सरकारी स्कूलों में पढ़ने से वंचित रह जाते हैं। दिल्ली सरकार इनके बच्चों का नजदीक व इनकी भूमि पर बने स्कूलों में सो फीसद दाखिले को लेकर तुरंत इस सत्र से नियम लागू करें।

उप महापौर रविंद्र भारद्वाज ने किया सिविल लाइन जोन का दौरा

नई दिल्ली। सफाई के प्रति गम्भीरता दिखाते हुए गुरुवार को दिल्ली नगर निगम के उपमहापौर रविन्द्र भारद्वाज ने सिविल लाईन जोन के अंतर्गत विभिन्न वार्डो का मैराथन दौरा किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कूड़ा-कचरा एकत्रित बिदुओं की पहचान करके उन्हें हमेशा के लिए समाप्त करना था। इस दौरे में उपमहापौर के साथ विधायक पवन शर्मा व क्षेत्रीय निगम पार्षद जिसमे वार्ड नं. 07 से पार्षद मुनेश देवी, वार्ड नं. 09 से पार्षद रूबी, वार्ड नं. 10 से पार्षद श्री गगन चौधरी, वार्ड नं. 11 से पार्षद प्रोमिला गुप्ता, वार्ड नं. 14 से पार्षद नेहा अग्रवाल के अलावा जोनल उपायुक्त राकेश कुमार, सहायक आयुक्त एवं सभी सम्बन्धित विभाग प्रमुख भी उपस्थित रहे और सिविल लाईन जोन के अंतर्गत विभिन्न रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन्स के पदाधिकारी एवं काफी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। दौरे के दौरान उपमहापौर श्री भारद्वाज ने सिविल लाईन जोन के विभिन्न वार्डों के अंदर कूड़ा-कचरा एकत्रित बिंदुओं) को देखा और उन्हें तुरंत प्रभाव से हटाने के निर्देश जोनल उपायुक्त व सम्बन्धित अधिकारियों को दिए और सफाई के प्रति पूरी तरह से मुस्तैद रहने के भी निर्देश दिए। दौरे के समय सिविल लाईन जोन के अंतर्गत विभिन्न रेजीडेंट वैलफेयर एसोसिएशन्स के पदाधिकारी एवं स्थानीय निवासियों ने भी उपमहापौर महोदय को अपने क्षेत्र में निगम से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया जिसके लिए उन्होंने मौके पर ही उपस्थित निगम अधिकारियों से उन समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिये। इस दौरे की जानकारी देते हुए उपमहापौर श्री रविन्द्र भारद्वाज ने दोहराया कि दिल्ली में सफाई व्यवस्था कायम करना आम आदमी पार्टी के सकल्प पत्र में प्रमुखता से लिया गया है और पार्टी प्रमुख श्री अरविन्द केजरीवाल जी के मार्गदर्शन में इसके लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे है जिससे दिल्ली साफ-सुथरी हो सके और दिल्ली के निवासियों को स्वास्थ्यवर्धक पर्यावरण उपलब्ध हो सके।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा (ई–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण ।

1.	कार्य का नाम	सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/दिल्ली/लाइन व वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/दिल्ली/स्टेशन के अनुभाग में और सहायक मंडल अभियंता/नई दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/नई दिल्ली/लाइन, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/आनंद विहार/स्टेशन व वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/नई दिल्ली/स्टेशन के अनुभाग में एक वर्ष के लिए सर्विस स्टेशन भवन को रहने योग्य स्थिति प्रदान करने के लिए रखरखाव गतिविधियों की आउटसोर्सिंग।
2.	कार्य की अनुमानित लागत (रूपये)	Rs. 3,97,47,348.3/– (तीन करोड़ सत्तानवे लाख सैंतालीस हजार तीन सौ अड़तालीस रुपये और तीन पैसे मात्र ।)
3.	बयाना राशि (रूपये)	Rs. 3,48,700.00 (तीन लाख अड़तालीस हजार सात सौ रुपये मात्र)
4.	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये)	Rs. 0.00
5.	निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय	17.12.2024 को 15.00 तक।
6.	वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध।

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जाएगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128-W/280/ई–निविदा सूचना/GEM/2024/B/5587260/37/2024-25/W-3 दिनांक: 26.11.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3667/24

कैग की 12 रिपोर्ट्स को विधानसभा में प्रस्तुत करने के लिए उपराज्यपाल सरकार को निर्देश दें: विजेंद्र गुप्ता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष औ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली सरकार द्वारा पिछले कई सालों से वित्त मंत्री के पास लंबित पड़ी कैग की 12 रिपोर्ट्स को कल से शुरू हो रहे विधानसभा के सत्र में प्रस्तुत करने के लिए उपराज्यपाल से मांग की है। इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने आज उपराज्यपाल से भेंट की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस प्रतिनिधि मंडल में भाजपा विधायक अजय महावर, जितेंद्र महाजन एवं अनिल वाजपेई भी शामिल थे। उपराज्यपाल से भेंट करने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि उन्होंने उपराज्यपाल को दिए गए ज्ञापन में उनसे आग्रह किया है कि वह अपने विशेष अधिकार का प्रयोग कर दिल्ली सरकार को निर्देश दें कि वह 2017-18 से लेकर 2021-22 तक की लंबित कैग की रिपोर्ट्स को विधानसभा के आगामी सत्र में प्रस्तुत करें, क्योंकि आआपा सरकार के कार्यकाल का यह आखिरी सत्र होगा। गुप्ता ने कहा कि हमने उपराज्यपाल से कहा है कि विपक्ष के बार-बार सरकार से मांग करने के बावजूद सरकार ने इस संबंध में कोई संज्ञान नहीं लिया और रिपोर्ट्स को अभी तक सदन में प्रस्तुत नहीं किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि संविधान के नियम 151(2) और जीएनसीटीडी के नियम 48 के अंतर्गत दिल्ली सरकार कैग की इन रिपोर्ट्स को सदन में प्रस्तुत करने के लिए बाध्य है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस संबंध में उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को 20 सितंबर को पत्र लिखकर उन्हें कैग रिपोर्ट्स को सदन में रखवाने के लिए सरकार को आवश्यक दिशा निर्देश देने की मांग की थी। सरकार ने 26 सितंबर से शुरू हुए मानसून सत्र में कैग की किसी भी रिपोर्ट को प्रस्तुत नहीं किया। विधानसभा में विपक्ष द्वारा चर्चा का नोटिस देने के बाद भी इस विषय में चर्चा करने की मांग को स्वीकार नहीं किया गया। 24 सितंबर को मुख्य सचिव को भी पत्र भेजकर इस संबंध में सूचित कर दिया गया था। 25 सितंबर को विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर विपक्षी विधायकों ने एक बार फिर से चर्चा को सत्र में शामिल करने का आग्रह किया लेकिन विपक्ष की आवाज को अनसुना कर दिया गया। 26 सितंबर को सत्र के दौरान जब विपक्षी विधायकों ने स्पीकर से कैग की रिपोर्ट्स को सदन के पटल पर रखने और इस पर चर्चा करने की मांग की तो आप पार्टी के विधायकों ने शोर मचाकर उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की।

आईपी यूनिवर्सिटी ने झरौदा कलाँ गाँव में किया डेंटल कैम्प का आयोजन

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी ने झरौदा कलाँ गाँव में आज एक डेंटल कैम्प का आयोजन किया। इस कैम्प का आयोजन ईएसआईसी डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया। इस कैम्प में ग्रामीणों के दाँतों की जाँच के साथ मुफ़्त दवाएँ दी गयीं। बारह बुजुर्ग ग्रामीणों के सारे दाँत नए लगाए गएँ। यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो.(डॉक्टर) महेश वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि यूनिवर्सिटी के कुछ सामाजिक सरोकार भी हैं। हम उनका निर्वहन कर रहे हैं। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. कमल पाठक, मेडिकल ऑफि सर डॉ. ताराचंद, ईएसआईसी डेंटल कॉलेज के कई डॉक्टर मौजूद थे। झरौदा कलाँ गाँव के प्रधान महेश डागर, उप-प्रधान रमेश डागर, सचिव अशोक डागर समेत सैकड़ों गाँव वालों ने इस डेंटल कैम्प का फायदा उठाया। यूनिवर्सिटी के सेंटर फौर आउट्रीच एंड इक्स्टेन्शन ऐक्टिविटीज की परियोजना निदेशक डॉ. वंदना सिंह के अनुसार सरकार द्वारा चलाए जा रहे ह्यदिल्ली ग्रामोदय अभियानह्न के तहत ह्य रीचिंग द अनरीच्डह्न प्रोग्राम चलाया जा रहा है। यह कैम्प उसी कड़ी में आयोजित किया गया।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है।

कार्य का नाम	कमिंस के सी–चेक और डी–चेक शेड्यूल सी एंड डी चेक के लिए सी चेक और सशर्त सामग्री के अनिवार्य के साथ अन्य संबंधित गतिविधियों के साथ उच्च क्षमता पावर कारों के 500 केवीए डीजल इंजन बनाते हैं।		
निविदा प्रकार	खुला	बोली प्रणाली	एकल पैकेट प्रणाली
निविदा विक्रय समापन तिथि	18.12.2024 प्रातः 11:30 बजे	निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय	25.11.2024
पूर्व–बोली आवश्यक है	नहीं	आज तक प्री–बिड क्वेरी	ना
विज्ञापन मूल्य	₹7,92,44,582.36 सभी कर जीएसटी आदि सहित	निविदा अनुभाग	टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप
अग्रिम धन	₹5,46,200/-	ऑफर की वैधता	60 दिन
निविदा दस्तावेज लागत	NIL (अप्रैल 2022 के भाग-I खण्ड संख्या 3 के अनुसार)	समापन की अवधि	24 माह
बोली आरंभ तिथि	04.12.2024	बोली समाप्ति तिथि	18.12.2024 प्रातः 11:30 बजे
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है।		
वेबसाइट	www.ireps.gov.in पर जाएं		

सं.: 56/डब्ल्यू/इलेक्ट्रिक/24–25/टी/12/आरटी/सी–चेक और डी–चेक 3650/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

बांग्लादेश के साथ भारत सरकार तुरंत बंद करे व्यापार : गोयल

नई दिल्ली। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ लगातार हो रहे अत्याचार और वहां की सरकार द्वारा हिंदुओं को संरक्षण नहीं देने के कारण भारत सरकार को बांग्लादेश के साथ व्यापार अविलंब बंद कर देना चाहिए। वरिष्ठ भाजपा नेता, यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने उपरोकत मांग उठाते हुए कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच करीब 1.20 लाख करोड़ का व्यापार होता हैद्य भारत बांग्लादेश के होने वाले कुल निर्यात का 12 प्रतिशत हिसा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश सरकार तानाशाही की ओर बढ़ रही है, वहां लोकतंत्र समाप्त हो चुका है। अन्य इस्लामिक देशों की तरह बांग्लादेश में भी अल्पसंख्याक विशेष कर हिंदू पूरी तरह असुरक्षित हैं। ऐसे में विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत को ऐसे किसी देश से व्यापार नहीं करना चाहिए जहां मानव अधिकारों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। श्री गोयल ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर निरंतर हो रहे हैं हमलो, उनके मंदिरों को जलाए जाने, दुकानें और अन्य व्यापारिक संस्थानों को नष्ट कर दिए जाने की घटनाओं पर संयुक्त राष्ट्र तथा अन्य विकसित देशों की चुप्पी पर चिंता व्यक्त की है। इस्कॉन के स्वामी चिन्मय प्रभु की अवैध गिरफ़्तारी की कटु आलोचना करते हुए श्री गोयल ने कहा कि इस्लामिक चरमपंथियो के दबाव में इस्कॉन पर प्रतिबन्ध लगाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगाद्य इस्कॉन के 150 देशों में फैले 10 लाख से अधिक शिष्य ही नहीं बल्कि दुनिया भर के हिंदू इसके विरुद्ध अपनी कड़ी आवाज उठाएंगे। उन्होंने पुरजोर मांग की कि स्वामी चिन्मय प्रभु को तुरंत रिहा किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि डरे हुए और मौत के साए में जी रहे बांग्लादेश के हिंदू भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रहे हैं।

दिल्ली कैबिनेट का बड़ा फैसला- डीएसएफडीसी कर्मचारियों को मिलेगा रुका हुआ वेतन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली कैबिनेट ने आज एक और बड़ा निर्णय लिया है। इसके तहत दिल्ली सरकार कैबिनेट ने एससी/एसटी/ओबीसी/माइनॉरिटी एंड हैंडीकैप फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन के कर्मचारियों के रुके हुए वेतन के लिए 17 करोड़ रुपये जारी करने का निर्णय लिया है। इस बाबत अपने एक्स(ट्विटर) हैंडल से पोस्ट करते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक श्री अरविंद केजरीवाल जी ने कहा कि, ह्लआज हमने डीएसएफडीसी के कर्मचारियों की तनख़्वाह भी शुरू करा दी है। ये कॉरपोरेशन हमारे समाज के एससी/एसटी/ओबीसी माइनॉरिटी और दिव्यांगजनों को सस्ती दरों पर लोन देता है। इन लोगों ने मुझे जेल भेजकर इस कॉपोर्रेशन को भी बंद करने की साज़िश रची थी ताकि गरीबों को मदद ना मिल सके। लेकिन अब मैं आ गया हूँ, सारे रूके हुए काम करवा दूँगा। इस बाबत प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए साझा करते हुए सीएम आतिशी ने कहा कि, ह्लडीएसएफडीसी कर्मचारियों का वेतन जारी करने के लिए दिल्ली कैबिनेट ने 17 करोड़ रुपये के ग्रांट इन ऐड जारी करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि, अरविंद केजरीवाल जी को जेल भेजने के बाद बार-बार डीएसएफडीसी कर्मचारियों की तनख्वाह की फाइल पर अड़ंगा लगाया गया। उन्होंने कहा कि, अरविंद केजरीवाल जी से नफरत करते करते दूसरी पार्टी दिल्ली के लोगों से भी इतनी नफरत करने लगी की इस कॉरपोरेशन के 125 से ज्यादा कर्मचारियों की महीनों तक तनख़्वाह रोक दी। लेकिन अब सरकार

दिल्ली कैबिनेट का बड़ा फैसला- दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी दोबारा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली कैबिनेट ने गुरुवार को बड़ा फैसला लेते हुए दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी को दोबारा शुरू करने का निर्णय लिया है साथ ही पॉलिसी को 31 मार्च 2025 तक बढ़ाया भी गया है।

इस बाबत आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक श्री अरविंद केजरीवाल ने अपने एक्स(ट्विटर) हैंडल से पोस्ट करते हुए कहा, ह्लदिल्ली की जनता को बधाई। दिल्ली की इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी फिर से शुरू हो रही है। अब 1 जनवरी 2024 के बाद खरीदे गए ई-वाहनों की सब्सिडी सीधे खरीदारों के खातों में जाएगी। इन लोगों ने साज़िश करके इसे भी रोक दिया था लेकिन हमने ये फिर से शुरू करा दी है

इस बाबत प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए साझा करते हुए सीएम आतिशी ने कहा कि, जब दूसरी पार्टी अपने राज्यों में ऐसी पॉलिसी नहीं ला पाई तो अरविंद केजरीवाल जी को जेल भेजकर महीनों तक दिल्ली में इस पॉलिसी को रोका गया। दिल्लीवालों के खिलाफ इस षड्यंत्र के कारण ईवी खरीददारों को सब्सिडी नहीं मिली, रोड टैक्स पर छूट नहीं मिली। उन्होंने कहा कि, अब अरविंद केजरीवाल जी के मार्गदर्शन में इस पॉलिसी को दोबारा शुरू कर दिया गया है। और 1 जनवरी 2024 के बाद दिल्ली में जितनी इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री हुई, उसकी सब्सिडी खरीददारों के खातों में भेजी जाएगी। साथ ही इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों को रोड टैक्स में छूट मिलेगी।

उन्होंने कहा कि, दूसरी पार्टी अरविंद केजरीवाल जी जैसे काम अपने राज्यों में न कर सकी तो दिल्लीवालों के काम रोकने के लिए षड्यंत्र रचकर उन्हें जेल में डाल दिया। लेकिन अब अरविंद केजरीवाल जी के मार्गदर्शन में दिल्लीवालों के हर रुके काम दोबारा युद्धस्तर पर शुरू हो गए है। सीएम आतिशी ने कहा कि, ह्लपिछले 10 साल से आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में काम करती आई है। चाहे 24 घंटे बिजली देकर, घर घर पानी पहुंचाकर, अच्छे स्कूल-मोहल्ला क्लीनिक देकर, अपने इनोवेटिव पॉलिसी जैसे डोरस्टेप डिलीवरी सर्विसेज, दिल्ली सोलर पॉलिसी, दिल्ली ईवी पॉलिसी के माध्यम से दिल्ली शहर को एक मॉडर्न 21वीं सदी का शहर बनाने के लिए हमारी सरकार लगातार काम करती आई है। उन्होंने कहा कि, दूसरी पार्टियां अपने-अपने राज्यों में न तो आम लोगों की जिंदगी बेहतर बना पाई और न ही कोई इनोवेटिव पॉलिसी लेकर आ पाई। और दिल्ली की सरकार जैसा काम नहीं कर पाई तो इन पार्टियों ने षड्यंत्र रचा की किस तरह से इनके काम रोके जाए। ये अरविंद केजरीवाल जी जैसा काम नहीं कर पाये तो उनके कामों को रोकने का प्रयास किया गया। सीएम आतिशी ने कहा कि, सब दिल्लीवालों ने देखा कि एक राजनीतिक षड्यंत्र रचकर दिल्लीवालों का काम रोकने के लिए अरविंद केजरीवाल जी को गिरफ्तार किया गया। अरविंद केजरीवाल जी जेल में थे तो लगातार दिल्ली के लोगों के काम रोके गए। बुजुर्गों की पेंशन रोकी गई, विधवाओं की पेंशन रोकी गई, रोजमर्रा के सड़क-सीवर के काम रोके गए। दिल्ली सरकार के कई कर्मचारियों को तनख्वाह रोक दी गई। ईवी पॉलिसी बंद हो गई। उन्होंने कहा कि, लेकिन दिल्लीवालों ने ये भी देखा है कि जबसे अरविंद केजरीवाल जी जेल से बाहर आए है, तब से लगातार युद्धस्तर पर दिल्लीवालों के काम हो रहे है। चाहे दिल्ली की सड़के ठीक करना हो, चाहे बुजुर्गों-विधवाओं को पेंशन देने का काम हो, बुजुर्गों के लिए नई पेंशन खोलने का काम हो, चाहे जय भीम योजना को वापिस शुरू करने का काम हो। अरविंद केजरीवाल जी के जेल से बाहर आने के बाद दिल्ली सरकार युद्धस्तर पर काम कर रही है। रुके हुए कामों को फिर से शुरू कर रही है।सीएम आतिशी ने साझा करते हुए कहा कि, इसी दिशा में आज दिल्ली सरकार की कैबिनेट की मीटिंग में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए जो दिल्ली के लोगों के हित में है और दिल्ली के रुके हुए कामों को शुरू करने के लिए है। उन्होंने साझा किया कि, ह्लदिल्ली कैबिनेट ने दिल्ली के इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी को दोबारा शुरू करने का फैसला लिया है। अगस्त 2020 में दिल्ली सरकार के इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी आई। तब दिल्ली पूरे देश में पहला ऐसा राज्य बना जो इतना प्रगतिशील पॉलिसी लेकर आया।

सीएम आतिशी ने कहा कि, इस पॉलिसी का ये नतीजा रहा कि, 2019-20 में जहाँ दिल्ली में कुल वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या 4% से भी कम थी। वही दिल्ली सरकार की इस पॉलिसी के आने के बाद 2023-24 में कुल रजिस्टर्ड होने वाली गाड़ियों में 12% से ज्यादा इलेक्ट्रिक गाड़ियाँ है। जो पूरे देश में सबसे ज्यादा है और राष्ट्रीय औसत 6% से दोगुना है।

उन्होंने कहा कि, अरविंद केजरीवाल जी की ईवी पॉलिसी पूरे देशभर में सराही गई। लेकिन अरविंद केजरीवाल जी को जेल भेजकर इस ईवी पॉलिसी में भी पिछले 10 महीने से अड़ंगा डाला गया। पिछले 10 महीने से जो भी व्यक्ति ईवी खरीद रहा है। उसे न तो सब्सिडी मिल रही है और न ही रोड टैक्स पर छूट मिल रही है। क्योंकि दूसरी पार्टी जो खुद ऐसी पॉलिसी नहीं ला पाई वो अरविंद केजरीवाल जी की इस पॉलिसी को रोकना चाह रही है।

दिल्ली के निजी स्कूलों में नर्सरी में दाखिले की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली के करीब 1,741 निजी स्कूलों में नर्सरी, किंडरगार्टन (केजी) और पहली कक्षा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दाखिले की प्रक्रिया बृहस्पतिवार को शुरू हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग (डीओई) ने 12 नवंबर को जारी एक परिपत्र में कहा कि पंजीकरण फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर है और पहली सामान्य प्रवेश सूची 17 जनवरी 2025 को प्रकाशित की जाएगी। स्कूलों ने दाखिले के लिए मानदंड बुधवार को जारी किए। कई स्कूलों द्वारा जारी किए गए मानदंडों में मुख्य रूप से पड़ोस, स्कूल से दूरी और निकटता, बालिका, एकल बालिका, भाई-बहन और एकल अभिभावक शामिल हैं।

कुछ स्कूलों ने सिख और ईसाई अल्पसंख्यकों, आर्थिक रूप से कमजोर समूहों और दिव्यांग माता-पिता को लेकर भी मानदंड जारी किए। निजी स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे अपनी सीट में से 25 प्रतिशत सीट आर्थिक रूप कमजोर वर्ग/वंचित वर्ग श्रेणियों के छात्रों और दिव्यांग बच्चों के लिए आरक्षित रखें। परिपत्र के अनुसार इन श्रेणियों के लिए अलग-अलग दाखिला सूचियां प्रकाशित की जाएंगी।

शिक्षा विभाग ने प्रवेश के लिए न्यूनतम और अधिकतम आयु सीमा निर्धारित की है जिसके तहत नर्सरी के लिए बच्चों की उम्र 31 मार्च 2025 तक कम से कम तीन वर्ष, केजी के लिए चार वर्ष और पहली कक्षा के लिए पांच वर्ष होनी चाहिए। इसमें कहा गया है कि अधिकतम आयु सीमा नर्सरी के लिए चार, केजी के लिए पांच और पहली कक्षा के लिए छह वर्ष से कम है। परिपत्र में इस बात का भी जिक्र किया गया कि अभिभावक 18 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक प्रवेश संबंधी प्रश्नों के लिए स्कूलों के प्रमुखों से संपर्क कर सकते हैं।

गर्मी के बाद अब सर्दियों में भी रहेगी बिजली की भीषण मांग

● ठंड में सुचारू बिजली आपूर्ति के लिए बीएसईएस की तैयारियां पूरी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

इस बार सर्दियों में दिल्ली में बिजली की पीक डिमांड 6386 मेगावॉट तक पहुंच सकती है। बीआरपीएल इलाके में बिजली की मांग 2682 मेगवॉट और बीवाईपीएल क्षेत्र में 1246 मेगावॉट के आंकड़े को छू सकती है। पिछले साल ठंड के महीनों में राजधानी में बिजली की पीक डिमांड 5816 मेगावॉट पहुंची थी। बीआरपीएल क्षेत्र में बिजली की मांग 2529 मेगावॉट थी, जबकि बीवाईपीएल इलाके में डिमांड 1210 मेगावॉट थी। बीएसईएस ने सर्दियों में अपने लगभग 2 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं (50 लाख से अधिक रजिस्टर्ड ग्राहक) को बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

हरित ऊर्जा का रहेगा अहम रोल पारंपरिक पावर प्लांटों से, लॉन्ग टर्म आधार पर किए गए बिजली खरीद समझौतों के तहत बीएसईएस को पर्याप्त बिजली मिलेगी। बीएसईएस को 2000 मेगावॉट से अधिक ग्रीन पावर यानी हरित बिजली भी उपलब्ध होगी। इसमें 840 मेगावॉट सौर ऊर्जा, 546 मेगावॉट हाइड्रो पावर, 500 मेगावॉट विंड एनर्जी और करीब 40 मेगावॉट कचरे से बनने वाली बिजली भी बीएसईएस को मिलेगी। बीएसईएस क्षेत्र में लगे रूफटॉप सोलर पावर प्लांटों से भी 180 मेगावॉट से अधिक बिजली मिलेगी। गौरतलब है कि इस बार ठंड के महीनों में बीएसईएस अपने उपभोक्ताओं की कुल बिजली जरूरतों का 53 प्रतिशत तक हिस्सा ग्रीन एनर्जी से पूरा करेगी।

अत्याधुनिक तकनीकों की बदौलत बीएसईएस अब बिजली की मांग का लगभग सटीक अनुमान लगा सकती है। इसके लिए, लोड फोरकास्टिंग सिस्टम के अलावा मॉडलिंग तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा है। उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिचित करने में ये तकनीकें काफी मददगार साबित होंगी। लोड फोरकास्टिंग सिस्टम की मदद से बीएसईएस अब तीन स्तरों पर बिजली की डिमांड का करीब-करीब सटीक अनुमान लगा पाने में सक्षम है। कल बिजली की क्या मांग रहने वाली है, इसका पता लगाया जा सकता है। यह भी जाना जा सकता है कि परसों बिजली की क्या डिमांड होगी।

चूंकि दिल्ली में बिजली की डिमांड के उतार-चढ़ाव में मौसम की बड़ी भूमिका होती है, इसलिए बिजली की मांग का अनुमान लगाते वक्त वेदर फोरकास्टिंग तकनीक का भी इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे यह पता चलता है कि कल का मौसम कैसा रहेगा, बारिश होगी या नहीं, तापमान गिरेगा या बढ़ेगा, हवा की गति कैसी रहेगी, आदि। बिजली की मांग का सटीक अनुमान लगाने के लिए बीएसईएस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की भी मदद ले रही है। इन तकनीकों के इस्तेमाल से बिजली की मांग का लगभग सटीक अनुमान लगाकर उपभोक्ताओं को बिजली की सुचारू आपूर्ति करने में मदद मिलेगी। बीएसईएस ने सर्दियों में बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के अलावा, अभी से ही गर्मियों की तैयारियां भी शुरू कर दी है। इसके लिए पावर बैंकिंग मॉड्यूल का उपयोग किया जा रहा है। बीएसईएस सर्दियों में कुछ ठंडे प्रदेशों को बिजली देगी और बदले में, वे ठंडे प्रदेश गर्मियों में बीएसईएस को बिजली वापस करेंगे, जिसका फायदा उपभोक्ताओं को गर्मियों में मिलेगा।

दिल्ली में दिमागी बुखार का एक मामला सामने आया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली में दिमागी बुखार का एक मामला सामने आया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीवीबीडीसी) के दिशानिर्देशों के अनुसार सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय शुरू किए गए हैं, और चिंता की कोई बात नहीं है।

सूत्रों ने बुधवार को दिल्ली नगर निगम द्वारा जारी एक आदेश का हवाला देते हुए कहा कि पश्चिमी दिल्ली के 72 वर्षीय व्यक्ति को सीने में दर्द के बाद तीन नवंबर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया था। सूत्र ने कहा कि रोगी 20 साल से अनियंत्रित मधुमेह समेत विभिन्न रोगों से पीड़ित है और अस्पताल में भर्ती कराए जाने के दौरान रोगी की दिमागी बुखार (जापानी एन्सेफलाइटिस) जांच की गई, जिसके लिए छह नवंबर को उसका रक्त का नमूना लिया गया था। सूत्र ने बताया कि वह आईजीएम एलिसा से संक्रमित पाया गया, जिसके बाद 15 नवंबर को उसे छुट्टी दे दी गई। आईडीएसपी डेटा के अनुसार, 2024 में 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दिमागी बुखार के 1,548 मामले सामने आए, जिनमें अकेले असम से 925 मामले शामिल है।

स्कूटी और बाइक चुराने वाले ऑटो लिफ्टर को दबोचा

● एएटीएस टीम ने चोरी की 3 स्कूटी बाइक बरामद किया

संवाददाता

पश्चिमी जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने एक शातिर ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की स्कूटी और मोटरसाइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार ऑटो लिफ्टर की पहचान भोला के रूप में हुई है। वह बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके का रहने वाला है पहले से कई मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी से कीर्ति नगर, मंडावली और निहाल विहार थाना के तीन मामलों का खुलासा किया गया है। एसीपी ऑपरेशन अरविंद यादव की देखरेख में इंस्पेक्टर मनीष चौधरी, हेड कांस्टेबल संजय कुमार, कांस्टेबल धर्मेंद्र, रोहित कुमार और सचिन कुमार की टीम ने ऑटो लिफ्टिंग की वारदात को सुलझाने के लिए सीसीटीवी फुटेज की मदद से छानबीन शुरू किया था। इस दौरान पुलिस टीम जब चेक करती हुई इलाके में पेट्रोलिंग कर रही थी तो पंजाबी बाग के अशोका पार्क मेट्रो स्टेशन के पास सुबह के समय इस आरोपी को स्कूटी से जाते समय रोका। जब स्कूटी के डॉक्यूमेंट की जांच की गई तो वह स्कूटी कीर्ति नगर इलाके से चोरी की निकली। फिर इसकी निशानदेही पर एक स्कूटी और एक मोटर साइकिल चोरी की बरामद की गई।

उप महापौर रविंद्र भारद्वाज ने किया सिविल लाइन जोन का दौरा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

सफाई के प्रति गम्भीरता दिखाते हुए गुरुवार को दिल्ली नगर निगम के उपमहापौर रविन्द्र भारद्वाज ने सिविल लाईन जोन के अंतर्गत विभिन्न वार्डो का मैराथन दौरा किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कूड़ा-कचरा एकत्रित बिदुओं की पहचान करके उन्हें हमेशा के लिए समाप्त करना था। इस दौरे में उपमहापौर के साथ विधायक पवन शर्मा व क्षेत्रीय निगम पार्षद जिसमे वार्ड नं. 07 से पार्षद मुनेश देवी, वार्ड नं. 09 से पार्षद रूबी, वार्ड नं. 10 से पार्षद श्री गगन चौधरी, वार्ड नं. 11 से पार्षद प्रोमिला गुप्ता, वार्ड नं. 14 से पार्षद नेहा अग्रवाल के अलावा जोनल उपायुक्त राकेश कुमार, सहायक आयुक्त एवं सभी सम्बन्धित विभाग प्रमुख भी उपस्थित रहे और सिविल लाईन जोन के अंतर्गत विभिन्न रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन्स के पदाधिकारी एवं काफी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। दौरे के दौरान उपमहापौर श्री भारद्वाज ने सिविल लाईन जोन के विभिन्न वार्डों के अंदर कूड़ा-कचरा एकत्रित बिंदुओं) को देखा और उन्हें तुरंत प्रभाव से हटाने के निर्देश जोनल उपायुक्त व सम्बन्धित अधिकारियों को दिए और सफाई के प्रति पूरी तरह से मुस्तैद रहने के भी निर्देश दिए। दौरे के समय सिविल लाईन जोन के अंतर्गत विभिन्न रेजीडेंट वैलफेयर एसोसिएशन्स के पदाधिकारी एवं स्थानीय निवासियों ने भी उपमहापौर महोदय को अपने क्षेत्र में निगम से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया जिसके लिए उन्होंने मौके पर ही उपस्थित निगम अधिकारियों से उन समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिये। इस दौरे की जानकारी देते हुए उपमहापौर श्री रविन्द्र भारद्वाज ने दोहराया कि दिल्ली में सफाई व्यवस्था कायम करना आम आदमी पार्टी के सकल्प पत्र में प्रमुखता से लिया गया है और पार्टी प्रमुख श्री अरविन्द केजरीवाल जी के मार्गदर्शन में इसके लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे है जिससे दिल्ली साफ-सुथरी हो सके और दिल्ली के निवासियों को स्वास्थ्यवर्धक पर्यावरण उपलब्ध हो सके।

आयुष्मान भारत योजना लागू करने से संबंधित भाजपा सांसदों की याचिका पर दिल्ली सरकार को नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भाजपा के सात सांसदों की याचिका पर बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार से जवाब मांगा, जिनमें सरकार को राजधानी में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) लागू करने का निर्देश देने की अपील की गई है। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने सांसदों की जनहित याचिका पर दिल्ली सरकार, केंद्र सरकार और उपराज्यपाल को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, नोटिस जारी किया जाए। प्रतिवादियों के वकील ने हलफनामा दायर करने के लिए समय मांगा है और उन्हें समय दिया जाता है। पीठ में न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा भी शामिल हैं। मामले की अगली सुनवाई 11 दिसंबर को होगी। याचिकाकताओं हर्ष मल्होत्रा, रामवीर सिंह विधूड़ी, प्रवीण खंडेलवाल, योगेंद्र चंदोलिया, मनोज तिवारी, कमलजीत सहरावत और बांसुरी स्वराज ने जनहित याचिका में कहा है कि राजधानी के निवासियों को अपनी जेब से भारी स्वास्थ्य और चिकित्सा खर्च उठाना पड़ रहा है और कई लोगों को आपात चिकित्सा स्थिति में उधार लेने या अपनी संपत्ति तक बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा है। याचिकाकताओं ने कहा कि दिल्ली एकमात्र केंद्र शासित प्रदेश है जहां योजना अभी तक लागू नहीं की गई है, लिहाजा वे पांच लाख रुपये की आवश्यक स्वास्थ्य सेवा से वंचित हैं। याचिकाकताओं की ओर से स्वराज अदालत में पेश हुईं। याचिकाकताओं ने कहा कि दिल्ली के निवासियों के कल्याण के हित में राजनीतिक विचारधाराओं के टकराव को दूर रखना चाहिए। उन्होंने एबी-पीएमजेएवाई को लागू करने के लिए दिल्ली सरकार और उसके स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देने की मांग की।

दिल्ली में जापानी इंसेफेलाइटिस का मामला सामने आया, एमसीडी अलर्ट पर

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में जानवरों से इंसानों में फैलने वाली वायरस जनित बीमारी जापानी इंसेफेलाइटिस का एक मामला बिंदापुर में सामने आया है। यह मामला सामने आने के बाद से दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) अलर्ट पर है। इसके साथ ही सभी जिला स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा गया है। जापानी इंसेफेलाइटिस जेई वायरस से होता है और यह जानवरों, पक्षियों और सूअरों से क्यूलेक्स मच्छरों के माध्यम से इंसानों तक पहुंचता है। इससे संक्रमित व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार हो जाता है और इसका दिमाग पर असर होता है। कई मामलों में संक्रमित रोगी की मौत भी हो जाती है। इस बीमारी में मृत्यु तक हो जाने की संभावना अधिक होती है, इसलिए इसे गंभीर रोगों में शामिल किया जाता है।

डगमगा चुकी वित्तीय स्थिति के लिए आप सरकार जिम्मेदार : विजेंद्र गुप्ता

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने दिल्ली सरकार की डगमगा चुकी वित्तीय स्थिति के लिए आम आदमी पार्टी की सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी द्वारा केंद्र सरकार से 10 हजार करोड़ रुपए का ऋण लेने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सरकार के गैर-जिम्मेदाराना रवैये और बिना सोचे समझे मुफ्त की रेवड़ियों की घोषणा को अमली जामा पहनाने की खातिर सरकारी खजाने का दुरुपयोग करने के कारण सरकार का दिवाला निकल चुका है। उन्होंने 29 नवंबर से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में सरकार के इस फैसले के खिलाफ जोरदार आवाज उठाने का निर्णय लिया है। दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में आम आदमी पार्टी की सरकार ने करोड़ों रुपए की ऐसी योजनाओं पर पैसा बहा दिया जिनका एक फीसदी फायदा भी दिल्ली की जनता को नहीं मिल पाया। सरकार ने बिना सोचे समझे शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रोजेक्ट्स पर करोड़ों रुपए बर्बाद कर दिए और इन प्रोजेक्ट्स को पूरा किए बिना ही बीच में छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि हमेशा सरप्लस राजस्व के लिए दूसरे राज्यों के लिए नजीर बनने वाला दिल्ली राज्य आज राजस्व घाटे का सामना कर रहा है।

उन्होंने आतिशी को आगाह करते हुए कहा कि आज अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए दिल्ली सरकार 10 हजार का जो लोन ले रही है उसे चुकाने में सरकार को 15 साल लग जाएंगे और इन 15 सालों में इस लोन का ब्याज ही 40 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा हो जायेगा। कुल मिलाकर 50 हजार करोड़ की देनदारी का बोझ अगले 15 साल तक दिल्ली की जनता को ढोना पड़ेगा। बिना सोचे समझे सरकार के इस फैसले का असर न केवल जनता पर पड़ेगा, बल्कि आने वाले सरकारें भी आम आदमी पार्टी की इन गलतियों का खामियाजा भुगतने को मजबूर होगी। इस संवाददाता सम्मेलन में भाजपा विधायक अजय महावर और अनिल वाजपेयी भी उपस्थित थे।

नेता प्रतिपक्ष ने दिल्ली में प्रदूषण के मद्दे नजर निर्माण कार्यों पर लगी रोक के कारण बेरोजगार हुए सभी श्रमिकों को तुरंत आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग दिल्ली सरकार से की है। इस संबंध में मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि दिल्ली में विभिन्न निर्माण स्थलों पर दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले श्रमिकों की संख्या लगभग 20 लाख है और जानकारी के अभाव में इनमें से अधिकांश श्रमिकों ने अपना पंजीकरण दिल्ली सरकार के श्रमिक कल्याण बोर्ड में नहीं करवाया है। जिसके चलते उन्हें दिल्ली सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता नहीं मिल पा रही है। भारी आर्थिक संकट के चलते उनके परिवारों के लिए गुजारा करना मुश्किल हो गया है। गुप्ता ने बिना पंजीकरण वाले श्रमिकों को भी पंजीकृत श्रमिकों की तरह तुरंत आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने की मांग की है, क्योंकि ये श्रमिक भी बाकी श्रमिकों की तरह आर्थिक सहायता पाने के हकदार हैं। साथ ही गुप्ता ने डोर-टू-डोर सर्वे करवाकर इन सभी श्रमिकों का पंजीकरण श्रमिक कल्याण बोर्ड में करवाने की मांग की है।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि श्रमिक कल्याण बोर्ड के पास 45 हजार करोड़ रुपए की बड़ी राशि है और हैरानी की बात है कि फंड की पर्याप्त व्यवस्था होने के बावजूद बोर्ड इन श्रमिकों के कल्याण के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा पा रहा है। बकौल गुप्ता, वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस राशि में से केवल 5 करोड़ रुपए ही श्रमिकों के कल्याण के लिए खर्च किए गए हैं, जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष लगभग समाप्त होने वाला है। इसी तरह 2021-22 में 17 विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मात्र 11.3 करोड़ रुपए ही इनके कल्याण पर खर्च हुए और 2022-23 में केवल 12.7 करोड़ की धनराशि ही श्रमिक कल्याण के लिए खर्च की गई। कोरोना काल में भी जब सभी निर्माण गतिविधियां बंद थी तब भी श्रमिकों को केवल दो बार ही 10 हजार और 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध करवाई गई थी। गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने अभी तक 2017-18 से लेकर 2021-22 तक की कैग की रिपोर्ट्स को भी विधानसभा के पटल पर नहीं रखा है, जो कि संवैधानिक नियमों का सरासर उल्लंघन है।

बंद घरों को टारगेट कर साफ करते गोल्ड, सिल्वर ज्वैलरी

हरी नगर की पुलिस टीम ने किया मामले का खुलासा

संवाददाता

हरी नगर थाना की पुलिस टीम ने बंद घरों को टारगेट करके वहां से कैश, ज्वैलरी, महंगे सामान चोरी करने वाले गैंग के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से गोल्ड, कैश, कार इत्यादि बरामद किया गया है। गिरफ्तार किए आरोपियों की पहचान मोहम्मद जफर उर्फ राहुल सिंह और सचिन उर्फ राजू के रूप में हुई है। जफर पहले से पांच और सचिन 15 मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि 12 अक्टूबर को चोरी की वारदात एक घर में हुई थी। जब पूरा परिवार दशहरा सेलिब्रेशन के लिए बाहर गया हुआ था। जब रात में घर लौटा तो देखा कि दरवाजे का लॉक टूटा हुआ है और घर के अंदर से गोल्ड, सिल्वर की ज्वेलरी, मोबाइल इत्यादि चोरी हो चुका है। फिर परिवार ने पुलिस को मामले की सूचना दी। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पता लगाना शुरू किया था। लगभग डेढ़ महीने की मशक्कत के बाद एसएचओ प्रदीप कुमार की देखरेख में चौकी इंचार्ज मुकेश यादव, सहायक सब इंस्पेक्टर बलदेव राज, हेड कांस्टेबल श्रीकृष्ण, ज्योति प्रकाश, लालचंद कांस्टेबल संदीप और दीपक की टीम ने इस मामले को सुलझाने में कामयाबी पाई। फिर इन दोनों आरोपियों को धर दबोचा गया।

इनके पास से 88 हजार कैश, 120 ग्राम गोल्ड, चोरी की कार इत्यादि बरामद की गई है। यह दोनों आरोपी यमुनापार के शास्त्री पार्क और मोहन गार्डन के रहने वाले हैं। पहले से यह लोग लोग लूट, सेंधमारी, चोरी इत्यादि के मामले में शामिल रहे हैं। इनकी गिरफ्तारी से तीन मामलों का खुलासा करने का दावा पुलिस ने किया है।

फ्लाई ओवर शुरू करने की मांग, बीजेपी के द्वारा प्रोटेस्ट

उपराज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर संज्ञान लेने की अपील

घंटों लगती रिंग रोड पर ट्रैफिक जाम, फंसती है एंबुलेंस भी

संवाददाता

रिंग रोड पर बनकर तैयार हुए पंजाबी बाग फ्लाई ओवर के मुद्दे को लेकर बीजेपी लगातार विरोध कर रही है। उनका मानना है कि जानबूझकर इस फ्लाई ओवर को चालू करने में देरी की जा रही है। चुनाव नजदीक आने पर लाखों रुपए खर्च करके उद्घाटन समारोह आयोजित करके लोगों को बेवकूफ बना कर इसका फायदा उठाने की साजिश दिल्ली सरकार कर रही है। लगभग 6 महीना से ऊपर फ्लाई ओवर के बने हुए हो चुके हैं, लेकिन किसी ने किसी कारण से जानबूझकर देरी किया जा रहा है। इसको लेकर भाजपा के कार्यकताओं ने पूर्व डिप्टी मेयर कैलाश सांकला के नेतृत्व में बुधवार शाम जोरदार प्रदर्शन किया। और फ्लाई ओवर किस तरह बनकर तैयार हो चुका है, इसे दिखाने के लिए स्कूटी और बाइक बने हुए फ्लाई ओवर पर चलाकर लोगों को दिखाया। सांकला ने कहा कि एक तरफ फ्लाई ओवर बनाकर पूरी तरह तैयार है, वहीं दूसरी तरफ लाखों गाड़ियां इस रिंग रोड पर ट्रैफिक जाम में रोजाना फंसती है। सुबह और शाम तो यहां की हालत और खराब हो रही है, घंटो जाम में फंसे होने के कारण पंजाबी बाग और आसपास की कई कालोनियां बाली नगर, शिवाजी पार्क, बसई तारापुर, मोती नगर, राजा गार्डन इत्यादि कॉलोनी में रहने वाले लोगों को पॉल्यूशन से जूझना पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर पूर्व डिप्टी मेयर उपराज्यपाल के पास पहुंचे और ज्ञापन देकर इस मामले में संज्ञान लेने के लिए आवेदन किया है।

उन्होंने कहा कि जाम में आम लोगों की गाड़ियां तो फंसती ही है, घंटों एंबुलेंस भी एग्जाम का शिकार होती है। इस पर अभिलंब ध्यान देना चाहिए और फ्लाई ओवर को आम पब्लिक के लिए खोल देना चाहिए। नहीं तो मजबूरन लोग इसका इस्तेमाल करना शुरू कर देंगे।

नांगलोई में जुए के अड्डे पर स्पेशल स्टाफ टीम की रेड

20 गिरफ्तार, 35 हजार कैश जब्त, नाबालिक हिरासत में

संवाददाता

बाहरी जिला के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने नांगलोई इलाके में जुए के अड्डे के पर छापा मारकर 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक नाबालिक आरोपी को हिरासत में लिया है। मौके से कैश और जुए में इस्तेमाल सामान बरामद किया गया है। डीसीपी सचिन शर्मा ने बताया कि नांगलोई के एक लोकेशन पर जुआ का अड्डा चलाने के बारे में इनफार्मेशन मिली थी। उस इनफॉरमेशन के आधार पर एसीपी नरेंद्र खत्री की देखरेख में इंस्पेक्टर रामकिशन, हेड कांस्टेबल उपेंद्र, जगमोहन की टीम ने पूरी जानकारी इकट्ठा करने के बाद वहां पर छापा मारा।

वहां हुआ खेल रहे लोगों को पकड़ा खिलाफ दिल्ली पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत नांगलोई थाना में मामला दर्ज किया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमरनाथ, सतपाल, अनिल, कलामुद्दीन, ऋषि प्रकाश, राजीव कुमार, मोहित, अरुण, राजकुमार, पवन कुमार, बबलू, दिलीप सिंह, चंदन, चेतन, नासिर, सलाम मंसूरी, शुभम, रवि शेखर, दीपक कुमार के रूप में हुई है। यह सभी मंगोलपुरी, उत्तम नगर, नांगलोई और निहाल विहार इलाके के रहने वा

संक्षिप्त खबरें

120 लीटर कच्ची शराब बरामद तीन लोग गिरफ्तार

बरियारपुर थाना क्षेत्र के विजयनगर गॉव मे स्वर्गीय भोला मंडल के आवास से 120 लीटर कच्चे शराब के साथ एम सी आई टीकीया सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है ।इस सम्बंध मेइ पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष बीर भद्र कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सुचना के आधार पर विजय नगर गांव के स्वर्गीय भोला मंडल के आवासीय परिसर मे लंम्बी अबधी से शराब तैयारी व आपूर्ति की जा रही है सुचना के सत्यापन किया गया। जहां छापेमारी की योजना बनाई गई। जहां 120 लीटर निर्मित शराब के साथ निमार्णाधीन महुआ100 किलो ग्राम के साथ एम सी आई टिकीयां के 45 पैकेट सहित भोला मंडल के दो पुत्र राजेश कुमार, राहुल कुमार सहीत मां संजु देवी को गिरफ्तार कर थाना लायी गयी। विधि सम्मत कानूनी प्रक्रिया के तहत मुंगेर जेल भेज दिया गया।

सदर मुंगेर प्रखंड के तीन पैक्सों का चुनाव आज

मुंगेर। सदर मुंगेर प्रखंड अंतर्गत तीन पंचायतों जानकी नगर, महुली एवं मिजार्पुर बरदह के पैक्सों को का चुनाव हो रहा है। इसके लिए गुरुवार को ही सारी तैयारियां पूरी कर ली गईं। तीनों पैक्सों के चुनाव के लिए गुरुवार को ही मतदान कर्मियों को बैलट बॉक्स एवं अन्य चुनावी सामग्रियों के साथ प्रखंड कार्यालय से मतदान केदो के लिए विदा किया गया। ज्ञात हो कि, जानकी नगर एवं मिजार्पुर बरदह पैक्स में केवल अध्यक्ष पद का चुनाव होना है। जबकि, महुली पैक्स में अध्यक्ष पर के साथ-साथ अति पिछड़ा वर्ग के सदस्य के एक पद पर चुनाव होगा। वहीं, संबंध में जानकारी देते हुए निर्वाचन पदाधिकारी से प्रखंड विकास पदाधिकारी केके राघव ने बताया कि, जानकी नगर में 1360, महुली में 1747 तथा मिजार्पुर बरदह में 1506 मतदाता मतदान करेंगे।

चोरी को लेकर प्राथमिकी हुई दर्ज

जमुई [झाझा] बंद घर मे चोरी करने को लेकर एक महिला ने थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाते हुए दो लोगों को नामजद बनाया है। खलासी मुहल्ला के रहने वाले कमला सिन्हा ने दर्ज आवेदन में बताया कि 13 नवंबर को दिल्ली में शादी समारोह में दिल्ली गया। इसी बीच 25 नवंबर को मेरे मकान के किराएदार अभिषेक केशरी ने फोन कर जानकारी दिया कि गयासुद्दीन रहमान, मुन्ना खालिद एवं अन्य पांच अज्ञात लोगों ने मेरे गेट का ताला तोड़कर चोरी किया जब पकड़ने का प्रयास किया तो वे लोग भाग निकला। वही घर आने पर देखा तो मकान के गली साइड का दरवाजा का ताला टूटा हुआ है और कमरे में बक्सा टूटा हुआ है जिससे कान का जेवर, पायल गायब था।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पैक्स चुनाव के दुसरे चरण की समीक्षात्मक बैठक की, दिए दिशा-निर्देश

सोनो और चकाई प्रखंड में पैक्स चुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज मतदान एवं मतगणना

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक चन्द्र प्रकाश ने समाहरणालय परिसर स्थित संवाद कक्ष में गुरुवार 28 नवम्बर को पैक्स निर्वाचन 2024 के तहत दूसरे चरण के मतदान एवं मतगणना को लेकर विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों, सेक्टर दंडाधिकारी, जोनल पदाधिकारी, सुपर जोनल पदाधिकारी एवं अन्य के साथ बैठक किया और वांछित निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण का मतदान 29 नवंबर को निर्धारित है। उक्त तिथि को चकाई और सोनो प्रखंड में वोटिंग होगी। जिसे लेकर जिलाधिकारी महोदया ने पैक्स मतदान के सम्बन्ध में बारी-बारी से प्रखंडों में की गई तैयारी की जानकारी प्राप्त की तथा सम्बन्धितों निदेश देते हुए कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव के लिए हर संभव प्रयास करें ताकि विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न ना हो सके। प्रत्येक मतगणना केंद्र पर बिजली एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम की पर्याप्त व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए,का निदेश सम्बंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया । जिला निर्वाचन पदाधिकारी महोदया ने सम्बन्धित प्रखंड के वरीय प्रभारी तथा अन्य को निर्देश देते हुए कहा कि वे आवंटित प्रखंड में भ्रमण कर पैक्स निर्वाचन 2024 से संबंधित जारी तैयारी का सतत अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करते रहेंगे तथा समय-समय पर अधोहस्ताक्षरी को कृत कार्रवाई से अवगत कराएंगे। बूथ पर विधि व्यवस्था कायम रहे इसका ख्याल रखना है।

जिलाधिकारी ने उप विकास आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी सुमित कुमार को मतदान एवं मतगणना समय पर प्रारम्भ कराने का निदेश दिया। उन्होंने मतदान के पूर्व की तैयारी के संबंध में कहा कि जिन भवनों में दो से अधिक मतदान केंद्र है वहां पर प्रवेश एवं निकास द्वार को अलग-अलग रखना है। दिव्यांग कर्मी को मतदान या मतगणना केंद्र पर प्रतिनियुक्त नहीं करना है। सभी सेक्टर पदाधिकारी मतदान केंद्रों से ससमय वांछित सूचना प्राप्त कर विहित प्रपत्र में भर कर व्हाट्सएप के द्वारा नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) को उपलब्ध कराएंगे ' इसके अलावा उन्होंने ५३१ एवं मतदान करने के लिए 12:00 तक कितने लोग लाइन में खड़े हैं इसकी सूचना भी उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया ' साथ ही साथ कहा कि पोलिंग पार्टी डिस्पैच हुआ है इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को ससमय देंगे ' जिन मतदान केंद्रों पर महिलाओं की भीड़ ज्यादा हो वहां एक अतिरिक्त महिला कर्मी की प्रतिनियुक्ति करें तथा स्टैटिक होकर मतदान स्वच्छ, निष्पक्ष भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने का निदेश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी महोदया ने मतदान कार्य में लगाये गये कर्मी को निदेशित किया कि मतदान केन्द्रों का भ्रमण करें और जानकारी लें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदान कर्मी तथा मास्टर ट्रेनर को संबंधित सेक्टर दंडाधिकारी के साथ जिन कर्मियों को मतगणना कार्य में प्रतिनियुक्त किया गया है, वे बूथ या मतगणना कक्ष में मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करेंगे ' तथा वज्रगृह में रखे जाने वाले बॉक्स एवं वज्रगृह से मतगणना के लिए मतदान पेटिकाओं को निकालते समय वीडियो ग्राफी कराने तथा जिन समिति का सभी मतदान पेटिका प्राप्त हो जाए उसे मतगणना टेबल पर ससमय ले जाकर मतगणना प्रारंभ करने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया। साथ ही मतगणना कार्य के लिए दूसरे प्रखंड के अनुभवी कर्मी को मतगणना कार्य में लगाने की बात कही। मौके पर अपर समाहर्ता सुभाषचंद्र मंडल, अपर समाहर्ता जिङ्गलोङ्गशिङ्गनिङ्ग पदाधिकारी रामदुलार राम,उप विकास आयुक्त सुमित कुमार समेत सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, जोनल पदाधिकारी, सुपर जोनल पदाधिकारी, स्टेटिक दंडाधिकारी समेत वरीय पदाधिकारी आदि बैठक में उपस्थित थे।

गिद्धौर में चार पैक्स सीटों के लिए 10 मतदान केंद्रों पर 5759 मतदाता करेंगे मतदान

प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र में पैक्स चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग द्वारा सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। बताते चलें कि गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के चार पैक्स सीटों पतसंडा, रतनपुर, गंगरा एवं मौरा पैक्स सीट पर 03 दिसंबर मंगलवार को मतदान होना है। वहीं संबंधित पैक्स सीट पर इलाके में निष्पक्ष एवं निर्भिकता के साथ मतदान सम्पन्न कराने को लेकर प्रसासनिक स्तर पर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

चुनाव को सम्पन्न कराने को लेकर संबंधित चार पैक्स सीटों पर मतदान को लेकर 10 मतदान केंद्र बनाये गये है। जिसमें जिला एवं स्थानीय प्रसासन के देखरेख में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की निगरानी में मतदान कर्मियों द्वारा चुनाव को सम्पन्न कराया जाएगा. वहीं प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी द्वारा पैक्स चुनाव से जुड़े मतदान को लेकर विभागीय कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इधर पैक्स चुनाव को लेकर प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार ने बताया है

कि पैक्स चुनाव को सौहार्दपूर्ण व स्वच्छ वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर प्रसासन प्रतिबद्ध है, चुनाव को लेकर हर गतिविधि पर प्रसासनिक स्तर से पैनी नजर रखी

जा रही है। मतदान कर्मियों एवं मतदाताओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसका भी खासा ख्याल विभागीय स्तर पर रखा जा रहा है। इस पैक्स चुनाव में प्रखंड के चारों पैक्स सीट पर अध्यक्ष एवं प्रबंध कार्यकरणी सदस्य पद के लिए कुल 5759 हजार मतदाता 10 मतदान केंद्रों पर सुबह 07 बजे से शाम 03 बजे तक क्षेत्र में पैक्स मतदाता मतदान कर अपने अपने क्षेत्र के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इधर चुनाव को लेकर रतनपुर पैक्स के लिए प्लस टू अखिलेश्वर उच्च विद्यालय रतनपुर में तीन मतदान केंद्र, पतसंडा पैक्स के लिए पैक्स भवन पतसंडा में भी तीन, वहीं मौरा पैक्स के लिए पैक्स भवन मौरा में दो मतदान केंद्र, एवं गंगरा पैक्स के लिए पैक्स भवन गंगरा में दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं

वहीं सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती जिला प्रसासन द्वारा की जा रही है, पैक्स मतदान को लेकर जिले से चुनाव को लेकर प्रतिनयुक्त दंडाधिकारी व पदाधिकारी द्वारा चुनाव को निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने को लेकर मुख्यालय में बने कंट्रोल रूम से चुनाव की हर गतिविधि पर नजर रखी जायेगी।

11 पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण

- एसपी ने दिया 24 घंटे के अंदर नव पदस्थापना थाना में योगदान करने का निदेश

प्रात : किरण, संवाददाता

मुंगेर। जिले के विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने 11 पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया है और 24 घंटे के अंदर नव पदस्थापना थाना/ प्रतिष्ठान में योगदान कर प्रतिवेदन समर्पित करने का दिया है. उन्होंने अंचल पुलिस निरीक्षक खड़गपुर पप्पू कुमार शारदा को पुलिस केंद्र मुंगेर, पुलिस केंद्र में पदस्थापित पुलिस निरीक्षक अरविंद कुमार को खड़गपुर अंचल पुलिस निरीक्षक , पुलिस निरीक्षक अली मुल्ला आजाद को मुफस्सिल अंचल पुलिस निरीक्षक , पुलिस निरीक्षक असलम शेर अंसारी को कासिम बाजार अंचल पुलिस निरीक्षक , पुलिस निरीक्षक प्रमोद कुमार को कोतवाली अंचल अंचल पुलिस निरीक्षक , शिव अमित प्रकाश कौशिक को असरगंज थानाध्यक्ष के पद से हटाकर पुलिस केंद्र, कोतवाली में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक को विभांशु शेखर भास्करम को लडैयाटाँड थानाध्यक्ष, पूरब सराय में पदस्थापित धर्मेंद्र कुमार राय को असरगंज थानाध्यक्ष, लडैयाटाँड थानाध्यक्ष पुलिस अवर निरीक्षक सोनू कुमार को हरपुर थानाध्यक्ष, मुफस्सिल थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक सौरभ कुमार को पूरब सराय थानाध्यक्ष , हरपुर थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार को मुफस्सिल थाना के अ नि अनुसंधान इकाई के पद पर पदस्थापित करते हुए 24 घंटे के अंदर योगदान देने का निर्देश दिया है।

जिले के हर विभाग में है अराजकता व्याप्त : पप्पू

प्रात : किरण, संवाददाता

सुशासन के दुशासन के कुशासन से जिले का हर विभाग में अराजकता व्याप्त है, सदर अस्पताल की कुव्यवस्था से मरीज परेशान है नगर निगम घोटाले का अड्डा बन गया है प्रखण्ड अंचल कार्यालय व थाना वसूली केन्द्र,वावजूद सरकार और सरकार के लोग भोथथी दलीलें दे जनता को खुलेआम बेवकूफ बना रही है ऐसी परिस्थितियों में भी आम आदमी खामोश रहा तो परिणाम भयावह होगा। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने बुधवार को हसनगंज फरदा डकरा हेरू दियारा शंकरपुर तेरासी नौवागढी बांक सहित अन्य क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान पार्टी जनों के साथ ही किसान मजदूर आम जनों से मिलने के बाद कहीं उन्होंने आगे कहा की असहाय कमजोर वर्ग ब्लॉक अंचल और थाने में चक्कर लगाते लगाते दम तोड़ रहे हैं अंचल पदाधिकारी से लेकर थाना अध्यक्ष तक मामले के निष्पादन के बजाय मामला को उलझाकर आम आदमी को प्रताड़ित कर रहा है और विभाग के हर बड़े अधिकारी पीड़ित शोषित जनता के सुनने के जगह विभाग के लोगों का पक्ष लेते हैं, और सत्तालोलुपता के शिकार यह सरकार और सरकार के सासंद विधायक जैसे श्रेत्रियता जनप्रतिनिधि आम जनता को निरीह पशु से ज्यादा कुछ नहीं समझते हैं उन्होंने आगे कहा की जिला बुरी तरफ भ्रष्टाचार के चपेट में है नगर निगम में कई घोटाले चल रहे हैं लेकिन कमीशन के खेल में सब मस्त है अधिकारी बस फाइलें निपटा रहे हैं जनता के मामले से इसे कोई मतलब नहीं, ऐसे परिस्थितियों में राजनीतिक दलों का खामोश बैठना हितकर नहीं होगा, सपा अध्यक्ष ने सरकार और सरकारी तंत्र के विरोध में आमजन से आन्दोलन के लिए आगे आने का आह्वान किया है।

भवन निर्माण विभाग

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,

विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना

कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–35 वर्ष 2024–2025

बिहार सरकार

इस कार्यालय के अंतर्गत पटना उच्च न्यायालय के Lift,Transformer,Electrical Equipment, Cable, UPS System, Fire Alarm System, DG Set Etc. के संचालन एवं सम्पोषण कार्य हेतु निर्माता/आपूर्तिकर्ता/अधिकृत एजेंसी/पर्याप्त अनुभव रखने वाले संवेदको से दर उद्धरण मुहरबंद कोटेशन दिनांक–24.12.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। सरकारी संस्थानों में कार्य अनुभव प्राप्त संवेदको को प्राथमिकता दी जायेगी। सभी प्राप्त कोटेशन उसी तिथि को अपराह्न 3.30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के सक्षम खोली जायेगी। कोटेशनदाताओं द्वारा अपना कोटेशन संबंधित कनीय विद्युत अभियंता/सहायक विद्युत अभियंता से समन्वय स्थापित कर स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेगें।

उक्त कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या वेवसाइट **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

कार्य की विस्तृत विवरणी

Sl. No.	Name Of work.
1.	Annual Maintenance & Operation of all Electrical Equipment (8 Passenger 13 Lift & 2no.Transformer) for Multi Storeyed staff Quarters Patna High Court Patna at Adalatganj for Period from January-2025 to December- 2025.
2.	Comprehensive operation & maintenance of sub electric panels all electrical equipments cables/wire, UPS System Landscaping lights etc installed for Centenary Building at Patna High Court, Patna. (Period From January 2025 to December 2025)
3.	Comprehensive operation & maintenance (24 X 7) of fire alarm system and smoke detectors installed at Centenary Building of Patna High Court, Patna. (Period From January 2025 to December 2025)
4.	Comprehensive operation & maintenance (24 X 7) of 2 x 2000 KVA (33KV/433V) transformer, 2 x 1010 KVA generator set (with fuel), 33KV HT/433V LT main panel, capacitor panel along with 33 KV HT cables and 433KV LT cable etc. for sub-station 33KV/433V of Centenary Building at Patna High Court, Patna. (Period from January 2025 to December 2025)

PR. No. 013382 (BCD) 2024-25

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें,
किसी अनजान स्त्री/पुरूष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।

अलीगढ़ में आयोजित जूनियर नेशनल खो- खो में मुंगेर के पांच खिलाड़ियों का हुआ सलेक्शन

जिले के खो- खो खिलाड़ियों ने एवं खेल प्रेमियों ने इस पर हर्ष व्यक्त की

- तारापुर अनुमंडल से पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर बालक एवं बालिका खो- खो खिलाड़ी खेलने के लिए हुए चयनित

प्रात : किरण, संवाददाता

मुंगेर। खो- खो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 25 नवंबर से 29 नवंबर अहिल्याबाई होलकर स्टेडियम , अलीगढ़ उत्तर प्रदेश में आयोजित 43 वीं जूनियर नेशनल बालक एवं बालिका चैंपियनशिप -2024 में मुंगेर जिला खो- खो संघ के पांच खिलाड़ियों का बिहार स्टेट जूनियर वर्ग बालक एवं बालिका खो- खो टीम में चयन हुआ । ये जानकारी मुंगेर जिला खो- खो संघ के सेक्रेट्री सह जनकल्याण शिव शक्ति हरिमोहन फाउंडेशन के फाउंडर अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हरिमोहन सिंह ने दी । उन्होंने बताया कि बिहार जूनियर बालक एवं बालिका खो- खो टीम में संत मैरी इंग्लिश स्कूल संग्रामपुर मुंगेर के रिया रानी , सिया यादव , ईशान्वी अनघ , दिव्यांशु साह एवं मुंगेर सदर प्रखंड अध्यक्ष मॉडल प्लस टू हाई स्कूल के ग्यारहवीं कक्षा के स्टूडेंट आयुष रंजन का चयन हुआ है । जो कि मुंगेर जिला के लिए गौरव की बात है । लगातार मुंगेर जिले में खो- खो खेल व खिलाड़ी को बढ़ावा देने के लिए मुंगेर जिला खो- खो संघ एवं जनकल्याण शिव शक्ति हरिमोहन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में कई सारे स्पोर्ट्स प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। मुंगेर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी लगातार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं । अबतक चार दर्जन से अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश टीम का नेतृत्व कर चुके हैं । पहली बार तारापुर अनुमंडल के बालक एवं बालिका खो- खो खिलाड़ी का सेलेक्शन नेशनल खो- खो चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बिहार टीम में हुआ है। बिहार जूनियर बालिका खो- खो टीम में चयनित होने पर इन खिलाड़ियों को संत मैरी इंग्लिश स्कूल संग्रामपुर के प्रिंसिपल जिन्हें एलोशियस एवं डायरेक्टर रोजमिन के वर्गीज , मुंगेर जिला खो- खो संघ के अध्यक्ष एवं खो- खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव नीरज कुमार पप्पू , जनकल्याण शिव शक्ति हरिमोहन फाउंडेशन के गौरव कुमार सिंह , मुंगेर पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन , मुंगेर योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन , मुंगेर हैंडबॉल एसोसिएशन आदि के प्रतिनिधि एवं मुंगेर जिला प्रशासन के गणमान्य पदाधिकारीगण , समाजसेवियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करने को लेकर शुभकामनाएं दी। इसमें बिहार , झारखंड , उत्तर प्रदेश , नई दिल्ली , महाराष्ट्र , असम , केरल , पश्चिम बंगाल सहित देश के सभी राज्यों की बालक एवं बालिका टीम भाग ले रही है।

मां बेटी के साथ मारपीट कर किया गया लूटपाट, प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] घर मे घुसकर मां बेटी के साथ मारपीट, घर से नगदी, जेवर लूट लिए जाने का मामला थाना में दर्ज हुआ। इस संदर्भ में रजला गांव की रहने वाली सीता देवी ने दर्ज आवेदन में बताया की रजला गांव के ही रहने वाले बासदेव यादव, बह्मदेव यादव, मिंटू यादव, पंकज यादव, प्रमिला देवी, पिंकी देवी, टुन्नी देवी, प्रीति कुमारी, दशरथ यादव, रूबी देवी हरवे हथियार के साथ जबरन घर का दरवाजा खंती से तोड़कर घर मे घुसकर मुझे और मेरी बेटी के साथ मारपीट करते हुए घर खाली कर भाग जाने के लिए कहा। मारपीट करने में क्रम में घर के बक्से में रखा दो लाख रुपए का सोने चांदी का जेवर, नगद 20 हजार रुपए, कीमती बर्तन और मोबाइल लूट लिया। जब मैं और बेटी हो हल्ला करने लगा तो बासदेव यादव, पंकज यादव पिस्तौल सटा दिया। महिला के द्वारा दर्ज आवेदन पर पुलिस छानबीन में जुट चुकी है।

रतनपुर की बेटी ने पैक्स अध्यक्ष चुनाव में की जीत हासिल

प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर प्रखंड के अंतर्गत रतनपुर गांव निवासी प्रमोद साह की बेटी राजनंदनी कुमारी ने पैक्स चुनाव में परचम लहराते हुए जमुई सदर प्रखंड के अमरथ पैक्स से पैक्स अध्यक्ष पद पर कब्जा जमा कर मायके के साथ अपने पति और ससुराल के लोगों को दोहरी खुशी दी है। पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी राजनंदनी कुमारी ने सबसे कम उम्र की प्रत्याशी और सबसे अधिक वोटो के अंतर से जीतने वाली अपने प्रखंड में रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। राजनंदनी अमरथ पंचायत के संगथु गांव के सुमन कुमार की पत्नी है। वे अमरथ पंचायत से पैक्स अध्यक्ष पद पर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 533 मतों से जबरदस्त जीत हासिल की। राजनंदनी की जीत पर उनके मायके रतनपुर में उत्सवी माहौल है। राजनंदनी के जीत पर भीमराज, सुजाता सिंह, पप्पू मंडल, अरुण कुमार, सरवन, सुबोध कुमार, जितेंद्र साह, रणधीर साह, संजय साह, पवन साह, संतोष कुमार आदि ने बधाई दी है।

भवन निर्माण विभाग

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना।

बिहार सरकार

कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–32 वर्ष 2024–25

इस कार्यालय के अंतर्गत विभिन्न भवनो/कार्यालयों में लगे विभिन्न क्षमता वाले Split, Cassette, window, Tower, VRF and HVAC Machine/AC Unit का माह जनवरी 2025 से दिसम्वर 2025 तक के लिए रख–रखाव एवं सम्पोषण कार्य हेतु निर्माता/आपूर्तिकर्ता/अधिकृत एजेंसी/पर्याप्त अनुभव रखने वाले संवेदको से दर उद्धरण मुहरबंद कोटेशन दिनांक–20.12.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। सरकारी संस्थानों में कार्य अनुभव प्राप्त संवेदको को प्राथमिकता दी जायेगी। सभी प्राप्त कोटेशन उसी तिथि को अपराह्न 3.30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के सक्षम खोली जायेगी। कोटेशनदाता स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही कोटेशन समर्पित करेगें। उक्त कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या वेवसाइट **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

कार्य की विस्तृत विवरणी

Sl. No.	Name Of work.
1.	A/M, Servicing, Repairing and replacement of defective parts of 1.5/2.0 TR split/window AC machine 4.5 TR 3 Phase Tower AC Machine in the premise of Hon'ble High court, Patna for the Period from January 2025 to December 2025.
2.	A/M, Servicing, Repairing and replacement of defective parts of 17 TR, 8.5 TR, & 5.5TR ductable AC Machine, 36 TR VRF AC Machine and 1.5/2.0 TR split AC Machine in Registry Officer Residence, 42 Harding and in lawyer/Advocate/Bar Association/Wadhwa Chamber and Library at High Court, Patna for the period from January 2025 to December 2025.
3.	A/M, Servicing, Repairing and replacement of defective parts of 100 TR Capacity Cooling Tower Machine, 17TR/11TR, 8.5 TR, 5.5 TR and 4.5 TR 3 Phase Ductable type AC Machines in the premise of Hon'ble High court, Patna for the Period from January 2025 to December 2025.
4.	A/M, of split 1.5TR/2.0TR Window & Tower AC Machine in Hon'ble Chif justice Residence 154 No. Chhajjubagh, Hon'ble Judge Guest House 155 No. Chhajjubagh, Patna and Hon'ble Judge Residence Patna High Court, Patna for the period from January 2025 to December 2025.
5.	A/M, of split & Window in Advocate General Office building old & new Hon'ble Judges Lounge building, Administrative building 1 & 2 in the premises of Patna high court Patna for the period from January 2025 to December 2025.
6.	Annual Operation of 36 TR VRF, Water Cooled AC Machine, Ductable ACs Machine and split/Window ACs in the Main Building of Patna High Court, Patna. for the period from January 2025 to December 2025.
7.	A/M/C of defective parts of different capacity of different type AC Machine installed in the Hon'ble C.M. chamber Anti Room Chamber, Cabinet Hall Conference Hall, Video Conference Hall C.S Chamber, Cell and Offices etc at old Sectt., Patna for period from January 202 5 to December 2025.
8.	Annual Maintenance of HVAC System at existing Bihar Legislative Assembly & Council Patna. for period from January 2025 to December 2025.
9.	Day to Day Operation & Maintenance of Variable Refrigerant Flow (VRF) Ductable Cassette & split Air Conditioning System at Patna High Court, Patna for Period from January 2025 to December 2025

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखी जा सकती है।

PR- 13387 (B C D) 2024-25

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

डीएम ने जिला आपूर्ति कार्यालय का निरीक्षण किया, कैंप लगाकर राशन कार्ड बनाने का दिया निर्देश

- जिले में 10 लाख 19 हजार है राशन कार्ड धारियों की है संख्या
- हवेली खड़गपुर अनुमंडल में ई-केवाईसी प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करने का एसडीओ को निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा गुरूवार को जिला आपूर्ति कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वहां संधारित सभी संचिकाएं, उपस्थिति पंजी की जांच सहित राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी ली तथा कार्यालय कर्मियों के कार्यों का भी अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यालय के निरीक्षण के क्रम में कार्यालय में संधारित सभी संचिकाओं, लॉग बूक, कैश बुक, आगत निर्गत पंजीत सहित अन्य संचिकाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सभी संचिकाओं का संधारण तथा कैश बुक, लॉग बूक आदि का संधारण संतोषजनक पाया गया। निरीक्षण में जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं यहां कार्यरत सभी कर्मियों की कार्यशैली भी काफी संतोषजनक पायी गयी है। कर्मियों द्वारा सभी संचिकाओं का उचित एवं अद्यतन संधारण किया जा रहा है, जो सराहनीय है। आपूर्ति शाखा के कार्यों की भी समीक्षा की गयी, इस क्रम में सदर अनुमंडल एवं हवेली खड़गपुर अनुमंडल में ई-केवाईसी की प्रक्रिया में प्रगति लाने की आवश्यकता को देखते हुए दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। जिले में राशन कार्डधारियों की संख्या 10 लाख 19 हजार है। उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी आवेदन आएं उन सभी पात्र लाभूकों का राशन कार्ड बनाएं और अधिक से अधिक लोगों को राशन कार्ड उपलब्ध कराएं। इसके अलावे जिन प्रखंडों में राशन कार्ड की कम संख्या है, वहां कैम्प लगाकर राशन कार्ड निर्माण का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि राशन कार्ड निर्माण के लिए सभी आवेदक ओनलाइन आवेदन करें, तथा कोई भी बिचैलिया यदि परेशान करे तो उसकी जानकारी दें, तत्काल उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को समय समय पर जिले में संचालित सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों के भी औचक निरीक्षण का निर्देश दिया।

सम्पादकीय

जीवन को असमय काल का ग्रास बनाते जहरीले वायु प्रदूषण से मुक्ति कब!

पिछले कुछ वर्षों से सर्दियों के मौसम की शुरूआत के साथ ही देश के विभिन्न शहरों में जहरीला वायु प्रदूषण अपना रंग दिखाने लगता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दीपावली के बाद एकबार फिर से दिल्ली-एनसीआर के क्षेत्र में जहरीले वायु प्रदूषण के धुंध की मोटी परत छा गई है। एकबार फिर से यह पूरा क्षेत्र जहरीले वायु प्रदूषण के चलते तेजी से गैस चैंबर में बदलता जा रहा है। जिसको रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने इस क्षेत्र में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ऋ्रअढ) की स्टेज - 4 को सख्ती से लागू करने के आदेश दिये हैं। लेकिन अफसोस की बात यह है कि सिस्टम में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते धरातल पर हॉट स्पॉट की निगरानी अब भी नहीं हो रही है। ग्रेप का चौथा चरण लागू होने के बाद भी वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए धरातल पर किसी दूरगामी ठोस कार्ययोजना का क्रियान्वयन होता हुआ नजर नहीं आ रहा है। जहरीले वायु प्रदूषण के कारणों को जानने के बाद भी सिस्टम उनका स्थाई निदान नहीं कर रहा है। अब भी लोग बेखौफ होकर के ग्रेप - 4 की पाबंदियों को ठेंगा दिखाकर प्रतिबंधित काम निरंतर कर रहे हैं, बहुत सारे लोगों ने अभी भी निर्माण कार्य व तोड़फोड़ का कार्य जारी करवा रखा है। लोग अब भी निर्माण कार्य के लिए खुले में ही निर्माण सामग्री डाल रहे हैं। सरकारी तंत्र की लापरवाही से टूटी हुई सड़कों पर धूल का गुब्बार उठाते हुए वाहन चलने के लिए मजबूर हैं। कुछ फैक्ट्रियों की चिमनी से अब भी बेखौफ होकर के धूंआ निकल रहा है। अब भी लोग बेखौफ होकर के डीजल जनरेटर चला रहे हैं। ढाबे, रेस्टोरेंट, फार्महाउस व बैंकेट हॉल आदि में खुलेआम तंदूर चला रहे हैं। कुछ लोग कूड़े का उचित निस्तारण ना करके सड़क किनारे खुलेआम कूड़ा जला रहे हैं। सड़कों पर वाहन अपनी मियाद समाप्त होने का बाद भी चल रहे हैं। कुछ प्रतिबंधित वाहन बैखौफ होकर चल रहे हैं। जिस लापरवाही पूर्ण स्थिति के चलते हुए एकबार फिर से वायु प्रदूषण से दिल्ली-एनसीआर में स्थिति बेहद गंभीर बनती जा रही है। हालांकि इस पूरे क्षेत्र में जल, थल व नभ तरह-तरह के प्रदूषण से जूझ रहे हैं। लोगों के पास पीने के लिए ना तो स्वच्छ पेयजल है, ना ही सांस लेने के लिए स्वच्छ वायु है, ना ही लोगों के पास खाने के लिए स्वच्छ गुणवत्ता पूर्ण शुद्ध आहार उपलब्ध है, वहीं इस क्षेत्र में रही-सही कसर समय-समय पर कानफोडू ध्वनि प्रदूषण पूरी कर देता है। लेकिन चिंता जनक बात यह है कि पिछले वर्ष भी जहरीले वायु प्रदूषण के चलते नवंबर माह के शुरूआती दिनों में ही यह पूरा क्षेत्र भयावह रूप से जहरीले गैसों के चैंबर में तब्दील हो गया था, फिर भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस क्षेत्र में जहरीले वायु के प्रदूषण के नियंत्रण के नाम पर दिल्ली, पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश आदि राज्य एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा कर के अपने कर्तव्यों की कागजी खानापूर्ति हर वर्ष बखूबी से कर लेते हैं। पिछले वर्ष भी वायु प्रदूषण के इस मसले पर सर्वोच्च न्यायालय ने संज्ञान लिया और न्यायालय की सख्त फटकार के बाद राज्य सरकारों का सिस्टम फाइलों से निकल करके वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए धरातल पर कुछ सक्रिय हुआ था, लेकिन इस वर्ष लोगों को उम्मीद थी कि पिछले वर्ष की न्यायालय की जबरदस्त फटकार का धरातल पर कुछ तो असर हुआ होगा, इस क्षेत्र के लोगों के अनमोल जीवन को वायु प्रदूषण से बचाने के लिए कुछ तो ठोस कार्य धरातल पर बीते एक वर्ष में संपन्न हुए होंगे, लेकिन अफसोस की बात यह है कि इस वर्ष भी जहरीले वायु प्रदूषण की स्थिति वहीं बनी हुई है, जहरीले वायु प्रदूषण के चलते इस क्षेत्र के लोगों की सांसों पर भयावह आपातकाल लगा हुआ है। अस्पतालों में वायु प्रदूषण के दुष्प्रभाव से जनित रोगों से पीड़ित रोगियों की बाढ़ आई हुई है, लोग असमय काल का ग्रास बन रहे हैं और देश व राज्यों के कर्ताधर्ता इसके लिए जिम्मेदार सिस्टम को समय रहते सख्ती से दिशा-निर्देश देने की जगह उसको भगवान भरोसे छोड़कर के चुनावों में विजय हासिल करने के प्रयासों में मस्त हैं।

चिन्मय दास की गिरफ्तारी और बांग्लादेश में मंदिरों पर बढ़ते हमले चिंता

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। मुहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली बांग्लादेश सरकार में हिन्दुओं पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। इस्कॉन भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद भी चरमपंथी रुकने को तैयार नहीं हैं। इसी क्रम में एक बार फिर से एक और मंदिर पर हमला किया गया है। ताजा मामले में बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के बीच चटगांव के तीन हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया। जिसके बाद बांग्लादेश में जारी झड़प ने हिंसक रूप ले लिया। अभी जिन तीन मंदिरों को निशाना बनाया गया है उनमें चटगांव के फिरंगी बाजार में लोकनाथ मंदिर, मनसा माता मंदिर और हजारी लेन में काली माता मंदिर शामिल हैं। यह घटना बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा का भाग है, जो कि पांच अगस्त को तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से अत्यंत खतरनाक स्तर तक बढ़ गई है। हिंदू समेत अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ ये उग्र विरोध प्रदर्शन तब शुरू हुए जब हिंदुओं ने इस्लामिक कट्टरपंथियों की ओर से किए गए संगठित हमलों के जवाब में बड़ी संख्या में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन शुरू किए। यह विरोध प्रदर्शन धार्मिक और सामाजिक संगठन इस्कॉन की ओर से आयोजित किए गए थे, जिसके अनुयायी दुनिया भर में फैले हुए हैं। इस विरोध प्रदर्शन को देखते हुए ढाका हवाई अड्डे पर प्रमुख हिंदू नेता और इस्कॉन भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास को हिरासत में ले लिया गया। भारत सरकार ने हिंदू धार्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी और उन्हें जमानत नहीं दिए जाने के मामले पर गहरा रोष जताया। साथ ही पड़ोसी देश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के नहीं थमने का मुद्दा भी पुरजोर तरीके से उठाया है। भारत ने बांग्लादेश सरकार से आह्वान किया है कि वह हिंदुओं समेत हर तरह के धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। भारत सरकार पिछले दो महीनों के दौरान कई बार ऐसे आग्रह कर चुकी है, लेकिन जब से शेख हसीना को सत्ता से बेदखल किया गया है तब से हिंदुओं के उत्पीड़न का मामला बढ़ता जा रहा है। अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद युनूस इस बारे में उल्टा भारत पर ही आरोप लगाते रहे हैं कि हिंदुओं पर हमले के मुद्दे को भारतीय मीडिया बढ़ा-चढ़ा कर बता रहा है। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि बांग्लादेश सम्मिलिता सनातनी जोत के नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी और उनको जमानत नहीं दिए जाने के घटनाक्रम को लेकर हमें गहरी चिंता है। यह घटना हिंदुओं व दूसरे अल्पसंख्यकों पर हुए कई हमलों के बाद सामने आई है। अल्पसंख्यकों के घरों और उनके कारोबार को तबाह करने, लूटने, मंदिरों में मूर्तियों को खंडित करने आदि घटनाओं के ठोस साक्ष्य हैं। बांग्लादेश में हिंदू समूह सम्मिलिता सनातनी जोत के नेता एवं इस्कान ट्रस्ट के सचिव रहे चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी के विरोध में राजधानी ढाका और चटगांव समेत कई जगहों पर लोग सडकों पर उतरे और उनकी रिहाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों पर लाठियां बरसाईं और आंसू गैस के गोले दागे गए। एक वकील की मौत भी हो गई। एक अदालत ने चिन्मय को जमानत देने से इन्कार कर दिया। उनको देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बांग्लादेश हिंदू, बौद्ध, ईसाई एकता परिषद ने बताया कि हिंदुओं के साथ-साथ ईसाइयों और बौद्धों के खिलाफ हत्या, छेड़छाड़ और अपहरण समेत हमलों की 2010 घटनाएं हुई हैं। बांग्लादेश में हिंदू समूह सम्मिलिता सनातनी जोत के नेता एवं इस्कान ट्रस्ट के सचिव रहे चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी के खिलाफ प. बंगाल में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने मंगलवार को राज्य विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी भाजपा विधायकों ने चिन्मय दास की तस्वीर वाली तख्तियां लेकर विधानसभा परिसर से विरोध मार्च निकाला और उनकी तत्काल रिहाई की मांग करते हुए मुख्य गेट के बाहर एकत्रित होकर नारेबाजी की। इस दौरान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु ने चिन्मय दास की गिरफ्तारी की निंदा की और उन्हें बिना शर्त शीघ्र रिहा करने की मांग करते हुए बांग्लादेश सरकार को पेट्रापोल सीमा के जरिए सभी तरह के व्यापार और आवाजाही को ठप करने की कड़ी चेतावनी दी।

अब अजमेर वाले ख्वाजा साहब की बारी

जग-जाहिर है की ख़्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती एक प्रसिद्ध सूफी संत होने के साथ-साथ इस्लामिक विद्धान और दार्शनिक थे। उनकी ख्याति इस्लाम के महान उपदेशक के रुप में भी विश्व भर में फैली हुई थी। उन्होंने अपने महान विचारों और शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार किया एवं उन्हें भारत में इस्लाम का संस्थापक भी माना जाता था। उन्हें ख्वाजा गरीब नवाज के नाम से भी जाना जाता था। उनकी अद्भुत एवं चमत्कारी शक्तियों की वजह से वे मुगल बादशाहों के बीच भी काफी लोकप्रिय हो गए थे। उन्होंने अपने गुरु उस्मान हरूनी से मुस्लिम धर्म की शिक्षा ली एवं इसके बाद उन्होंने धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए कई यात्राएं की एवं अपने महान उपदेश दिए।

राकेश अचल
लेखक

देश की संसद तीन दिन से ठप्प है, लेकिन ये कोई खबर नहीं है। खबर ये है कि देश की 6 लाख मस्जिदों और दरगाहों पर कब्जा हासिल करने के महा अभियान के तहत अब अजमेर वाले ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह हम हिन्दुओं के निशाने पर है। अजमेर की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में संकट मोचन महादेव मंदिर होने का दावा करते हुए अजमेर सिविल कोर्ट में लगाई गई याचिका को कोर्ट ने सुनने योग्य माना है। यह याचिका हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की ओर से याचिका लगाई गई। आपको पता ही होगा कि राजस्थान राज्य के अजमेर में स्थित ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह भारत के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है। यह दरगाह, गुलाबी शहर जयपुर से करीब 135 किलोमीटर दूर, चारों तरफ अरावली की पहाड़ियों से घिरे अजमेर शहर में स्थित है। अजमेर शरीफ की दरगाह के नाम से यह पूरे देश में प्रसिद्ध है। इस दरगाह से सभी धर्मों के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। इसे सर्वधर्म सद्भाव की अदभुत मिसाल भी माना जाता है। ख्वाजा साहब की दरगाह में हर मजहब के लोग अपना मत्था टेकने आते हैं। ऐसी मान्यता है कि जो भी ख्वाजा के दर पर आता है कभी भी खाली हाथ नहीं लौटता है, यहां आने वाले हर भक्त की मुराद पूरी होती है। देश के भाग्यविधाता प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी का तो पता नहीं, लेकिन ख्वाजा की मजार पर देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू, भाजपा के दिग्गत नेता और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी, देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, अमेरिका कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा समेत कई नामचीन और मशहूर शख्सियतों ने अपना मत्था टेका है। आप इस फेहरिश्त में मेरा नाम भी बाबस्ता कर सकते हैं। मैं भी दो मर्तबा इस दरगाह पर सपरिवार माथा टेक आया हूँ, हालाँकि मैं पक्का सनातनी हूँ। ख्वाजा के दरबार में अक्सर बड़े-बड़े राजनेता एवं अभिनेता आते रहते हैं और अपनी अकीदत के फूल पेश करते हैं एवं आस्था की चादर चढ़ाते हैं। अपने अनेक फिल्मों में इस दरगाह को देखा होगा। तकरीबन 559 साल पुरानी इस दरगाह को लेकर अजमेर के न्यायालय ने वाद को स्वीकार करते हुए दरगाह कमेटी, अल्पसंख्यक मामलात व भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण धरोहर को नोटिस जारी करने के आदेश जारी करने का फैसला दिया है। वादी विष्णु गुप्ता की ओर से हरदयाल शारदा की ओर से लिखी पुस्तक का हवाला देते हुए वाद प्रस्तुत किया गया था, जिसमें उन्होंने अजमेर की दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा किया है। इस मामले में अगली सुनवाई 20 दिसंबर 2024 को की जाएगी। मुमकिन है कोई शंकराचार्य इस मामले में गवाह बनकर पेश हो जाये। हम हिन्दुओं की नई पीढ़ी बहुत जागरूक है इसलिए जो काम उनके पुरखे पांच सौ साल पहले नहीं कर पाए, उसे वे अब अंजाम दे रहे है। याचिकाकर्ता का दावा है कि दरगाह की जमीन पर पहले भगवान शिव का मंदिर था। मंदिर में पूजा और जलाभिषेक होता था। याचिका में अजमेर निवासी हर विलास शारदा द्वारा वर्ष 1911 में लिखी पुस्तक का हवाला दिया गया है। पुस्तक में दरगाह के स्थान पर मंदिर का जिक्र है। पुस्तक कहती है की दरगाह परिसर में मौजूद 75 फीट लंबे बुलंद दरवाजे के निर्माण में मंदिर के मलबे के अंश तहखाने में गर्भगृह होने का प्रमाण मिल जाएगा। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की इस दरगाह को मंदिर बताते हुए इससे पहले हिंदू सेना की तरफ से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष याचिका पेश की गई थी। हालांकि, न्यायाधीश प्रीतम सिंह ने ये कहकर सुनवाई से इनकार कर दिया था कि यह उनके क्षेत्राधिकार से बाहर है। इसके बाद जिला अदालत में याचिका पेश की गई।

मुझे लगता है कि इस तरह की फुटकर याचिकाओं पर सुनवाई के बजाय अब खुद सरकार को याचिकाकर्ता बनकर देश की तमाम मस्जिदों, दरगाहों, ईदगाहों और ताजमहल तक का सर्वे करने के लिए अदालत से दरख्वास्त करना चाहिए, क्योंकि हम हिन्दुओं का पक्का विश्वास है कि हर मस्जिद, दरगाह और ईदगाह के नीचे कोई न कोई मंदिर जरूर है। अयोध्या की बाबरी मस्जिद को गिराने से शुरू हुआ ये अभियान बीच में थम गया था लेकिन अब एक के बाद एक शहर में ऐसी याचिकाएं लगाईं जा रहीं है। पहले ज्ञानवापी का सर्वे हुआ। फिर संभल में सर्वे हो चुका है और दंगा भी सम्भल में 4 लोग मारे भी जा चुके हैं। अब मथुरा और अजमेर की बारी है। अजमेर की दरगाह में पड़े-पड़े ख्वाजा साहब भी शायद उकता गए होंगे। सरकार को चाहिए की वो देश में मौजूद उन्नत तकनीक का इस्तेमाल कर अजमेर की दरगाह को जमीन से निकलकर नीलम कर दे।

दुनिया का कोई न कोई इस्लामिक देश ख्वाजा साहब की दरगाह को खरीद लेगा और अपने मुल्क में ससम्मान स्थापित कर लेगा इस मुद्दे पर एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी भड़के हुए है, जिसमें उन्होंने सरकार और अदालतों के कानूनी कर्तव्यों पर सवाल उठाए हैं। आजकल सवाल संसद सेमें हंगामे के कारण उठाये नहीं जा सकते, इसलिए ये सवाल एक्स के पटल पर उठाये जाते हैं। एक्स का पटल संसद से ज्यादा महत्वपूर्ण होता जा रहा है। ओवैसी ने एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, सुल्तान-ए-हिन्द ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भारत के मुसलमानों के सबसे अहम औलिया इकराम में से एक हैं. उनके आस्तान पर सदियों से लोग जा रहे हैं और जाते रहेंगे इंशाअल्लाह. कई राजा, महाराजा, शहंशाह, आए और चले गये, लेकिन ख़्वाजा अजमेरी का आस्तान आज भी आबाद है। उन्होंने कहा कि 1991 का इबादतगाह कानून साफ तौर पर यह कहता है कि किसी भी इबादतगाह की मजहबी पहचान को नहीं बदला जा सकता. ओवैसी ने यह भी आरोप लगाया कि हिंदुत्व तंजीमों का एजेंडा पूरा करने के लिए कानून और संविधान का उल्लंघन किया जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर चुप है। अब ओवैसी को कौन समझाये कि हमारे वजीरेआजम हर संवेदनशील मुद्दे पर चुप ही रहते है। वे मणिपुर के मामले पर आखिर डेढ़ साल से चुप ही हैं न? वजीरेआजम केवल तभी बोलते हैं जब उन्हें अपने मन की बात करना होती है। वे तभी बोलते हैं जब उनके घर के बंद कमरे में उनके सामने कैमरा हो। वे संसद में चुने हुए प्रतिनिधियों के सामने नहीं बोलते। उन्हें निर्वाचित सांसद गुंडे, मवाली नजर आते हैं। तकलीफ की बात ये है कि केंद्र की सरकार ऐसे प्रयासों का संज्ञान ही नहीं ले रही बल्कि उनका साथ दे रही है। सरकार ये मानने के लिए तैयार ही नहीं है की इस तरह गड़े मुर्दे उखाड़ने से देश के सद्भाव को भारी नुक्सान हो रहा है।

संभल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से उपजे जटिल सवाल

एक सम्प्रदाय विशेष के हिंसक हमलों ने आज तेजी के साथ हिंसा, असहिष्णुता, नफरत, बिखराव और घृणा की साम्प्रदायिक जीवन शैली का रूप ग्रहण कर लिया है। यह खतरनाक स्थिति है, कारण सबको अपनी-अपनी पहचान समाप्त होने का खतरा दिख रहा है। भारत मुस्लिम सम्प्रदायवाद से आतंकित रहा है। आवश्यकता है धर्म को प्रतिष्ठापित करने के बहाने राजनीति का खेल न खेला जाए। धर्म और सम्प्रदाय के भेद को गड्मड् न करें। धर्म सम्प्रदाय से ऊपर है। धर्म में धार्मिकता आये, कट्टरता न आये। राजनीति में सम्प्रदाय न आये, नैतिकता आए, आदर्श आए, श्रेष्ठ मूल्य आएँ, सहिष्णुता आये, सह-अस्तित्व के प्राचीन मूल्य एवं जीवनशैली आये।

ललित गर्ग
लेखक

यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं त्रासद है कि उत्तर प्रदेश के संभल में एक बार फिर एक सम्प्रदाय विशेष के लोगों ने जो हिंसा, नफरत एवं द्वेष को हथियार बनाकर अशांति फैलायी, वह भारत की एकता, अखण्डता एवं भाईचारे की संस्कृति को क्षति पहुंचाने का माध्यम बनी है। स्थानीय अदालत के आदेश पर एक मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा एवं उन्माद का भड़क उठना और इसके चलते तीन लोगों की जान चले जाना, चुनौतीपूर्ण, विडम्बनापूर्ण एवं शर्मनाक है। इस घटना में कई अन्य लोग घायल भी हुए, जिनमें 30 से अधिक पुलिसकर्मी भी हैं। इस हिंसा को टाला जा सकता था यदि अदालत के आदेश पर हो रहे सर्वेक्षण का हिंसक विरोध नहीं किया जाता। ध्यान रहे कि जब ऐसा होता है तो बैर बढ़ने के साथ देश की छवि पर भी बुरा असर पड़ता है। निःसंदेह इस सम्प्रदाय विशेष को भी यह समझने की आवश्यकता है कि जब देश कई चुनौतियों से दो-चार है, तब राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव को बल देना सबकी पहली और साझी प्राथमिकता बननी चाहिए। एक उन्मादी, विभाजित और वैमनस्यग्रस्त समाज न तो अपना भला कर सकता है और न ही देश को आगे ले जा सकता है। समय आ गया है कि उन मूल कारणों पर विचार किया जाए, जिनके चलते साम्प्रदायिक तनाव, नफरत एवं द्वेष बढ़ाने वाली घटनाएं थम नहीं रही हैं। संभल की स्थानीय अदालत ने उस याचिका पर जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश दिया था, जिसमें दावा किया गया था कि मुगल बादशाह बाबर ने इस मस्जिद का निर्माण एक मंदिर के स्थान पर किया था। स्थानीय अदालत के आदेश पर इसी मंगलवार को जब प्रारंभिक सर्वे किया गया था तब भी इलाके में तनाव फैला था, लेकिन उसे दूर कर लिया गया था। समझना कठिन है कि गत दिवस सर्वे के दौरान ऐसे प्रयास क्यों नहीं किए गए जिससे किसी तरह की अव्यवस्था और अशांति न फैलने पाए। रविवार को सर्वे के दौरान जिस तरह पुलिस पर पथराव किया गया और वाहनों में तोड़फोड़ करने के साथ उन्हें आग के हवाले किया गया, उससे लगता है कि कुछ उन्मादी तत्वों ने उपद्रव की तैयारी कर रखी थी। ऐसी घटनाएं सामाजिक तानेबाने को क्षति पहुंचाने के साथ कानून एवं व्यवस्था के समक्ष चुनौती भी खड़ी करती हैं। यह चिंता की बात है कि यह एक चलन सा बनता जा रहा है कि जब सार्वजनिक स्थलों पर कोई धार्मिक आयोजन होता है, किसी अदालती आदेश पर जांच कार्य होता है तो प्रायः पहले किसी बात को लेकर विवाद होता है और फिर हिंसा शुरू हो जाती है। कई बार तो यह हिंसा बड़े पैमाने पर और किसी सुनियोजित साजिश के तहत होती दिखती है। उत्तर प्रदेश के संभल में हुई भीषण हिंसा यही संकेत करती है कि उसे लेकर पूरी तैयारी की गई थी। संभल की ताजा घटनाओं के मूल में भड़काऊ नारे एवं संकीर्ण धार्मिकता के मनसूंबे सामने आये हैं। इस तरह की घटनाओं का बार-बार होना अच्छा नहीं है, मंदिर-मस्जिद के एक और मामले ने तनाव की स्थिति उत्पन्न करके शांति एवं सौहार्द को खण्डित किया। यदि मस्जिद पक्ष का यह मानना है कि जामा मस्जिद के सर्वे का आदेश सही नहीं तो उसे ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए था। अदालत के आदेश की अवहेलना करने के लिए हिंसा का सहारा लेने का कहीं कोई औचित्य नहीं और तब तो बिल्कुल भी नहीं जब निचली अदालत के किसी फैसले के खिलाफ ऊंची अदालतों में जाने का रास्ता खुला हो। यह भी देखा जाना चाहिए कि क्या कुछ राजनीतिक दल एवं सम्प्रदाय विशेष के लोग किसी भी बहाने भड़कने और हिंसा करने के लिए तैयार बैठे रहते हैं? वास्तव में जैसे यह एक सवाल है कि क्या भारतीय संस्कृति के अस्तित्व एवं अस्मिता से जुड़े इन धार्मिक स्थलों के नाम पर पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी करना जरूरी समझ लिया गया है? इन प्रश्नों पर संकीर्ण धार्मिकता से परे होकर गंभीरता के साथ विचार होना चाहिए। इसी तरह पुलिस प्रशासन को भी यह देखना होगा कि वैमनस्य बढ़ाने वाली घटनाएं क्यों बढ़ती चली जा रही हैं? यह सही है कि 1991 का पूजा स्थल अधिनियम किसी धार्मिक स्थल में बदलाव का निषेध करता है, लेकिन इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि यह अधिनियम ऐसे किसी स्थल के सर्वेक्षण की अनुमति भी प्रदान करता है और इसी कारण वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर का सर्वेक्षण हुआ और धार में भोजशाला परिसर का भी। मथुरा में ईदगाह परिसर के सर्वेक्षण का मामला सुप्रीम कोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। मंदिर-मस्जिद के विवाद नए नहीं हैं। इन विवादों को सुलझाने की आवश्यकता है। इसका एक तरीका न्यायपालिका का सहारा लेना है और दूसरा आपसी सहमति से विवाद को हल करना। इससे बेहतर और कुछ नहीं कि जहां भी ऐसे विवाद हैं, उन्हें दोनों समुदाय आपस में मिल-बैठकर हल करें। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि समाज में सद्भाव, सौहार्द एवं शांति बनी रहेगी। यह समझा जाना चाहिए कि इन दोनों उपायों के अतिरिक्त हिंसा एवं नफरत कोई उपाय नहीं है। इसी के साथ यह भी समझना होगा कि देश को अतीत से अधिक भविष्य की ओर देखने और मंदिर-मस्जिद विवादों से बाहर निकलने की आवश्यकता है। इससे इन्कार नहीं कि विदेशी आक्रमणकारियों ने अनगिनत मंदिरों का ध्वंस किया। अतीत में हुए इन ज्यादतियों, अत्याचारों एवं विध्वंस घटनाक्रमों को सुधारने की संभावनाएं किसी भी दृष्टि से गलत नहीं कही जा सकती। देश का चरित्र बनाना है तथा स्वस्थ, सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण समाज की रचना करनी है तो हमें एक ऐसी आचार संहिता को स्वीकार करना होगा जो जीवन में पवित्रता दे। राष्ट्रीय प्रेम व स्वस्थ समाज की रचना की दृष्टि दे एवं कदाचार-संकीर्णता-कट्टरता के इस अंधेरे कुएँ से निकाले। बिना इसके देश का विकास और भौतिक उपलब्धियां बेमानी हैं।

संभलः ..... तो इसलिए हुआ बवाल

मुस्ताअली बोहरा

यूपी का संभल अब संभल रहा है। यहां मस्जिद के सर्वे को लेकर हुए बवाल और हिंसक उपद्रव ने ये सवाल पैदा कर दिया कि जो कुछ हुआ क्या वो एकपक्षीय आदेश की क्रिया के परिणामस्वरूप प्रतिक्रिया थी। हालांकि, जो कुछ हुआ उसे जायज नहीं ठहराया जा सकता लेकिन जो हुआ वो क्यूं हुआ उसकी जड़ जाना जरूरी है। देश के सबसे बड़े सूबे उत्तरप्रदेश के मुस्लिम बाहुल्य शहर संभल में एक टीले पर बनी शाही जामा मस्जिद एक बार फिर चर्चा में है। इस मस्जिद के सर्वे और हुए बवाल को लेकर देश भर में तरह तरह की बातें चल रहीं हैं। लेकिन, हकीकत तो ये भी है कि मस्जिद का दोबारा सर्वे कराया जा रहा है। जहां तक अदालत के आदेश का सवाल है तो विवाद भी यहीं शुरू हुआ। क्योंकि, अदालत में जिस दिन वाद दायर किया गया उसी के कुछ घंटों बाद ही सर्वे का आदेश दे दिया गया और फिर सर्वे के लिए तुरंत टीम भी पहुंच गई। जब इस वाद की सुनवाई हो रही थी तो इस दौरान मुस्लिम पक्ष का वकील भी मौजूद नहीं था। इन्हीं सब चीजों को लेकर बखेड़ा खड़ा हो गया। ये मस्जिद फिलहाल भारत के पुरातत्व सर्वे की निगरानी में है और एक संरक्षित इमारत है। ये इमारत साल 1920 में भारतीय पुरातत्व सर्वे के तहत संरक्षित इमारत घोषित हुई थी। ये राष्ट्रीय महत्व की इमारत भी है। ये पहली बार नहीं है कि इस जामा मस्जिद को लेकर विवाद हुआ। सन 1976 में मस्जिद के इमाम की हत्या कर दी गई थी इसके बाद भी उपद्रव हुआ था। हिंदु पक्ष का दावा है कि यहां मंदिर था जबकि मुस्लिम पक्ष का कहना है कि ये पहली बार है जब मस्जिद को लेकर अदालत में कोई वाद दायर हुआ है। बीते मंगलवार को ये वाद दायर हुआ था और बिना विपक्ष को सुने ही सर्वे का आदेश दे दिया गया। हैरानी की बात ये भी है कि दोपहर को वाद दायर हुआ और इसी दिन अदालत के आदेश के बाद शाम को सर्वे टीम भी पहुंच गई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अलावा दूसरे पक्ष के वकील भी मौजूद नहीं थे। वहीं, मस्जिद समिति का कहना है कि उन्हें वाद दायर होने की कोई जानकारी नहीं मिली थी और अदालत के आदेश के बाद ही जिला पुलिस और प्रशासन की तरफ से सर्वे को लेकर जानकारी दी गई। मुस्लिम पक्ष से जुड़े अधिवक्ता मसूद अहमद का कहना है कि ये वाद दायर कर इस इबादतगाह को विवादित करने का प्रयास किया गया है जबकि रिपोर्ट देने के लिए 29 नवंबर तक का समय है। इससे जाहिर होता है कि सुनियोजित तरीके से विवाद पैदा किया जा रहा है। इससे पहले अदालत में पहले से कोई विवाद नहीं है। सिविल जज ने भी अपने आदेश में कहा है कि अदालत में इसे लेकर कोई कैविएट लंबित नहीं है। हिंदूवादी संगठनों ने हाल के सालों में इस मस्जिद के कल्कि मंदिर होने के दावे पहले भी किए हैं लेकिन इस बार इसे अदालत में ले आया गया है।

संभल की इस शाही जामा मस्जिद के हिंदू मंदिर होने का दावा कर अदालत में वाद दायर किया गया है, जिसके बाद इस धर्मस्थल को लेकर कानूनी विवाद पैदा हो गया है। ये वाद मंगलवार को ही दायर हुआ और इसी दिन शाम को एडवोकेट कमिश्नर ने पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में मस्जिद का सर्वे किया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में हुए इस सर्वे का वीडियो भी बनाया गया है। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कई याचिकाकताओं की तरफ से संभल के सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में मंगलवार को ही वाद दायर किया था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अलावा दूसरे पक्ष के वकील मौजूद नहीं थे। शायद इसी वजह से मामला उलझ गया जिसने बाद में उग्र रूप ले लिया।

हिंदू पक्ष का दावा है कि जहां ये विशाल मस्जिद बनी हैं वहां कभी हरिहर मंदिर हुआ करता था। वहीं मुस्लिम पक्ष ने इन दावों को बेबुनियाद बताया है। मस्जिद समिति से जुड़े लोगों का भी कहना है कि वाद दायर होने की जानकारी हमें नहीं दी गई। शाम को संभल पुलिस की तरफ से बताया गया कि हमें मस्जिद परिसर पहुंचना है क्योंकि वहां अदालत के आदेश पर सर्वे होना है। मुस्लिम पक्ष का तर्क है कि मस्जिद होने को लेकर कोई कानूनी विवाद नहीं है, हिंदू संगठन जरूर कभी-कभी इसे लेकर विवाद पैदा करते रहे हैं। वहीं, याचिकाकर्ता महंत ऋषिराज गिरी का कहना है कि जिस जगह पर ये मस्जिद है वहां हरिहर मंदिर था, इसकी बनावट भी मंदिर जैसी ही है, हम अपने धर्मस्थल को वापस हासिल करना चाहते हैं और इसके लिए ही कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

राज्य महिला आयोग की सदस्य ने महिला कारागार का किया निरीक्षण

रामपुर। राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की सदस्य रामपुर निवासी सुनीता सिंह सैनी ने जनपद फरुर्खाबाद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार संकल्पित है जनपद फरुर्खाबाद फतेहगढ़ स्थित जिला कारागार सामान्य/महिला कारागार) का मुआयना निरीक्षण कर, कारागार में निरुद्ध महिलाओं से उनकी जन समस्याएं सुनी और त्वरित रूप से शिकायतो के निस्तारण करने के आदेश जेल अधीक्षक एवं जेल सुपरिंटेंडेंट को, मौके पर ही दिए गए।

समितियों पर एनपीके-डीएपी उपलब्ध कराने की लगाई गुहार

गंगेश्वरी। क्षेत्र के गांव सिरसा एतमाली से सलारा तक तट बंध के रास्ते को पक्का कराया जाए। गंगेश्वरी क्षेत्र की सभी समितियों पर डीएपी और एनपीके खाद उपलब्ध कराया जाए। ओवररेट खाद बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। गुरुवार को रहरा ब्लाक परिसर में हुई भाकियू शंकर की पंचायत में उक्त मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि फसलों को नुकसान पहुंचा रहे छुट्टा पशुओं को करोड़ों रुपए से बनी गोशालाओं में संरक्षित किया जाए। डीजल और पेट्रोल को एमएसपी के दायरे में लाया जाए। गन्ने का मूल्य 450 रुपया घोषित किया जाए। हर घर जल, हर घर नल योजना के अंतर्गत लगी पानी की टंकियों को शीघ्र चालू किया जाए। सिरसा कला में चौराहे पर लगी स्ट्रीट लाइट चालू कराई जाए। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष योगेंद्र कुमार, कमल ठाकुर, राकेश कुमार, शीशपाल सिंह, दयाप्रकाश, धनपत सिंह, भागमल सिंह, चरन सिंह, श्रीपाल सिंह, शिव कुमार, लल्लू सिंह, जयप्रकाश, कल्लू सिंह, मुंशीलाल व धनपतलाल आदि रहे। अध्यक्षता धर्मपाल सिंह तथा संचालन राकेश कुमार ने किया।

बांग्लादेश में हिन्दुओं की रक्षा सुनिश्चित करे सरकार

हसनपुर। सनातन जागरण मंच ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन गुरुवार को एसडीएम सुनीता कुमारी को सौंपा। मांग करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ भारत सख्त रुख अपनाए। सनातन बोर्ड का गठन तुरंत किया जाए। पदाधिकारियों ने कहा कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद से हिन्दुओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। हाल ही में चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी सहित कई संतों की गिरफ्तारी से हिन्दू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। चिंता जताते हुए कहा कि भारत में 80 प्रतिशत से अधिक आबादी हिन्दू धर्म की है, लेकिन अभी तक सनातन बोर्ड का गठन नहीं हुआ है। मंच ने मांग की है कि केंद्र सरकार बांग्लादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराए और देश में सनातन बोर्ड का गठन करे। इस दौरान विभोर अग्रवाल, दीपक कुमार, अरुण कुमार, सचिन गुप्ता, महेश कुमार, दिनेश कुमार, महिपाल, जयकुमार व मिलन आदि रहे।

पुलिस ने छात्राओ को दी हेल्पलाइन नंबर की जानकारी

धनौरा। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कमतर नहीं है। नौकरियों के साथ ही शिक्षा व खेलकूद के अलावा अन्य क्षेत्रों में महिलाएं अपना शत-प्रतिशत योगदान दे रही हैं। सीओ श्वेताभ भास्कर ने गुरुवार को थाना परिसर में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में छात्राओं से स्वावलंबी बनने की अपील की। कहा कि महिलाएं व छात्राएं स्वावलंबी बने व अपने लक्ष्य का निर्धारण कर उसे पाने के लिए एकाग्र मन से जुट जाएं। दूसरों की पहल पर नहीं टिके बल्कि स्वयं नए विचारों को लेकर आगे बढ़ें। उन्होंने छात्रों को आत्मनिर्भर बनने व विपत्ति आने पर सरकार द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन 1096 व 1090 आदि के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, कस्बा इंचार्ज सुभाष सिंह, पवन कुमार, चांदवीर सिंह आदि रहे।

महात्मा ज्योतिबा फूले की 134वीं पुण्यतिथि पर किया नमन

धनौरा। महाराजा शूरसेन सैनी युवा संगठन व जिला सैनी सभा पदाधिकारियों ने मोहल्ला गांधीनगर स्थित महाराजा शूरसेनी पार्क पहुंचकर महात्मा ज्योतिबा राव फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 134वीं पुण्यतिथि मनाई। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में जिला सैनी सभा के जिला उपाध्यक्ष सोनू सैनी ने विचार रखे। जिला मंत्री देशराज सैनी ने महात्मा ज्योतिबा राव फुले को एक क्रांतिकारी, महान समाज सुधारक व समाजसेवी बताया। इस दौरान तहसील अध्यक्ष सुनील सैनी, युवा नगर अध्यक्ष सौरभ सैनी राजवीर सैनी, यशपाल सैनी, विपिन, राकेश आदि रहे।

मासूम का अपहरण कर मरा समझ कर जंगल में फेंका, आरोपी गिरफ्तार

- थप्पड़ का बदला लेने के लिए वारदात को अंजाम दिया, आरोपी मजदूर गिरफ्तार
- दो माह पहले हुए झगड़े के दौरान बच्चे के सौतेले पिता ने मार दिया था थप्पड़

प्रात : किरण, संवाददाता

नोएडा,। सेक्टर-5 स्थित गांव हरौला से 17 नवंबर को अगवा हुए पांच वर्षीय बच्चे को गुरुवार को सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस ने बच्चे का अपहरण करने के बाद उसे मरा समझकर गाजियाबाद के जंगल में फेंकने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार लिया। आरोपी ने दो माह पहले गाल पर लगे थप्पड़ का बदला लेने के लिए वारदात को अंजाम दिया था। डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि हरौला में रहने वाले राज मिस्त्री अंगद तांती ने 17 नवंबर को थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी कि उनका पांच वर्षीय बेटा लापता है। टीम ने खोजबीन शुरू की। उसी दिन गली से बारात जाने की वजह से ऐसा लगा कि जैसे बच्चा बारात में चला गया होगा, लेकिन बारात के वीडियो आदि देखने पर कोई सफलता नहीं मिली। खोजबीन के दौरान 23 नवंबर को अंगद के घर से कुछ दूरी पर एक लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में अंगद के साथ काम करने वाले मजदूर धीरज मूल निवासी बिहार अरवल गांव सिकंदरपुर के साथ बच्चा जाता दिखा। पुलिस ने आरोपी को बुधवार को हरौला पार्क के पास से हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह 17 नवंबर की सुबह बच्चे को लेकर नोएडा से दिल्ली के आनंद विहार और फिर साहिबाबाद थाना क्षेत्र में नागद्वार के पास जंगल में पहुंचा। वहां गला दबाकर बच्चे को मारकर फेंक आया। यह सुनकर पुलिसकर्मियों के रोंगटे खड़े हो गए। उन्होंने आरोपियों से हत्या के पीछे का कारण पूछा तो आरोपी ने बताया कि दो माह पहले अंगद से विवाद हो गया था। अंगद ने उसे थप्पड़ जड़ दिया था। उसका बदला लेने के लिए उसने बच्चे की हत्या कर दी। पूछताछ में आरोपी धीरज ने बताया कि उसे पता था कि बच्चे का असली पिता सविता का पूर्व पति प्रेम है और वह बच्चे को वापस लेना चाहता है। वह बच्चे को कोर्ट के माध्यम से लेने की धमकी दे रहा है। इसका फायदा उठाने के लिए धीरज ने बच्चे को अपहरण कर मारने की साजिश रची थी, ताकि प्रेम बच्चे को मारने के शक में अंगद और उसकी कथित पत्नी पर मुकदमा दर्ज करा दे। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो शव नहीं मिला। स्थानीय लोगों से जानकारी करने पर पता चला कि 10-11 दिन पहले एक बच्चा मिला था और साहिबाबाद पुलिस ने सीडब्ल्यूसी के समक्ष पेश कर बच्चे को बाल आश्रम में भेज दिया था। पुलिस जब बच्चे तक पहुंची तो परिजन बच्चे को देखकर खिल उठे। बच्चे ने बताया कि धीरज अंकल ने मुंह दबाकर पिटाई की थी और जंगल में फेंक दिया था। सुबह होने पर होश आया तो पैर में बंधी रस्सी को खोला और आसपास चप्पल खोजीं, लेकिन नहीं मिलीं तो नंगे पैर सड़क पर पहुंचा। लोगों ने उसे पुलिस के पास पहुंचाया। पुलिस बहुत सारे बच्चों के पास उसे छोड़ आई थी। आरोपी ने तीन दिन तक परिवार के साथ बच्चे को खोजा मुकदमा दर्ज कराने वाले अंगद ने बताया कि जब बच्चा गायब हो गया तो 17 नवंबर को धीरज गायब रहा। अगले दिन 18 नवंबर को धीरज ने संपर्क किया। जहां-जहां वह बच्चे को खोजने जाते तो धीरज भी उनके साथ ही जाता था। शाम को जब बच्चा नहीं मिलता तो वह सविता के साथ मिलकर रोते तो धीरज भी आंखों से आंसू बहाता था। तीन दिन तक ऐसा चलता रहा। ट्रेन में बैठकर बिहार जाते वक्त पकड़ा गया पीड़ित अंगद ने बताया कि चौथे दिन जब पुलिस सक्रिय हुई तो धीरज को पकड़े जाने का डर सताने लगा।

18 साल पहले तीन बेसहारा बेटियों का सहारा बना था गुरुकुल, कराई शादी

प्रात : किरण, संवाददाता

अमरोहा। हाथों में मेहंदी, कानों में झुमके, पैरों में पाजेब और आखों में नई दुनिया के बेइंतहा खूबसूरत सपने। बुधवार को शहर के दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय की छात्रा रहीं नीलम सात फेरों के बाद जब लाल जोड़े में अपनी ससुराल के लिए विदा हुई तो उसके लिए सब कुछ एक सपने जैसा ही था। कहां 18 साल पहले की वह अंधेरी दुनिया और कहां आज। स्वागत में बाहें फैलाए खड़ा एक भरा पूरा परिवार। अब 26 साल की हो चुकी नीलम की जिंदगी का सफर खासा उतार-चढ़ाव भरा रहा है। करीब 18 वर्ष पहले उसे और उसकी दो छोटी बहनों को बेसहारा छोड़ दिया गया था। तीनों बच्चियां किसी को बरेली के रेलवे स्टेशन पर रोती मिलीं तो उन्हें शहर के अनाथालय में पहुंचा दिया गया। अनाथालय ने गुरुकुल की प्रधानाचार्या डॉ. सुमेधा से संपर्क किया और तीनों बहनों को सहारा देने की गुहार लगाई। डॉ. सुमेधा ने बेसहारा तीनों बहनों को अपनी बेटी की तरह पाला पोसा। उनके हर सुख और दुख को अपना लिया। पालन-पोषण के साथ उन्हें शिक्षा की राह दिखाई। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। नीलम ने प्रारंभिक शिक्षा से लेकर नेट पास करने तक कड़ी मेहनत की। उन्हें देखकर उनकी दोनों बहनें भी पीछे नहीं रहीं। जयश्री ने 24 तो रंजना ने 22 वर्ष की उम्र में एमए, बीएड, यूपीटेट, सीटेट पास कर लिया। अब दोनों बहनें नेट की तैयारी में जुटी हैं।

मेरठ में हुई शादी, डॉ. सुमेधा ने किया कन्यादान

अमरोहा। नीलम को शादी के मंडप तक पहुंचाने में डॉ. सुमेधा की अहम भूमिका रही है। वह बड़ी हुई तो उन्हें बिटियां के ब्याह की चिंता सताने लगी। उन्होंने कुछ लोगों से बात आगे बढ़ाई तो नोएडा के पास जेवर के एक कारोबारी परिवार में नीलम का ब्याह तय हो गया।बुधवार को मेरठ में रीति-रिवाज के साथ शादी होने के बाद नीलम की विदाई हो गई। शादी में डॉ. सुमेधा के साथ मेरठ के बलराम और दिल्ली के अनुज कुमार का सहयोग रहा। कन्यादान की रस्म अदा करते समय डॉ. सुमेधा की भी आंख नम थीं। मगर, उन्हें इस बात का संतोष भी था कि बिटिया अब अपनी अलग दुनिया बसा रही है।

बांग्लादेश के साथ भारत सरकार तुरंत बंद करे व्यापार : यूनाइटेड हिंदू फ्रंट

प्रात : किरण, संवाददाता

नई दिल्ली : बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ लगातार हो रहे अत्याचार और वहां की सरकार द्वारा हिंदुओं को संरक्षण नहीं देने के कारण भारत सरकार को बांग्लादेश के साथ व्यापार अविलंब बंद कर देना चाहिए। वरिष्ठ भाजपा नेता ,यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जय भगवान गोयल ने उपरोकत मांग उठाते हुए कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच करीब 1.20 लाख करोड़ का व्यापार होता हैद्य भारत बांग्लादेश के होने वाले कुल निर्यात का 12 प्रतिशत हिसा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश सरकार तानाशाही की ओर बढ़ रही है ,वहां लोकतंत्र समाप्त हो चुका है। अन्य इस्लामिक देशों की तरह बांग्लादेश में भी अल्पसंख्याक विशेष कर हिंदू पूरी तरह असुरक्षित हैं। ऐसे में विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत को ऐसे किसी देश से व्यापार नहीं करना चाहिए जहां मानव अधिकारों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। श्री गोयल ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर निरंतर हो रहे हैं हमलो, उनके मंदिरों को जलाए जाने, दुकानें और अन्य व्यापारिक संस्थानों को नष्ट कर दिए जाने की घटनाओं पर संयुक्त राष्ट्र तथा अन्य विकसित देशों की चुप्पी पर चिंता व्यक्त की है। इस्कॉन के स्वामी चिन्मय प्रभु की अवैध गिरफ़्तारी की कटु आलोचना करते हुए श्री गोयल ने कहा कि इस्लामिक चरमपंथियो के दबाव में इस्कॉन पर प्रतिबन्ध लगाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगाद्य इस्कॉन के 150 देशों में फैले 10 लाख से अधिक शिष्य ही नहीं बल्कि दुनिया भर के हिंदू इसके विरुद्ध अपनी कड़ी आवाज उठाएंगे। उन्होंने पुरजोर मांग की कि स्वामी चिन्मय प्रभु को तुरंत रिहा किया जाना चाहिए उन्होंने आगे कहा कि डरे हुए और मौत के साए में जी रहे बांग्लादेश के हिंदू भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रहे है

पुलिस कर्मचारियों को सिखाया पीड़ित बच्चों से कैसा व्यवहार करें

प्रात : किरण, संवाददाता

गुरुग्राम,। अंतरराष्ट्रीय संस्था न्यू कॉन्सेप्ट सेंटर फॉर डेवलपमेंट कम्युनिकेशन के सहयोग से बच्चों से संबंधित अपराधों तथा मामलों में जानकारी देने के लिए गुरुग्राम पुलिस कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय सत्र आयोजित किया गया। यहां पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में यूनिसेफ के सहयोग से यह आयोजन किया गया। नाबालिग बच्चों से संबंधित मामलों में बच्चों से व्यवहार करने, उनके व्यवहार को समझने के संबंध में पुलिस के कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान यूनिसेफ के तहत संस्था न्यू कॉन्सेप्ट सेंटर फॉर डेवलपमेंट कम्युनिकेशन संस्था से सुधा नायर द्वारा पुलिस कर्मचारियों को नाबालिग बच्चों से संबंधित मामलों/शिकायतों में बच्चों से व्यवहार करने, उनके व्यवहार को समझने के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान पुलिस कर्मचारियों को इंटरएक्टिव सेशन के माध्यम से बच्चों से संबंधित मामलों में पीड़ित बच्चों से व्यवहार करने, उनकी बातों को समझने, बच्चों के व्यवहार के माध्यम से जानकारी इक्ा करने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान पुलिस कर्मचारियों को बताया गया कि कई बार पीड़ित बच्चे दबाव में या डर के कारण अपनी बात को कह नहीं पाते। इसलिए बच्चों के व्यवहार, हाव भाव को समझकर बच्चों को अपने विश्वास में लेकर, उनके दर को खत्म करके, उनको अपने साथ सहज करके मामले से संबंधित जानकारी लेनी चाहिए। इस दौरान यूनिसेफ से वृंदा शर्मा, प्रणव कपूर, एनसीसीडीसी से अखिल डोभाल व पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

बंद घरों को निशाना बना चोरी करने वाला गैंग पकड़ा

प्रातः किरण संवाददाता

गाजियाबाद,। बंद घरों को निशाना बनाकर नगदी-जेवर तथा अन्य सामान चोरी करने वाले गिरोह का खिलासा करते हुए नंदग्राम पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में कई घटनाओं को अंजाम देना कबूल किया है। उनके कब्जे से लाखों के जेवर, नगदी तथा बाइक बरामद हुई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की वारदात करते थे। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि नंदग्राम स्थित एचआईजी फ्लैट में रहने वाले संजय कुमार ने 12 नवंबर को घर में हुई चोरी के संबंध में थाने पर केस दर्ज कराया था। जिसमें संजय कुमार का कहना था कि वह परिवार के साथ यशोदा अस्पताल गए हुए थे, वहां से लौटे तो घर का दरवाजा खुला था और अलमारी का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। चोर उनके घर से लाखों कीमत के जेवरात और हजारों का कैश चोरी कर ले गए। एसीपी की मानें तो केस दर्ज करने के बाद चोरों की तलाश के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और फिर मुखबिर की सूचना पर तीन आरोपी चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपियों में मोसिन उर्फ नदीम निवासी खोड़ा, सरफराज उर्फ फैज निवासी खोड़ा और विकास सोनी निवासी ज्योतिनगर दिल्ली शामिल हैं। एसीपी नंदग्राम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से साढ़े तीन लाख रुपए के जेवर, 45 हजार रुपए की नगदी तथा वारदात में इस्तेमाल होने वाली बाइक बरामद हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह नशे के आदी हैं। नशे की लत को पूरी करने के लिए वह चोरी की घटनाएं करते हैं। आरोपियों ने नंदग्राम बी-ब्लॉक में दो घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। इसके अलावा 22 नवंबर को मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के कई घरों में चोरी की घटना को अंजाम देना कबूल किया। एसीपी का कहना है कि आरोपियों द्वारा कबूली गई घटनाओं को तस्दीक किया जा रहा है।

इंटरनेशनल टोक्यो जापान प्रतिनिधिमंडल ने सीएफपी रिजवैली स्कूल का दौरा किया

प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्लीः कार्यक्रम में पांच प्रमुख संगठनों ने एक ही छत्र के नीचे आकर युवा बच्चों को उत्कृष्ट नेतृत्व गुणों के साथ धरती पर भविष्य के महान निवासी बनाने का लक्ष्य रखा। एत्सुको नाकानो के नेतृत्व में ओआईएससीए इंटरनेशनल मुख्यालय की टीम, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3011 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. महेश त्रिखा, बीएनआई गुड़गांव और फरीदाबाद क्षेत्र के बिजनेस वॉयस फ्यूचर लीडर्स प्रोग्राम के प्रतिनिधि श्री पीयूष प्रकाश और श्री पवन इंद्रजीत सिंह और जीटीटीसीआई के अध्यक्ष डॉ. गौरव गुप्ता और ओआईएससीए नॉर्थ इंडिया चैप्टर के नेतृत्व में रितु प्रसाद और डॉ. मीनू कुमार ने मिलकर संदेश दिया कि स्वयं से पहले सेवा करें। रिज वैली स्कूल रोटरी इंटरैक्ट क्लब की स्थापना समारोह प्रायोजक क्लब की देखरेख में - प्रगतिशील विचारकों के रोटरी ई क्लब की आधिकारिक तौर पर डीएलएफ क्यूईसी इनोवेटिव स्कूल, रिज वैली में आयोजित एक भव्य समारोह में की गई। यह कार्यक्रम मानवीय सेवा, नैतिक मानकों और वैश्विक सद्भावना को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। औद्योगिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक उन्नति संगठन (डक्रउअ), रोटरी इंटरनेशनल, बिजनेस नेटवर्किंग इंटरनेशनल (इठक फाउंडेशन), मुस्कान फाउंडेशन और ग्लोबल ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल इंडिया (ऋळळउक) के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने इस अवसर पर सेवा और सहयोग की भावना का जश्न मनाया। इस समारोह में डक्रउअ इंटरनेशनल के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें डक्रउअ इंटरनेशनल की अध्यक्ष सुश्री एत्सुको नाकानो, डक्रउअ इंटरनेशनल के उपाध्यक्ष श्री नागायाशी यासुकी और डक्रउअ इंटरनेशनल के सचिव श्री कित्सुकी फुमियो शामिल थे, जिनके साथ भारत में डक्रउअ और अछअफ की राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष श्री आलोक सिन्हा भी थे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. गौरव गुप्ता, संस्थापक अध्यक्ष (जीटीटीसीआई); श्री पीयूष और श्री पवन इंद्रजीत सिंह (बीएनआई); सुश्री शांति ऑलक। अध्यक्ष, (मुस्कान फाउंडेशन); डॉ. पुष्पा सेठी, एक प्रतिष्ठित रोटरी जिला अध्यक्ष और श्री ईश आनंद (रोटरी इंडिया) और श्री कुमार राकेश - एक प्रख्यात पत्रकार शामिल थे। स्वर्णिम त्रिभुज की तीन भुजाओं पर फैले, रोटेरियन डॉ. मीनू कुमार, कॉस्मो आर्ट्स इंडिया गैलरी की मालिक- पेशे से एक आर्ट गैलरिस्ट और सामाजिक कार्यकर्ता, रिज वैली स्कूल और इन प्रतिष्ठित संगठनों के बीच सेतु रही हैं। वह ओआईएससीए की उपाध्यक्ष हैं। स्कूल परिषद ने प्रतिनिधियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता और वृक्षारोपण अभियान और प्लास्टिक योद्धा अभियान जैसे समुदाय संचालित पहलों के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के लिए एक दौरे पर ले जाया समारोह की शुरूआत स्कूल की प्रिंसिपल सुश्री निधि तिवारी के गर्मजोशी भरे स्वागत से हुई, जिसके बाद स्कूल के गायक मंडली ने एक भावपूर्ण प्रदर्शन किया, जिसने एक प्रेरणादायक माहौल बनाया। इस स्थापना ने बच्चों के वन कार्यक्रम परियोजना के तहत डक्रउअ इंटरनेशनल और रिज वैली स्कूल के बीच औपचारिक सहयोग को भी चिह्नित किया, जिसमें अपशिष्ट पुनर्चक्रण और प्लास्टिक बैग के उपयोग में कमी पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, इठकके सहयोग से, रिज वैली स्कूल ने प्रोजेक्ट बिजनेस वॉयस फ्यूचर लीडर्स प्रोग्राम के माध्यम से सहयोग किया। यह पहल छात्रों को आवश्यक व्यवसाय और नेटवर्किंग कौशल से लैस करने पर केंद्रित है, ताकि वे भविष्य के नेताओं के रूप में विकसित हो सकें। साझेदारी का उद्देश्य युवा व्यक्तियों को समाज में सार्थक योगदान देने और अधिक दयालु और न्यायसंगत दुनिया की दिशा में प्रयास करने के लिए सशक्त बनाना है।

श्री वेंकटेश्वरा मे मीडिया संवाद -2024 एवं सम्मान समारोह का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

अमरोहा/गजरौला।श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में वैंकटेश्वरा एवं यू. पी. एसोशियेशन ऑफ जर्नलिस्ट के संयुक्त तत्वाधान में ह्लमीडिया संवाद- 2024ह्व का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पधारे 200 से अधिक प्रिंट / इलेक्ट्रानिक / डिजिटल मीडिया के पत्रकार बन्धुओं को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर ह्लआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बढ़ता मायाजाल एवं मीडिया पर इसका प्रभावह्व विषय पर एक दिवसीय प्रादेशिक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ पत्रकारों एवं साहित्यिक चिंतकों ने ह्यए.आई.ह्व के बढ़ते मायाजाल / मकड़जाल पर चिंता व्यक्त करते हुए बिना आवश्यकता के इसके अतिरिक्त उपयोग से बचने की नसीहत दी। श्री वैंकटेश्वरा संस्थान के टैगोर भवन में ह्लआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बढ़ता मकड़जाल एवं मीडिया पर इसका प्रभावह्व विषय पर आयोजित मीडिया संवाद -2024 का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ए.डी. जी. मेरठ जोन ध्रुवकांत ठाकुर, संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, उपज के प्रदेश अध्यक्ष श्री सर्वेश ठाकुर, परिसर निदेशक डा. प्रताप, जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, विख्यात कवियित्री अनामिका जैन अम्बर, सौरभ जैन आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कानूनविद रामकुमार शर्मा, एस.पी. सिटी आयुष विक्रम सिंह, एस.पी. ट्रैफिक, सिटी मजिस्ट्रेट एवं विभिन्न मीडिया हाउसेस के प्रतिनिधि समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे` परिसर निदेशक डा. प्रताप ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का शानदार संचालन मीडिया प्रभारी विश्वास राणा एवं अजय चौधरी ने किया।

विवाहिता ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या की

प्रात : किरण संवाददाता

गाजियाबाद, । पुराना विजयनगर में गुरुवार सुबह विवाहिता ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त विवाहिता का पति ड्यूटी पर गया हुआ था। पड़ोसियों ने शव फंदे पर लटका देखा तो घटना की जानकारी दी, जिसके बाद विजयनगर पुलिस को बताया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पुराना विजयनगर गली नंबर-तीन में रहने वाले हर्ष वर्मा लोहियानगर में प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनकी शादी 30 फरवरी 2022 को 24 वर्षीय खुशबू उर्फ शिवानी के साथ हुई थी। गुरुवार सुबह हर्ष वर्मा ड्यूटी पर चले गए। घर पर पत्नी खुशबू अपने डेढ़ वर्षीय बेटे के साथ मौजूद थी। सुबह करीब 11 बजे खुशबू ने कमरे में पंखे से फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। बच्चे को रोता देख पड़ोसी घर पहुंचे तो खुशबू का शव पंखे से लटका देख उनके होश उड़ गए। पड़सियों ने हर्ष वर्मा को सूचना दी, जिन्होंने घर आकर पुलिस को सूचना दी। डीसीपी सिटी राजेश कुमार का कहना है कि प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के कारण का पता नहीं लग सका है।

मस्जिद और दरगाहों को टार्गेट कर नफरत फैलाने की कोशिश कर रही भाजपा:मोहम्मद हैदर

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। आम आदमी पार्टी के रूहैलखण्ड प्रांत के अध्यक्ष इंजीङ्क मोहम्मद हैदर ने कहा की उत्तर प्रदेश में संभल शाही जामा मर्स्ज़िद के बाद अब राजस्थान के अजमेर में दरगाह के सर्वे की माँग के बहाने भारतीय जनता पार्टी जरूरी मुद्दों से ध्यान भटकाकर देश को नफरत की आग में झोंकने का एक नया षड्यंत्र तैयार कर रही है। बृहस्पतिवार को एक प्रेस नोट के माध्यम से इंजीङ्क मोहम्मद हैदर ने कहा कि पूजा स्थल 1991 का कानून साफ कहता है 15 अगस्त 1947 को अस्तित्व में आए किसी भी धार्मिक स्थल का स्वरूप नहीं बदला जा सकता, न कोर्ट में इन मामलों की सुनवाई होगी। लेकिन शर्मनाक बात यह है कि हिंदुत्व का एजेंडा पूरा करने के लिए कानून और संविधान की धज्जियां उन लोगों की सरपरस्ती में उड़ाई जा रही हैं जो कुछ दिन पहले संविधान को माथे पर लगाकर उसको पूजने का दिखावा कर रहे थे।अखिर ये नफरती ताकतें देश के माहौल में जहर घोलने से बाज क्यों नहीं आ रही।उन्होंने कहा की अजमेर दरगाह पर सिर्फ मुस्लिम समाज नही बल्कि हिन्दू और सिख समाज भी सूफी मोइनुद्दीन चिश्ती ख्वाजा गरीब नवाज जी की दरगाह पर आस्था रखते हैं। उन्होंने कहा की आम आदमी पार्टी माननीय सर्वोच्च न्यायालय से अनुरोध करती है कि इस तरह के मामलों में दखल देकर न सिर्फ 1991 के पूजा स्थल कानून की हिफाजत करें बल्कि उसे अमल में भी लाने का आदेश पारित करें ताकि संभल जैसी देश को शर्मसार करने वाली घटनाओं से बचा जा सके।इंजीङ्क मोहम्मद हैदर ने कहा की आम आदमी पार्टी हर कदम पर देश के सभी वर्गों के साथ खड़ी है। कोर्ट, सड़क, संसद जहां भी जरूरी होगा इस देश को नफरत और हिंसा से बचाने के लिए लड़ेंगे।

गुरुग्रामः ऑटो चालक की हत्या के दो दोषियों को उम्र कैद की सजा

घाटा गांव में की गई थी ऑटो चालक की हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम,। यहां की एक अदालत ने ऑटो चालक के साथ मारपीट करके हत्या करने के दो दोषियों को उम्र कैद (कठोर कारावास) की सजा सुनाई है। साथ ही दोषियों पर 10-10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। जानकारी के अनुसार 27 सितंबर 2021 को थाना सेक्टर-56 में एक सूचना गांव घाटा जिला गुरुग्राम में एक ऑटो चालक की हत्या की सूचना मिली थी। पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची। वहां पर एक व्यक्ति आसिफ निवासी गांव बगैरन जिला बदायूं (उत्तर-प्रदेश) ऑटो में मृत अवस्था में पड़ा था। पुलिस टीम द्वारा सीन ऑफ क्राइम व फिंगरप्रिंट टीमों से घटनास्थल का निरीक्षण करवाया गया। घटनास्थल पर एक व्यक्ति ने पुलिस टीम को शिकायत के माध्यम से बताया कि 27 सितंबर 2021 को एक महिला व व्यक्ति ने रॉड से मारपीट करके ऑटो वाले की हत्या कर दी। शिकायत पर थाना सेक्टर-56 गुरुग्राम में केस दर्ज किया गया। इस मामले में गुरुग्राम पुलिस द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान की पहचान याकूब (28) निवासी गांव अंथरा जिला बदायूं (उत्तर-प्रदेश) व सोनिया उर्फ जुगनी (28) निवासी गांव बगैरन जिला बदायूं (उत्तर-प्रदेश) हाल निवासी संतोषी नगर जालंधर (पंजाब) के रूप में हुई थी। इस केस में गुरुग्राम पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद इस केस की गहनता से जांच की। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ सभी आवश्यक साक्ष्य व गवाह एकत्रित किए थे, जिन्हें अदालत में पेश किया था। गुरुग्राम पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई थी। इस मामले में एडिशनल सेशन जज तरुण सिंघल की अदालत ने फैसला सुनाया। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा साक्ष्य व गवाहों के पुख्ता सुबूत अदालत में दिए गए। इसी आधार पर अदालत ने आरोपिय

संक्षिप्त खबरें

फरीदाबाद में शराब से भरा केंटर पलटा, बोतलें उठा ले गए लोग

फरीदाबाद, । फरीदाबाद में मुंबई वडोदरा एक्सप्रेसवे पर गुरुवार को शराब से भरा केंटर पलट गया। इसमें भरी शराब की बोतलें पूरे नेशनल हाईवे पर फैल गई। इससे वहां हडकंप मच गया। कुछ लोग तो शराब की बोतलें तक उठा ले गए। इस दौरान एक्सप्रेसवे पर पलटी गाड़ी के ड्राइवर व कंडक्टर गाड़ी को उसी हालत में छोड़ कर चले गए। सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शराब की सूचना एक्साइज विभाग को भी दी गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि मुंबई वडोदरा एक्सप्रेसवे पर हादसा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां एक केंटर पलटा हुआ मिला। इसमें भारी मात्रा में शराब भरी हुई थी। हादसे के बाद शराब की बोतलें आसपास फैल गई। इस दौरान कुछ लोग मौका लगा कर बोतलें उठा कर भी ले गए। पुलिस ने मौके पर जांच की तो वहां पर न तो केंटर का ड्राइवर और न ही कंडक्टर मिला। माना जा रहा है कि केंटर में अवैध शराब भरी हुई थी। इसके बाद एक्साइज विभाग को सूचना दी गई। फिलहाल पुलिस और एक्साइज विभाग बड़े पैमाने पर मिली शराब की जांच में जुटी है कि आखिर यह शराब किसकी थी और इसे कहां से लाकर कहां ले जाया जा रहा था।

फरीदाबाद में अवैध हथियार मामले में युवक काबू

फरीदाबाद, । अवैध हथियार के मामले में आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पुलिस रिमांड पर पूछताछ जारी है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार 12-13 नवंबर की रात पाली भांखरी रोड सैनिक कॉलोनी स्थित शराब ठेके पर गोली चलाने के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने आरोपी कैलाश उर्फ लूटस और ऋतिक उर्फ रोबिन को गिरफ्तार किया था। पूछताछ पर पता चला कि आरोपी कैलाश उर्फ लूटस ने वारदात में प्रयोग करने वाले अवैध हथियार उसके भाई नेत्रपाल ने लाकर दिया था। नेत्रपाल वासी गांव भाकरी थाना डबुआ के अवैध हथियार के एक मामले में जेल बंद है। अपने भाई कैलाश उर्फ लूटस को अवैध उपलब्ध कराने के बारे में पूछताछ के लिए आरोपी नेत्रपाल को कोर्ट के माध्यम से पुलिस प्रोडक्शन पर लेकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी का 2 दिन पुलिस रिमांड लिया गया है। रिमांड के दौरान पता किया जाएगा, अवैध हथियार को कहां से लेकर आया था।

फरीदाबाद में बाल विवाह के विरूद्ध दिलाई जागरूकता शपथ

फरीदाबाद, । फरीदाबाद में बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम का खंड स्तरीय प्रोग्राम फरीदाबाद हढ्ढञ्ज-1 के सारन गांव के सरकारी स्कूल में आयोजित हुआ। जिसमें 550 स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। गुरुवार को जिला संयोजक मिशन शक्ति विकल ने बच्चों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि काई भी 18 साल से पहले शादी ना करे। साथ ही अपने आसपास किसी भी बच्चों के बाल विवाह की सूचना 112 नंबर पर देने की बात कही। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीता दहिया ने बच्चों को सही खान-पान और स्वस्थ रहने के तरीकों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही 112 इंडिया ऐप, चाइल्ड हेल्पलाइन व महिला हेल्पलाइन के बारे में जागरूक किया।

फरीदाबाद : भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस ड्रोन से रखेगी नजर

फरीदाबाद, । आज के युग में यातायात पुलिस द्वारा आधुनिक तकनीकी का प्रयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस उपायुक्त यातायात जसलीन कौर के द्वारा भीड-भाड वाले स्थानों का ड्रोन के माध्यम से निरीक्षण कराया गया है। यातायात पुलिस द्वारा शहर फरीदाबाद के भीड-भाड वाले क्षेत्र का ड्रोन के माध्यम से निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण उपरांत रिपोर्ट के आधार पर भीड-भाड वाले क्षत्रों में यातायात को सुगम बनाने के लिए योजना तैयार करके कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही यातायात पुलिस द्वारा जिला फरीदाबाद के सडकों का भी ड्रोन के माध्यम से निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण उपरांत उचित यातायात सुविधाएं यातायात पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। यातायात पुलिस द्वारा पुलिस उपायुक्त यातायात के मार्गदर्शन में वाहन चालकों को जागरुक करने की पहल शुरू की गई है। जिसके अंतर्गत रेड लाइट पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को मेगाफोन उपलब्ध कराए गए है। पुलिस कर्मियों द्वारा मेगाफोन के माध्यम से वाहन चालकों को जेबरा क्रॉसिंग लाइन की पालना बारे जागरुक किया जा रहा है। शुरूआती तौर पर वाहन चालको को जागरुक किया जाएगा। यदि जागरुकता उपरांत भी वाहन चालको द्वारा जेबरा क्रॉसिंग की पालना सुनिश्चित नही की जाएगी तो ऐसे वाहन चालको के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए नियमानुसार चालान किए जाएगे।

1100 करोड़ रुपये से सिटी बस का नेटवर्क होगा मजबूत, प्रदूषित हवा से मिलेगी राहत

प्रात : किरण, संवाददाता

गुरुग्राम, । हरियाणा सरकार ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए वित्त पोषित हरियाणा स्वच्छ वायु परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के प्रारूप को मंजूरी मिल गई है। जीएमडीए कार्यालय में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) के अध्यक्ष पी. राघवेंद्र राव की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जीएमडीए और एफएमडीए द्वारा गुरुग्राम और फरीदाबाद में सिटी बस सेवाओं को और मजबूत करने पर चर्चा की गई। बैठक में जीएमडीए और एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए. श्रीनिवास, एचएसपीसीबी, जीएमडीए, एफएमडीए, जीएमसीबीएल, एमसीजी के वरिष्ठ अधिकारी और विश्व बैंक और डीआईएमटीएस के अधिकारी मौजूद थे। सतत विकास के लिए वित्त पोषित हरियाणा स्वच्छ वायु परियोजना का उद्देश्य प्रदूषण से निपटना और पूरे हरियाणा में सतत विकास को बढ़ावा देना है और इसे विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा। इस परियोजना को छह वर्षों में क्रियान्वित किया जाना है, जिसके पहले चरण के लिए 3,600 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसमें गुरुग्राम और फरीदाबाद प्राथमिक फोकस क्षेत्र होंगे। एचएसपीसीबी के अध्यक्ष ने कहा कि परिवहन क्षेत्रों के लिए लगभग 1100 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं और दोनों शहरों के लिए अपने सिटी बस परिवहन नेटवर्क को और बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं और इसलिए राज्य में वायु प्रदूषण से निपटने में योगदान दिया जा सकता है। बैठक में जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने दोनों स्मार्ट शहरों में सिटी बस सेवाओं की मौजूदा रूपरेखा प्रस्तुत की और आम जनता के लाभ के लिए सार्वजनिक परिवहन संरचनाओं को मजबूत करने के लिए बुनियादी ढांचे और जनशक्ति क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्राधिकरणों द्वारा की जा रही योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। जीएमडीए के अंतर्गत सेक्टर 10 और 52 में दो डिपो संचालित हैं और सेक्टर 48 में बस डिपो के विकास के साथ-साथ इलेक्ट्रिक सबस्टेशन के प्रावधान का काम भी जल्द ही शुरू हो जाएगा। प्राधिकरण ने सेक्टर 29, 65, 103 और 107 में नए ई-बस डिपो के विकास के लिए भूमि की पहचान भी कर ली है। एफएमडीए सेक्टर 61 में 10 एकड़ क्षेत्र में 200 बसों के संचलान के लिए बस डिपो के विकास की भी योजना बना रहा है। जीएमडीए गुरुग्राम में करीब 154 नए अतिरिक्त बस क्यू शेल्टर बनाएगा और एजेंसी को काम आवंटित कर दिया गया है। एफएमडीए अधिकारियों ने बताया कि फरीदाबाद में करीब 310 बस क्यू शेल्टर वाले स्थानों की पहचान की गई है और नागरिकों को निर्बाध बस सेवा प्रदान करने के लिए उन्हें विकसित किया जाएगा। एचएसपीसीबी के अध्यक्ष ने दोनों शहरों में यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए बस बेड़े के विस्तार पर भी चर्चा की। जीएमडीए/एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री ए. श्रीनिवास ने बताया कि जीएमसीबीएल के बेड़े में वर्तमान में 200 बसें हैं और पीएम ई-सेवा योजना के तहत करीब 100 नई ई-बसें जोड़ी जाएंगी तथा प्राधिकरण द्वारा 300 अतिरिक्त ई-बसों की खरीद की जाएगी।

गुरुग्राम: साइबर ठगी में गिरफ्तार इंडसइंड बैंक का कर्मचारी

- आरोपी स्टॉक मार्केट में इन्वेस्टमैंट के नाम पर साईबर ठगों को बैंक खाता उपलब्ध कराता था
- **अब तक गुरुग्राम पुलिस द्वारा 22 बैंक कर्मचारियों को किया जा चुका है गिरफ्तार**

प्रात : किरण, संवाददाता

गुरुग्राम, । साइबर ठगी के मामले में पुलिस ने एक बैंक के कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वह स्टॉक मार्केट में इन्वेस्टमैंट के नाम पर साईबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराता था। पुलिस द्वारा अलग-अलग मामलों में अब तक 22 बैंक कर्मचारियों को ऐसे अपराधों में काबू किया जा चुका है। पुलिस थाना साईबर अपराध पूर्व गुरुग्राम में एक शिकायत देकर कहा कि शेयर मार्केट में इन्वैस्टमेंट करके मुनाफा कमाने के नाम पर करीब 35 लाख 69 हजार की धोखाधड़ी करके ठगी कर ली गई है। इस शिकायत पर थाना साइबर अपराध पूर्व, गुरुग्राम में केस दर्ज किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त साईबर अपराध प्रियांशु दीवान के नेतृत्व में थाना साईबर अपराध पूर्व के प्रबंधक निरीक्षक अमित कुमार की टीम ने इस मामले में कार्रवाई की। टीमम ने एक आरोपी को दिल्ली से काबू किया। आरोपी की पहचान हरविन्द्र सिंह निवासी गांव शाहपुर रतन जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश हाल निवासी नजदीक अंबेडकर डिपो खानपुर गांव, दिल्ली के रूप में हुई है। इस केस में दो आरोपियों विक्रम शाही व योगेंद्र भाटी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी से पुलिस पूछताछ में पता चला है कि वह वर्तमान में इंडसइंड बैंक लाजपत नगर शाखा दिल्ली में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत था। वर्ष-2022 से वह बैंक में नौकरी कर रहा है। ठगी में प्रयोग किया गया बैंक खाता आरोपी ने योगेंद्र भाटी व विक्रम शाही के साथ मिलकर फर्जी फर्म के नाम से खोला था। इस बैंक खाता के बदले आरोपी को 30 हजार रुपए मिले थे।

पूर्व सांसद कादिर राणा को आचार संहिता उल्लंघन मामले में जमानत मिली

प्रात : किरण, संवाददाता

मुजफ्फरनगर। पूर्व सांसद कादिर राणा को मीरापुर विधानसभा उपचुनाव के दौरान चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में उनके खिलाफ दर्ज दो अलग-अलग मामलों में जमानत मिल गई है। राणा बुधवार को यहां की विशेष सांसद-विधायक अदालत में पेश हुए जहां पीठासीन अधिकारी देवेंद्र सिंह फौजदार ने प्रत्येक मामले में 25,000 रुपये का मुचलका भरे जाने के बाद उनकी जमानत अर्जी मंजूर कर दी। राणा के अलावा अन्य लोगों को मीरापुर में उपचुनाव के दौरान चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोपी बनाया गया था। चुनाव अवधि के दौरान अधिकारियों द्वारा ये अलग-अलग मामले दर्ज किए गए थे। राणा के वकील नकली सिंह त्यागी ने यह पुष्टि की कि जमानत अर्जी मंजूर कर ली गई है और पूर्व सांसद को रिहा कर दिया गया है। कादिर राणा की बहू सुबुल राणा मीरापुर विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार थीं, लेकिन वह भाजपा के मिथिलेश पाल से चुनाव हार गईं। मीरापुर में मतदान 20 नवंबर को हुआ और नतीजे 23 नवंबर को जारी किए गए।

प्रेमी ने लिव-इन में रह रही युवती को मार डाला

- युवती का दूसरी जगह रिश्ता तय होने से आरोपी नाराज रहता था
- **प्रेमी और पति दोनों से एक साथ संबंध रखना चाहती थी युवती**

प्रात : किरण, संवाददाता

नोएडा, । सेक्टर-63 क्षेत्र के छिजारसी गांव में लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली युवती की उसके प्रेमी ने गला दबाकर हत्या कर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद सेक्टर-63 पुलिस ने गुरुवार को छिजारसी स्थित एसजेएस कट के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। युवती की दूसरी जगह शादी तय होने से आरोपी नाराज था। इसी को लेकर दोनों के बीच मंगलवार रात झगड़ा हुआ था। सेंट्रल नोएडा के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि बुधवार दोपहर सूचना मिली कि छिजारसी में किराये के कमरे में एक युवती का शव पड़ा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की। युवती की पहचान बिहार के जिला सीतामढ़ी के गांव नानपुर निवासी खुशबू उर्फ खुशी के रूप में हुई। सूचना पर दक्षिणी दिल्ली के जसोला गांव में रहने वाली मृतका की बुआ वहीदा खातून उर्फ मीना देवी पहुंचीं। जांच में पता चला कि एक वर्ष पूर्व खुशबू की इंस्टाग्राम के जरिये जिला कासगंज के गांव ऊंचागांव निवासी सूर्यकांत से दोस्ती हुई थी। सूर्यकांत बीए पास है और खुशबू 10वीं पास है। करीब दो माह पहले दोनों छिजारसी में आकर लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे थे। दोनों सेक्टर-63 के एफ ब्लॉक स्थित जूते के सॉल बनाने वाली कंपनी में साथ-साथ काम करने लगे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर वहीदा खातून की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया। साथ ही, सूर्यकांत की खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को दबोच लिया। रिश्ता तय होने के बाद विवाद शुरू हुआ आरोपी ने पुलिस को बताया कि दो माह पहले परिजनों ने खुशबू का रिश्ता उसकी मौसी के लड़के जावेद के साथ तय कर दिया था। इसकी जानकारी होने पर सूर्यकांत का खुशबू से आए दिन विवाद होने लगा। खुशबू कहती थी कि वह केवल घरवालों की खुशी के लिए निकाह कर रही है, लेकिन जीवनभर सूर्यकांत के साथ ही रहेगी। मंगलवार रात सूर्यकांत ने खुशबू से शादी करने का दबाव बनाया तो झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। आरोपी ने खुशबू को जमीन पर गिरा लिया और दोनों घुटने उसकी छाती पर रखकर गला दबा दिया। हत्या करने के बाद सूर्यकांत कमरे से भाग गया था। अगले दिन मकान मालिक ने खुशबू की मौत होने की सूचना दी थी।

एक व्यक्ति के खिलाफ छह वर्ष के मासूम से कुकर्म करने के आरोप में मामला दर्ज

प्रात : किरण, संवाददाता

बलिया। बलिया जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में एक छह वर्षीय मासूम के साथ कुकर्म करने के आरोप में 22 वर्षीय एक युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) कृपा शंकर ने बताया कि घटना 22 नवंबर की है। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी छह वर्षीय मासूम के साथ उसके गांव के ही अजीत यादव ने कथित तौर पर कुकर्म किया। उन्होंने बताया कि पीड़ित की दादी की तहरीर पर बुधवार को अजीत यादव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया और पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आवश्यक विधिक कार्रवाई करने के साथ ही आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस की गई टीम गठित की गई हैं।

मेरठ में हुआ देश का पहला सकरनी होम्स शॉपी का धमाकेदार लॉन्च

- सकरनी का विजनः अगले एक साल में 100+ शॉपी खोलकर हर घर तक पहुंच बनाना

प्रात : किरण, संवाददाता

सकरनी इंडिया प्रा. लि. ने अपने ग्राहकों को हमेशा उत्कृष्टता और उन्नति की दिशा में प्रेरित किया है। यह ब्रांड अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के साथ-साथ, हर निर्माण स्थल और घर में एक बेहतरीन अनुभव सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सकरनी के प्रमुख प्रोडक्ट्स, जैसेः सकरनी व्हाइट सीमेंट, सकरनी जिप्सम प्लास्टर, सकरनी मार्वल ढडढ और सकरनी वॉटरप्रूफिंग सलूशंस आदि निर्माण और होम डेकोर के क्षेत्र में उत्कृष्टता और विश्वसनीयता के प्रतीक हैं। उत्तर प्रदेश के मेरठ शहर में सकरनी ने अपनी नई उपलब्धि के रूप में सकरनी होम्स शॉपी का उद्घाटन किया। यह शॉपी सिर्फ एक दुकान नहीं बल्कि निर्माण और होम डेकोर की दुनिया में एक नई सोच और गुणवत्ता का स्तंभ है। सकरनी का उद्देश्य अपने ग्राहकों को सिर्फ प्रोडक्ट्स सेल करना नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव देना है, जो उनके निर्माण और डेकोर के हर पहलू को पूरी तरह से समृद्ध और सुगम बना सके। इस शॉपी का उद्घाटन मेरठ के श्री गणेश ट्रेडिंग कंपनी में किया गया, जहां मुख्य अतिथि डॉ. अशोक गुप्ता (चेयरमैन, सकरनी ग्रुप) ने पारंपरिक पूजा-हवन के साथ रिबन काटकर इस ऐतिहासिक पल को जश्न में बदल दिया। डॉ. अशोक गुप्ता के मार्गदर्शन में सकरनी का लक्ष्य, अगले एक साल में 100+ शॉपी खोलना है, ताकि सकरनी की क्वालिटी और विश्वास हर घर तक पहुंच सके। सकरनी का मिशन न केवल बेहतरीन उत्पादों का वितरण करना है, बल्कि हर ग्राहक को एक नया अनुभव देना है, जो उनके निर्माण कार्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाए। विशेष अतिथि के तोर पर श्री राजीव किरण गुप्ता जी ने (संरक्षक, मेरठ महानगर पेंट्स ट्रेड बोर्ड) कार्यक्रम में शिरकत करी। इस उद्घाटन कार्यक्रम को और भी भव्य बनाने में कई प्रमुख व्यक्तियों का योगदान रहा। इनमें मेरठ महानगर पेंट व्यापार मंडल के पदाधिकारी श्री पवन कुमार, श्री नितिन सिंघल, श्री अखिल सिंघल, श्री हरि ओम, श्री अमित गुप्ता, श्री दशमेश सिंह और श्री नवनीत आनंद शामिल थे। इसके अलावा, कंपनी से श्री पीयूष गोयल, श्री रमन चौधरी जी, श्री विकास जैन, श्री मनोज जैन, श्री बंकिम जी और स्थानीय अधिकारी श्री संजीव आनंद, श्री अमित बंसल, और श्री संजय पांडे भी उपस्थित रहे। इस ऐतिहासिक अवसर पर मेरठ महानगर भाजपा के महामंत्री श्री अरविंद गुप्ता मारवाड़ी और भाजपा नेता श्री कमलदत्त शर्मा ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई सकरनी होम्स शॉपी न केवल एक शॉपिंग डेस्टिनेशन है, बल्कि यह अपने ग्राहकों के लिए एक समृद्ध अनुभव का वादा करती है। यहां उपलब्ध प्रत्येक प्रोडक्ट सकरनी की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और आधुनिकता की मिसाल है। यह शॉपी न केवल निर्माण सामग्री का संग्रह है, बल्कि यह हर ग्राहक के भविष्य की जरूरतों को पूरा करने का वचन देती है। सकरनी के प्रोडक्ट्स और सेवाएं न केवल तकनीकी दृष्टि से श्रेष्ठ हैं, बल्कि ग्राहकों के विश्वास को भी जीतती हैं। सकरनी अब सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि एक भरोसा बन चुका है, जो अपने ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प करता है। सकरनी का यह नया कदम यह साबित करता है कि यह ब्रांड केवल उत्पाद नहीं, बल्कि अपने ग्राहकों के लिए एक बेहतर और सुनहरा भविष्य बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर दो पुलिसकर्मी निलंबित

प्रात : किरण, संवाददाता

बलिया। जिले के नरही थाना क्षेत्र में दो लोगों को थाने पर लाकर उनसे अवैध वसूली करने के आरोप में दो पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए इनके खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने बताया कि नरही थाना अंतर्गत एक प्रकरण संज्ञान में आया है कि थाना क्षेत्र के भरौली गांव के रुदल यादव को गत 25 नवंबर को थाने पर तैनात दो पुलिस कर्मी कांस्टेबल कौशल पासवान और श्रीशलाल बिन्द उठाकर थाने पर ले आए और उससे बैरक में ले जाकर डरा धमका कर पैसों की वसूली की गयी। घटना के समय रुदल यादव अपने खेत में काम कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक के अनुसार रुदल यादव द्वारा दी गई इस सूचना पर तत्काल क्षेत्राधिकारी (सदर) से जांच कराई गयी जिसमें प्रथम दृष्टया दोनों आरक्षियों की संलिप्तता पायी गयी। उन्होंने बताया कि इसको देखते हुए तत्काल प्रभाव से कांस्टेबल कौशल पासवान व श्रीशलाल बिन्द को कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता एंव अनुशासनहीनता बरतने के आधार पर निलंबित किया गया है। निलंबन के आदेश बुधवार को रात्रि जारी किए गए। पुलिस विभाग के मीडिया प्रकोष्ठ के अनुसार इस मामले में नरही थाने में बुधवार देर रात्रि रुदल यादव की तहरीर पर दोनों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। नरही थाना पूर्व में भी इसी तरह की अवैध गतिविधियों से जुड़ा रहा है। गत 25 जुलाई को वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक वैभव कृष्ण ने नरही थाना क्षेत्र में बिहार सीमा पर पुलिस कर्मियों द्वारा वाहनों से अवैध वसूली के गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया था। इस मामले में नरही थाने के प्रभारी पन्ना लाल और और अन्य पुलिसकर्मियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था।

बेहतर समाधान सुनिश्चित करना समाधान शिविर का उद्देश्य: डा. सुभिता ढाका

प्रात : किरण, संवाददाता

गुरुग्राम, । नगर निगम गुरुग्राम की अतिरिक्त आयुक्त डा. सुभिता ढाका ने कहा कि समाधान शिविर आयोजन का उद्देश्य यही है कि नागरिकों की शिकायतों का बेहतर समाधान सुनिश्चित हो। हरियाणा सरकार द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों की पालना में नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में प्रत्येक कार्य दिवस सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह बात उन्होंने गुरुवार को सेक्टर-34 स्थित निगम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में प्रॉपर्टी टैक्स डाटा सुधार से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है, जबकि ऐसी शिकायतें जिनके समाधान में कुछ समय लगना है, उस बारे में समयसीमा निर्धारित करके अधिकारियों को जल्द प्रक्रिया शुरू करने बारे निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन शिकायतों के स्थाई समाधान में समय लगना है, वहां पर तुरंत अस्थाई समाधान करके नागरिकों को अंतरिम राहत उपलब्ध कराई जाए। नगर निगम के पुराने कार्यालय में जोन-1 क्षेत्र के लिए आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता संयुक्त आयुक्त प्रदीप कुमार ने की। जोन-2 क्षेत्र के नागरिकों की शिकायतें संयुक्त आयुक्त एवं डीआरओ मनबीर सिंह द्वारा सुनी गई। जोन-3 क्षेत्र में लगने वाले शिविर में संयुक्त आयुक्त सुमन भांखड़ शिकायतों की सुनवाई की।

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय सहयोग से सूर्या फाउण्डेशन व इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आगेर्नाइजेशन क्ठड ने आयोजित किया राष्ट्रीय महाधिवेशन

प्रात : किरण, संवाददाता

दिल्ली अक्टूबर आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से सूर्या फाउण्डेशन व इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आगेर्नाइजेशन क्ठड ने नई दिल्ली में 7वें प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय महाधिवेशन का आयोजन किया। इस राष्ट्रीय महाधिवेशन का उद्घाटन केन्द्रीय कानून व न्याय मंत्री श्री अर्जुनराम है मेघवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अधिवेशन में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी. नड्डा एवं आयुष मंत्री श्री प्रतापराव जाधव वर्चुअली उपस्थित रहे। इस अवसर पर कानून मंत्री मेघवाल जी ने कहा कि जो ठं का बिल रूका हुआ है, उसे पास करवाने की अगर किसी में शक्ति है, तो उसका नाम है नरेंद्र मोदी, जो असंभव को भी संभव कर देते हैं। नारी वंदन बिल का उदाहरण देते हुए बताया कि ये बिल भी अटका हुआ था, उस अटके हुए बिल को संसद में पास कराकर नया इतिहास रचा। उन्होंने आश्वासन दिया नैचुरौपैथी योग का बिल जो अटका हुआ है उसे पास कराने का भरसक प्रयास किया जाएगा क्योंकि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री प्रकृति के पंचमहाभूतों के साथ प्राकृतिक जीवन जीते हैं। इसलिए कहा जाता है कि मोदी है तो मुमकिन है। इसलिए आपका बिल पास होना भी हर हाल में मुमकिन है। उद्घाटन सत्र को वर्चुअली संबोधित करते हुए श्री जे.पी. नड्डा जी ने कहा कि सूर्या फाउण्डेशन क्ठड ने योग-नैचुरोपैथी के प्रचार-प्रसार एवं विकास में अहम भूमिका निभाई है। भारत सरकार पारम्परिक चिकित्सा पद्धतियों के विकास एवं अनुसंधान के कार्य को निरंतर आगे बढ़ा रही है। उन्होंने महाधिवेशन में देश भर से पधारे योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा प्रतिनिधियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर आयुष मंत्री श्री प्रतापराव जाधव ने सभा को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी स्वस्थ रहने के लिए प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाते थे। 78 वर्ष पूर्व आज ही के दिन गांधी जी द्वारा 1946 में पुणे में ऑल इंडिया नेचर क्योर फाउण्डेशन ट्रस्ट की स्थापना की गई थी। इस ट्रस्ट का उद्देश्य प्राकृतिक चिकित्सा का ज्ञान व लाभ घर-घर तक पहुंचाना था। मुझे आज यह बताते हुए बड़ी खुशी हो रही है कि आज उसी स्थान पर निसर्ग ग्राम के नाम से पुणे में 250 बेड का अस्पताल बनाया गया है, जिसका उद्घाटन हाल ही में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। श्री जाधव ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा के प्रचार-प्रसार के लिए इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आगेर्नाइजेशन ;क्ठड द्वारा मुझे कई सुझाव मिले हैं। जिस पर मंत्रालय सकारात्मक कार्यवाही कर रहा है और जल्दी ही उसके परिणाम भी मिलेंगे। मैं आपसे आग्रह करूंगा की इस राष्ट्रीय महाधिवेशन के जो भी रेजोल्यूशन हो मुझे अवश्य भेजें आपके सभी सुझावों पर हम विचार करेंगे और उसे लागू करने का भी प्रयास करेंगे। इस अवसर पर सूर्या फाउण्डेशन प्छ० के चेयरमैन पद्मश्री जयप्रकाश अग्रवाल ने देश भर से पधारे सभी प्राकृतिक चिकित्सा प्रेमियों को बधाई देते हुए कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा की प्रैक्टिस करने वाले हर डाक्टर को स्वयं पहले इसे अपनाना होगा।

मलाइका अरोड़ा ने शुरू किया बेटे के साथ नया प्रोजेक्ट, दोनों रखते हैं एक ही काम में इंट्रेस्ट

मलाइका अरोड़ा खान अपने बेटे अरहान के साथ दोस्ती भरा रिश्ता रखती हैं। अरबाज खान से तलाक के बाद उन्होंने अरहान को बहुत सपोर्ट किया है। अरहान अभी अपने करियर के लिए कई ऑप्शन तलाश रहे हैं। ऐसे में उन्होंने एक ऐसा प्रोजेक्ट शुरू किया है। जिसमें उन्हें अपनी मां मलाइका का साथ मिला।

दोनों ने शुरू किया एक रेस्टोरेंट

मलाइका और अरहान दोनों ही खाने के शौकीन हैं। ऐसे में दोनों ने मिलकर एक रेस्टोरेंट मुंबई में खोला है। मलाइका ने एक इंटरव्यू में बताया कि वह और अरहान देश दुनिया की सैर पर जाते हैं और वहां का खाना टेस्ट करते हैं। ऐसे में जब अरहान ने रेस्टारेंट शुरू करने का सोचा तो इसमें मलाइका ने उनका साथ दिया। अरहान के कुछ दोस्त भी इस प्रोजेक्ट में उनका साथ दे रहे हैं।

बेटे से मन की बातें करती हैं साझा

अरहान खान एक पॉडकास्ट शो भी कुछ समय पहले तक करते थे। इसमें भी मलाइका ने उनसे अपने जीवन से जुड़ी कई सारी बातें साझा कीं। मलाइका ने अपने करियर, पर्सनल लाइफ से जुड़ी बातें अरहान और दर्शकों को बताई।

अभी हुआ है ब्रेकअप

मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर लंबे समय से रिलेशनशिप में थे। अरहान को भी इस बात से कभी समस्या नहीं हुई। हाल ही में लेकिन खबर आई कि मलाइका और अर्जुन का ब्रेकअप हो गया है। इस बात की पुष्टि मलाइका और अर्जुन दोनों ने ही सोशल मीडिया के जरिए की।

रियालिटी शो को करती हैं जज

मलाइका अरोड़ा एक अच्छी डांसर हैं वह कई फिल्मों में बेहतरीन आइटम नंबर कर चुकी हैं। साथ ही कुछ फिल्मों में उन्होंने एक्टिंग भी की है। इसके अलावा वह टीवी पर आने वाले रियालिटी शो को लंबे समय से जज कर रही हैं। इन शो में वह खुद भी कई बार बेहतरीन डांस परफॉर्म करती हैं। इन दिनों भी वह डांस रियालिटी शो को जज कर रही हैं।

दिलजीत के कॉन्सर्ट को निमरत कौर ने बताया बेहतरीन

पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ इस समय अपने दिल-लुमिनाती टूर से भारत के प्रशंसकों का मनोरंजन कर रहे हैं। उन्होंने पुणे में एक कार्यक्रम किया। उनके इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए अभिनेत्री निमरत कौर भी लाइव शो में पहुंचीं और संगीत का आनंद उठाया। अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया पर दिलजीत के इस प्रोग्राम में हिस्सा लेने के बाद अपने अनुभवों को साझा किया है।

निमरत ने बताया बेहतरीन संगीत कार्यक्रम

निमरत कौर ने इंस्टाग्राम पर दिलजीत के पुणे में हुए लाइव शो के अपने अनुभव साझा किए। अभिनेत्री ने इसे अपने जीवन का सबसे बेहतरीन संगीत कार्यक्रम बताया। पोस्ट में निमरत की एक सेल्फी भी शामिल है। साथ ही कुछ वीडियोज भी हैं।

संगीत कार्यक्रम में किया डांस

पोस्ट में साझा किए गए वीडियो में उन्होंने दिलजीत के हिट ट्रैक वाइब, किन्नी किन्नी, लेमोनेड, नैना, हस हस और भूल भुलैया के टाइटल ट्रैक पर डांस किया है। निमरत ने कार्यक्रम में सुरक्षा कर्मियों के साथ भी तस्वीर ली है। इस दौरान अभिनेत्री ने अपने आउटफिट को कैजुअल, लेकिन स्टाइलिश रखा। अभिनेत्री ने प्रिंटेड रेड और व्हाइट शर्ट, ब्लू डेनिम जींस और व्हाइट स्नीकर्स के साथ व्हाइट क्रॉप टॉप पहना था। उन्होंने अपने लुक को रेड स्लिंग बैग और खुले बालों के साथ पूरा किया। निमरत दिलजीत को चीयर करने के लिए भीड़ में शामिल हो गईं। पोस्ट की हुई तस्वीरों के साथ निमरत ने लिखा, होना नी मैं ठीक हो गई हूं...अब तक का सबसे बेहतरीन कॉन्सर्ट।

'दिल-लुमिनाती टूर 2024'

दिलजीत ने अक्टूबर में नई दिल्ली से अपने बहुचर्चित 'दिल-लुमिनाती टूर 2024' के भारत दौरे की शुरुआत की। 'दिल-लुमिनाती टूर' पूरे भारत में प्रशंसकों का मनोरंजन करेगा। दिलजीत के आगामी संगीत कार्यक्रम कोलकाता में 30 नवंबर, बेंगलुरु में 6 दिसंबर, इंदौर में 8 दिसंबर, चंडीगढ़ में 14 दिसंबर और गुवाहाटी में 29 दिसंबर को होंगे।

कृति सनोन ने नेपोटिज्म पर तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा कृति सनोन ने 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भाग लिया और भाई-भतीजावाद पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बाहरी लोगों के सामने आने वाले संघर्षों के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे मीडिया और दर्शक भाई-भतीजावाद की बहस में योगदान देते हैं। अपनी बातचीत के दौरान कृति ने कहा कि फिल्मी पृष्ठभूमि के बिना किसी व्यक्ति को अपने सपनों के अवसर पाने में समय लगता है। कृति ने कहा, जब से मैं यहां आई हूं, इंडस्ट्री ने मेरा बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया है। बेशक, जब आप किसी फिल्मी पृष्ठभूमि से नहीं होते हैं, तो आपको वहां पहुंचने में समय लगता है। आपको उन अवसरों को पाने में समय लगता है, जिनकी आपको चाहत होती है। आपको उन पत्रिकाओं के कवर पेज पर आने में भी समय लगता है। इसलिए सब कुछ थोड़ा संघर्षपूर्ण होता है। लेकिन 2-3 फिल्मों के बाद, यदि आप कड़ी मेहनत करते रहें और उसमें लगे रहें, तो कोई भी आपको रोक नहीं सकता। कृति ने यह भी कहा कि बॉलीवुड इंडस्ट्री नेपोटिज्म के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार नहीं है और उन्होंने बताया कि स्टार किड्स को बढ़ावा देने में दर्शकों और मीडिया की भी भूमिका है। कृति ने कहा, मुझे लगता है कि नेपोटिज्म के लिए इंडस्ट्री उतनी जिम्मेदार नहीं है। इसके लिए मीडिया और दर्शक भी जिम्मेदार हैं। दर्शक देखना चाहते हैं कि मीडिया कुछ स्टार किड्स के बारे में क्या दिखा रहा है। क्योंकि दर्शकों की उनमें रुचि है, इसलिए इंडस्ट्री को लगता है कि चूंकि दर्शकों की रुचि है, इसलिए उनके साथ फिल्म बनाई जानी चाहिए। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक चक्र है। लेकिन मुझे लगता है कि अगर आप प्रतिभाशाली हैं, तो आप वहां पहुंच जाएंगे। अगर आप प्रतिभाशाली नहीं हैं, और अगर दर्शकों के साथ आपका जुड़ाव नहीं है, तो आप वहां नहीं पहुंच पाएंगे।

गौहर खान के बाद 'लवली लोला' में हुई ईशा मालवीय की एंट्री

रवि दुबे और सरगुन मेहता के नए लॉन्च किए गए प्लेटफॉर्म 'ड्रीमियाता ड्रामा' चर्चा का विषय बना हुआ है। हाल ही में अभिनेत्री गौहर खान के उनके डेब्यू शो में शामिल होने की घोषणा हुई है। अब इस सूची में एक और नाम जुड़ गया है। निर्माताओं ने लाइनअप में ईशा मालवीय का नाम जोड़ा है।

'लवली लोला' में निभाएंगी महत्वपूर्ण भूमिका

कई धारावाहिकों में अपनी शानदार अदाकारी के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री ईशा मालवीय 'लवली लोला' में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। कलाकारों में उनके शामिल होने से शो के लिए उत्सुकता बढ़ गई है, और प्रशंसक उन्हें इस शो में देखने के लिए उत्सुक हैं।

सोशल मीडिया पर की घोषणा

ईशा मालवीय और गौहर खान ने एक प्यारी सी रील इंस्टाग्राम पर पोस्ट की और 'लवली लोला' में अपनी एंट्री की घोषणा की। पोस्ट के कैप्शन में लिखा, चलो जी! आ रहे हैं 'लवली लोला' बहुत जल्दी आपका दिल जीतने, एक क्रेजी राइड पर जाने के लिए तैयार हो जाइए। ईशा मालवीय रवि दुबे और सरगुन मेहता के ड्रीमियाता प्रोडक्शंस के साथ दूसरी बार साथ आ रही हैं। इससे पहले वह 'उड़ारियां' में साथ काम कर चुके हैं।

अनन्या पांडे ने ट्रोलिंग और नफरत पर की खुलकर बात

अनन्या पांडे, जो वर्तमान में अपने नवीनतम प्रोजेक्ट कॉल मी बे के लिए प्रशंसा पा रही हैं, बॉलीवुड में भाई-भतीजावाद की बहस के केंद्र में रही हैं। इतना ही नहीं, उन्हें कई बार अपने बयानों के लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल भी किया गया है। अब, अभिनेत्री ने आखिरकार ट्रोलिंग और नफरत पर खुलकर बात की है और इससे निपटने के अपने संघर्षों का भी खुलासा किया है। उन्होंने कहा, मैंने पहले भी थेरेपी ली है, अब मैं उतनी नियमित नहीं रहती। मैं अपनी भावनाओं को व्यक्त नहीं कर पाती। मैं बहुत उदास रहती थी। मानसिक स्वास्थ्य और सोशल मीडिया के साथ मुझे कभी-कभी ऐसा लगता है कि आप उस समय कुछ पढ़ सकते हैं और आपको यह एहसास नहीं हो सकता कि यह आपको प्रभावित कर रहा है, क्योंकि आप सोचते हैं मैं अभी ठीक हूँ, मेरा दिन अच्छा चल रहा है, मैं कार में हूँ, मैं व्यस्त हूँ। इस तरह की ट्रोलिंग से निपटने के बारे में आगे बात करते हुए अनन्या ने कहा, ईमानदारी से कहूँ तो मेरे बारे में बहुत कुछ कहा गया है, इसलिए मैं वास्तव में एक पल नहीं चुन सकती... कभी-कभी जब मैं किसी कहानी को नियंत्रित नहीं कर पाती हूँ तो मुझे गुस्सा आ जाता है। उदाहरण के लिए, जब मैंने शुरुआत की, अपने पहले साल (फिल्मों में) में, किसी ने इंस्टाग्राम पर एक फर्जी अकाउंट बनाया, और उन्होंने लिखना शुरू कर दिया कि वे मेरे साथ स्कूल में थे और उन्होंने कहा कि मैंने अपनी शिक्षा और कॉलेज में प्रवेश के बारे में झूठ बोला है।

पूर्व पति नागा की दूसरी शादी के बीच बोली समांथा - अभी बहुत खुश हूं, मैं बहुत आगे बढ़ गई हूं

अभिनेत्री समांथा रूथ दक्षिण भारतीय फिल्मों में लंबे समय से एक्टिव हैं। वह अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा' के गाने ऊ अंटावा में अपने बेहतरीन आइटम डांस के लिए भी जानी जाती हैं। कुछ समय पहले वह वरुण धवन के साथ एक वेब सीरीज सिटाडेल हनी बनी में भी नजर आई। इन दिनों उनके पूर्व पति और अभिनेता नागा चैतन्य भी खबरों में हैं, वह जल्द ही अभिनेत्री शोभिता से शादी करने वाले हैं। इसी बीच समांथा ने भी अपने तलाक के बाद की सिचुएशन का एक इंटरव्यू में जिक्र किया। हाल ही में समांथा ने एक इंटरव्यू दिया जिसमें उन्होंने अपने तलाक के बाद की सिचुएशन का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि तलाक के बाद कई तरह की बातें कही गई। वह कहती हैं, 'जब कोई महिला तलाक से गुजरती है, तो उसके साथ बहुत शर्म और कलंक जुड़ जाता है। मुझे बहुत से कमेंट किए गए, जैसे 'सेकंड हैंड' और 'यूज' और 'बर्बाद जीवन' जैसे शब्द कह गए। तलाक के बाद महिला को एक कोने में धकेल दिया जाता है, जहां आपको लगता है कि आप असफल हैं।'इसी इंटरव्यू में समांथा आगे कहती हैं कि अब वह ठीक हो गई हैं और एक खुशहाल जीवन जी रही हैं। वह कहती हैं, 'अभी बहुत खुश हूं। मैं बहुत आगे बढ़ गई हूं, मैं अच्छा काम कर रही हूं।'

एक और वेब सीरीज में आएंगी नजर

वरुण धवन के साथ 'सिटाडेल हनी बनी' जैसी एक्शन वेब सीरीज करने के बाद समांथा एक और वेब सीरीज का हिस्सा बनी हैं। इसमें समांथा ने काफी एक्शन सींस किए हैं। इन दिनों वेब सीरीज 'रक्त ब्रह्मांड- द ब्लडी किंगडम' की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह वेब सीरीज काफी हटकर बताई जा रही है। इसमे समांथा का रोल भी काफी चैलेंजिंग होने वाला है।

ये काली काली आंखें 2 के लिए गुरमीत चौधरी ने स्विमिंग सीखी, बाल तक कवटवाने पड़े

गुरमीत चौधरी की सीरीज 'ये काली काली आंखें 2 हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। इस सीरीज को काफी पसंद किया जा रहा है। खास बातचीत के दौरान गुरमीत चौधरी ने इस सीरीज से जुड़ी कुछ बातें शेयर कीं।

सीरीज से जुड़ना कैसे हुआ?

इस सीरीज का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर काफी पॉपुलर रहा है। इस सीजन के बारे में सब जानते हैं। जब मेरे पास इसका ऑफर आया, तब मुझे पता था कि यह बहुत ही बड़ी फ्रेंचाइजी है। इसके डायरेक्टर ने एक बड़ा यूनिवर्स तैयार करके रखा है। जब मैं डायरेक्टर सिद्धार्थ सर से मिला, तो उन्होंने मुझे इसकी कहानी सुनाई। मैंने जब स्क्रिप्ट पढ़ी तब काफी एक्साइटेड हो गया था, क्योंकि इसमें एक्शन और रोमांस दोनों ही थे। मैंने पहले सोचा था कि पहले मैं एक-दो एपिसोड पढ़ूंगा और बाकी की चीज मैं बाद में पढ़ लूंगा, लेकिन मैंने उसी रात को 3 से 4 बजे तक पूरे एपिसोड पढ़ लिए। उसी रात मैंने सिद्धार्थ सर को कॉल किया और अगले दिन इसकी तैयारी करनी शुरू कर दी।

किरदार की तैयारी कैसे की?

इस किरदार के लिए सबसे पहले फिजिकली फिट होना सबसे जरूरी था। मैं फिट था, हमेशा से रहता हूं, लेकिन फिर और ज्यादा ट्रेनिंग होने लगी। इसके लिए एक्शन की काफी प्रैक्टिस करनी पड़ी। इसके साथ स्विमिंग पर भी ध्यान दिया। साथ ही वर्कशॉप भी लिए। मेरे बहुत लंबे बाल थे तो उसे शॉर्ट किया। मेरे किरदार का नाम भी गुरु है तो वैसा लगना था।

शूट कहां और कितने दिन का था?

इस सीरीज को हमने लंदन, मनाली और मुंबई में शूट किया है। मेरे कैरेक्टर का इंट्रोडक्शन सीन लंदन में शूट हुआ था। इसके लिए मैंने 35 से लेकर 40 दिन का शूट किया था।

एक्सपीरिएंस कैसा रहा?

आउटस्टैंडिंग एक्सपीरिएंस रहा। ताहिर, श्वेत, अरुण उदय, सौरभ शुक्ला जी के साथ काम करने का मौका मिला। यह सीरीज थ्रिलर है, इसमें काफी एक्शन और ड्रामा है। सेट पर एक इंटेंस माहौल रहता था। स्टंट्स करने में भी अच्छा लगता था।

सोशल मीडिया को किस तरह से देखते हैं?

अगर सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो सोशल मीडिया एक बहुत ही अच्छा प्लेटफार्म है। मैं पोस्ट करता हूं और वह चीज डायरेक्टर और प्रोड्यूसर देख लेते हैं और वहां से मेरा काम स्टार्ट हो जाता है। मेरे वीडियो वायरल होने कि वजह से मुझे इस साल बैक टु बैक ओटीटी प्रोजेक्ट्स मिले थे।

आपके हिसाब से ओटीटी किस तरह से ग्रो हुआ?

इससे पहले मैंने ओटीटी में काम नहीं किया है। मैं टीवी करता था और टीवी से फिल्मों में आया। हमेशा दिमाग में रहता था कि ज्यादा से ज्यादा ऑडियंस के सामने आओ और आज के टाइम में ओटीटी पर हम सभी हैं। सब लोग ओटीटी पर कंटेंट देखते हैं और पसंद करते हैं।

भारत की अगली एक्शन स्टार बनना चाहती हैं शरवरी वाघ

शरवरी वाघ एक के बाद एक फिल्मों में अपने बेहतरीन अभिनय से दर्शकों का दिल जीत रही हैं। शरवरी इन दिनों अपनी अगली फिल्म अल्फा को लेकर लाइमलाइट में हैं। इस फिल्म में उन्हें आलिया भट्ट के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते देखा जाएगा। अल्फा में शरवरी वाघ का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। इसे लेकर शरवरी ने कहा, मुझे एक्शन जॉनर पसंद है और मैं अपनी बहन के साथ एक्शन फिल्में बहुत देखती हूं। शरवरी ने जोड़ा, मैं निकट भविष्य में एक एक्शन स्टार बनना चाहती हूं इसलिए मैं अल्फा में काम कर रही हूं।

संक्षिप्त समाचार

बाजारः लागत बढ़ने से टैक्स को घटाने की योजना बना रहीं 91 फीसदी कंपनियां,

- नियामक बोझ बढ़ने से बजट पर दबाव

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय कंपनियों के लिए लागत बड़ी चिंता के रूप में उभरी है। इस कारण 91 प्रतिशत कंपनियां टैक्स व बजट को कम करने की योजना बना रही हैं। इनका मानना है कि लागत से कंपनियों के संचालन में दिक्कत आ रही है। अर्नस्ट एंड यंग (ईवाई) की रिपोर्ट के अनुसार, लागत दबाव पहली बार कंपनियों की सबसे बड़ी चिंता के रूप में उभरा है। रिपोर्ट के अनुसार, टैक्स कार्यों का प्रबंधन अधिक जटिल है। डाटा के साथ कर जिम्मेदारियों को प्रबंधित करने की बढ़ती

जरुरत का सामना करना पड़ रहा है। दो नए नियमों के लागू होने से कर और वित्त कार्यों पर महत्वपूर्ण असर पड़ने की उम्मीद है। इससे कंपनियां अब वैकल्पिक परिचालन मॉडल पर विचार कर रही हैं जो कर और वित्त परिचालन को चलाने के तरीकों में एक रणनीतिक बदलाव का संकेत दे रहा है।

नियामक बोझ बढ़ने से बजट पर दबाव- रिपोर्ट के अनुसार जैसे-जैसे विनियामक और रिपोर्टिंग बोझ बढ़ता है, टैक्स और वित्त कार्यों पर दबाव बढ़ता जा रहा है। ऐसी स्थिति में कंपनियों को अब आगे कार्य रणनीति, प्रक्रियाओं, डाटा गुणवत्ता, ऑडिट तैयारी आदि से संबंधित नई समस्याओं का हल जल्द खोजना महत्वपूर्ण होगा।

एलआईसी के शेयरों में उछाल, इस कंपनी में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने पर विचार कर रहा निगम

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जीवन बीमा निगम के शेयरों में 28 नवंबर को 4 प्रतिशत की बढ़त के साथ 952.50 रुपये प्रति शेयर की दर से उछाल गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एलआईसी हेल्थ इंश्योरेंस सेक्टर महत्वपूर्ण कदम उठाने की संभावना तलाश रहा है। एलआईसी कथित तौर पर मणिपाल सिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस में पर्याप्त हिस्सेदारी हासिल करने के लिए चर्चाओं में है। सूत्रों के मुताबिक यह कंपनी में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी का लक्ष्य रख सकता है। मणिपाल सिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस बेंगलुरु स्थित मणिपाल एजुकेशन एंड मेडिकल ग्रुप की कंपनी है। इसके पास 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है, और यूएस स्थित सिग्ना कॉरपोरेशन, जिसके पास शेष 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

प्रचार देखकर सामान खरीदा है और वह खराब निकला तो कंपनी की खैर नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। ज्यादातर लोग कोई भी सामान उसका प्रचार देखकर ही खरीदते हैं। कई ऐसे भी मामले आए हैं जब वह सामान खराब निकल गया और उपभोक्ता को शिकायत करने के लिए कंपनियों के चक्कर काटने पड़े।

अब ऐसा नहीं होगा। अगर किसी कंपनी का प्रोडक्ट खराब निकलता है या कंपनी उसे सही करने या बदलने में आनाकानी करती है तो अब कंपनी की खैर नहीं।

ऐसे में मामलों में सरकार उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए आगे आई है। उपभोक्ताओं की शिकायतें दर्ज करने और उन पर होने वाली कार्रवाई की ट्रैकिंग को आसान बनाने के लिए कंज्यूमर अफेयर्स मिनिस्ट्री ई-जागृति पोर्टल लॉन्च करने की तैयारी में है। मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि देशभर में ई-दाखिल पोर्टल काम करने लगा है और अब ई-जागृति पर काम हो रहा है, जिससे केस फाइलिंग, ट्रैकिंग और मैनेजमेंट में सहूलियत बढ़ेगी।

जल्द होगा समाधान

मंत्रालय के मुताबिक, ई-जागृति से सभी संबंधित पक्षों के बीच संवाद भी बेहतर होगा, जिससे शिकायतों के जल्द समाधान में मदद मिलेगी। ई-जागृति में पूरी प्रक्रिया के ऑटोमेशन और डिजिटाइजेशन के चलते शिकायतों के निपटारे में कम समय लगेगा।

अभी ई-दाखिल पोर्टल है सेवा में

मंत्रालय ने बताया कि लद्दाख में ई-दाखिल पोर्टल के लॉन्च के साथ अब यह देश के हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में काम करने लगा है। बयान में कहा गया कि कोविड पीरियड में उपभोक्ताओं की दिक्कतों को देखते हुए नेशनल कंज्यूमर डिस्प्यूट्स रिड्रेसल कमीशन ने ई-दाखिल पोर्टल 7 सितंबर 2020 को शुरू किया गया था, जिससे वे अपनी शिकायतें आसानी से दर्ज करा सकें।

कई केसों का हो चुका है निपटारा

साल 2023 के अंत तक लद्दाख के अलावा बाकी देश में यह शुरू हो चुका था। ई-दाखिल पोर्टल पर अभी लगभग 2 लाख 81 हजार यूजर रजिस्टर्ड हैं। इस पर 1 लाख 98 हजार 725 केस फाइल हो चुके हैं, जिनमें से 38453 का निपटारा किया जा चुका है।

चांदी ने लगाई रिकॉर्ड तोड़ छलांग

5200 रुपये उछली... सोना चमककर कहां पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली सराफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में तेजी आई है। दो दिन की भारी गिरावट के बाद कीमतों में यह तेजी लौटी। हालांकि, बुधवार को सोने से ज्यादा चांदी की चर्चा रही। इस सफेद धातु ने 5,200 रुपये की रिकॉर्डतोड़ छलांग लगाई। यह चांदी में किसी एक दिन में सबसे बड़ा उछाल है। इस जोरदार छलांग के साथ चांदी 95,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। मजबूत वैश्विक रुख और स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की जोरदार लिवाली ने दोनों कीमती धातुओं को सहारा दिया। पिछले दो दिनों की गिरावट के बाद वैश्विक बाजार के मजबूत रुख और स्थानीय ज्वैलर्स की खरीददारी से सोने-चांदी की कीमतें बढ़ीं। चांदी की कीमत में 5,200 रुपये का बड़ा उछाल आया। यह 95,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। सोना भी 650 रुपये बढ़कर 78,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (99.9 प्रतिशत शुद्धता) हो गया।

दो दिनों से कीमतों में आई थी गिरावट

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, दिल्ली में सोने की कीमतों में यह तेजी वैश्विक बाजार के रुख से प्रभावित हुई। इसके साथ ही, शादियों के सीजन की शुरुआत होने से भी ज्वैलर्स की मांग बढ़ी। चांदी में भी इसी तरह की तेजी देखी गई। पिछले दो दिनों में सोने की कीमतों में 2,250 रुपये की गिरावट आई थी। मंगलवार को सोना 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 फीसदी शुद्धता वाले सोने का भाव 950 रुपये बढ़कर 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। यह उछाल निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। लेकिन, आगे कीमतें किस तरफ जाएंगी, यह कहना मुश्किल है। बाजार के जानकारों का कहना है कि सोने की कीमतें अभी कुछ समय तक ऊपर-नीचे होती रहेंगी। राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत में 5,200 रुपये की एक दिन की सबसे बड़ी तेजी देखी गई। यह दो सप्ताह के अंतराल के बाद 95,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई।

एक साल में 1111 डॉलर प्रति दस ग्राम होगी सोने की कीमत, देशों के बीच बढ़ते तनाव व महंगाई का दिखेगा असर

नई दिल्ली, एजेंसी। गोल्डमैन सैश को उम्मीद है कि दिसंबर 2025 तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का दाम 1,111 डॉलर प्रति दस ग्राम तक पहुंच जाएगा। यह 3,150 डॉलर प्रति औंस होगा। वर्तमान भाव पर निवेश करने पर 19 फीसदी फायदा मिल सकता है। कई देशों के बीच बढ़ते तनाव और महंगाई से इस मूल्यवान धातु में यह तेजी आएगी।

सोने की कीमतों पर इजाफा का कारण- रिपोर्ट के अनुसार, सोने के दाम में इस तेजी का एक बड़ा कारण वैश्विक केंद्रीय बैंकों की ओर से ज्यादा खरीदी है। साथ ही, अमेरिकी राजकोषीय स्थिरता, व्यापार में मंदी और युद्ध की चिंताओं से भी कीमतें बढ़ेंगी। गोल्डमैन सैश ने कहा, दिसंबर, 2025 तक हमारा पहले का अनुमान 3,000 डॉलर प्रति औंस का है। महंगाई और राजकोषीय जोखिमों की बढ़ती आशंकाएं एक्सचेंज ट्रेडेड फ्लो (ईटीएफ) को बढ़ा सकती हैं। मेरिकी कर्ज संबंधी चिंताएं केंद्रीय बैंकों को अधिक सोना खरीदने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। केंद्रीय बैंक की मांग में बढ़ोतरी ने 2022 के अंत और 2023 की शुरुआत में ऊंची

ब्याज दरों के दबाव को कम कर दिया है। उच्च ब्याज दरों और मजबूत डॉलर को हम जोखिम के रूप में देख रहे हैं। यानी इस वजह से सोने के दाम में आगे कमी भी आ सकती है।

3,000 डॉलर हो सकता है भाव- यूबीएस को भी उम्मीद है कि सोने की कीमतें बढ़ती रहेंगी।

सर्वेश्वर फूड्स लि. की सिंगापुर सब्सिडीएरी ने 12,000 मीट्रिक टन चावल का ऑर्डर प्राप्त किया

2000 मिलियन वार्षिक राजस्व की योजना

मुंबई, एजेंसी। सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड (बीएसईः 543688, एनएसईः सर्वेश्वर), जो कि आईएसओ 22000:2018 और यूएसएफडीए द्वारा प्रमाणित एग्रो प्रोडक्ट एफएमसीजी क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी है, ने घोषणा की है कि इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, ग्रीन प्वाइंट पीटीई. लिमिटेड, सिंगापुर ने प्रीमियम भारतीय लांग ग्रेन पारबॉयल्ड चावल की 12,000 मीट्रिक टन की आपूर्ति के लिए एक बड़ा ऑर्डर प्राप्त किया है, जिसकी कीमत लगभग 445 मिलियन रुपये है। यह ऑर्डर सहायक कंपनी की रणनीतिक योजना का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष में 2000 मिलियन रुपये का व्यवसाय प्राप्त करना है।

हाल ही में अधिग्रहित ग्रीन प्वाइंट पीटीई, जो कि सिंगापुर में स्थित है, चावल और चावल आधारित उत्पादों के बढ़ते वैश्विक बाजार के लिए एक गेटवे के रूप में कार्य करता है। यह ऑर्डर सर्वेश्वर फूड्स की स्थिति को मजबूत करता है, वैश्विक चावल आधारित उत्पादों का बाजार 2023 में 226.36 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2031 तक 361.41 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने की उम्मीद है, जो ग्लूटेन-फ्री विकल्पों की बढ़ती मांग से प्रेरित है।सीलिएक रोग और ग्लूटेन असहिष्णुता की बढ़ती प्रवृत्ति, साथ ही चावल-आधारित उत्पादों के स्वास्थ्य लाभों जैसे कि कम वसा और उच्च फाइबर के बारे में जागरूकता, वैश्विक मांग को बढ़ा रही है। ग्रीन प्वाइंट पीटीई. लिमिटेड इस तेजी से बढ़ते क्षेत्र में महत्वपूर्ण मार्केट शेयर हासिल करने के लिए रणनीतिक रूप से स्थित है।

हम इस महत्वपूर्ण ऑर्डर और ग्रीन प्वाइंट के हमारे वैश्विक व्यवसाय में योगदान की संभावनाओं के बारे में उत्साहित हैं। उच्च गुणवत्ता के चावल आधारित उत्पादों पर हमारे ध्यान और ग्लूटेन-फ्री आहारों की बढ़ती पसंद के साथ, हम इस वर्ष इस सिंगापुर सहायक कंपनी के लिए 2000 मिलियन रुपये के लक्ष्य को प्राप्त करने में आत्मविश्वास रखते हैं, श्री रोहित गुप्ता, अध्यक्ष, सर्वेश्वर समूह ने कहा। हमारा कुल कारोबार 10,000 मिलियन रुपये (1000 करोड़ रुपये) का होगा, जिसमें सहायक कंपनियों का कारोबार भी शामिल रहेगा, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए, और वो भी अच्छे मार्जिन के साथ।सर्वेश्वर फूड्स अपने व्यवसाय का विस्तार करने और उभरते बाजार प्रवृत्तियों का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। जैसे-जैसे चावल आधारित उत्पादों की मांग दुनिया भर में बढ़ रही हैं।

ओला इलेक्ट्रिक ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी बढ़ाने के लिए गिग और एस1 जेड स्कूटर पेश किए

मुंबई। भारत की सबसे बड़ी प्योर.प्ले इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने अपने गिग और एस1 जेड स्कूटर लॉन्च किए हैं। ये स्कूटर आम लोगों को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रदान करने के लिए पेश किए गए हैं। इन नए स्कूटर्स में ओला गिग, ओला गिग़, ओला एस1 जेड और ओला एस1 जेड़ स्कूटर शामिल हैं, जिनके मूल्य क्रमशः 39,999 (एक्स.शोरूम), 49,999 (एक्स.शोरूम) 59,999 (एक्स.शोरूम) और 64,999 (एक्स.शोरूम) से शुरू होते हैं। गिग और एस1 जेड सीरीज़ की बुकिंग आज से सिर्फ़ 499 में शुरू हो गई है। ये स्कूटर टिकाऊ, भरोसेमंद, किफ़ायती और फ्लेक्सिबल समाधान प्रदान करते हैं। इनमें रिमूवेबल बैटरी दी गई है, जो ग्रामीण, अर्ध.शहरी और शहरी क्षेत्रों के ग्राहकों की व्यक्तिगत और कमर्शियल जरूरतें पूरी करेगी।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज ने नीट और जेईई उम्मीदवारों के लिए लॉन्च किया एक नया हिंदी यूट्यूब चैनल

भोपाल । परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणीए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों के लिए एक समर्पित हिंदी यूट्यूब चैनल

शुरू किया है, जो विशेष रूप से नीट और जेईई परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हिंदी भाषी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करेगा। उल्लेखनीय रूप से आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के हिंदी यूट्यूब चैनल ने अपने सॉफ्ट लॉन्च के सिर्फ़ एक महीने के भीतर 100,000 सब्सक्राइबर हासिल कर लिए हैं, जो युवा दर्शकों से मिले अविश्वसनीय समर्थन और जुड़ाव को दर्शाता है। यह उपलब्धि हमारे दर्शकों के साथ प्रतिध्वनित होने वाले उच्च.गुणवत्ता वाले शैक्षिक संसाधन प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

यह नया प्लेटफ़ॉर्म छात्रों को उनकी मातृभाषा में उच्च.गुणवत्ता वाली शैक्षिक सामग्री तक पहुंच प्रदान करता है, जिससे वे कांप्लेक्स कॉन्सेप्ट्स को आसानी से समझ सकें। हिंदी में वीडियो के माध्यम से, चैनल छात्रों को फिजिक्स (भौतिकी) केमिस्ट्री (रसायन विज्ञान) गणित, बायोलॉजी (जीव विज्ञान) और बॉटनी (वनस्पति विज्ञान) जैसे महत्वपूर्ण विषयों का पुनरावलोकन (रिविशन) कर विषयों को ठीक से समझने की सुविधा देता है।

एईएसएल के एमडी एवं सीईओ दीपक मेहरोत्रा का कहना है, हमारा मानना है कि भाषा कभी भी सीखने में बाधा नहीं बननी चाहिए। हमारे हिंदी यूट्यूब चैनल के लॉन्च के साथ, हम हिंदी भाषी छात्रों को मुख्य विषयों की बेहतर समझ विकसित करने के लिए एक सुलभ और प्रभावी मंच प्रदान करने पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

'मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया' में प्रजेश भाटिया और दीप्ति मलिक के बीच कांटे की टक्कर

मुंबई एजेंसी। सोनी लिव का लोकप्रिय रियलिटी शो मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया अपने अगले एपिसोड में धमाकेदार ट्विस्ट लेकर आ रहा है। शीर्ष रियल्टर्स प्रजेश भाटिया और दीप्ति मलिक एक प्रीमियम लिस्टिंग को लेकर आमने-सामने होंगे। दोनों को इस बात का एहसास होता है कि जिस लिस्टिंग को वे एक्सक्लूसिव मान रहे थे, वह अब विवादों में घिर गई है, जब वे एक ही लोकेशन पर टकरा जाते हैं। यह खुलासा एक तीखे टकराव को जन्म देता है, जहाँ दोनों रियल्टर्स इस आकर्षक डील को हासिल करने के लिए अपने-अपने दांव चलते हैं। प्रजेश अपनी तेज-तर्रार व्यावसायिक सोच के लिए जाने जाते हैं, जबकि दीप्ति अपने आक्रामक और रणनीतिक अंदाज के लिए मशहूर हैं। जैसे-जैसे तनाव बढ़ता है, प्रतियोगिता नई ऊंचाइयों पर पहुँचती है और एक नाटकीय क्लाइमेक्स की ओर बढ़ती है। इस मुकाबले में बहुत कुछ दांव पर है, क्योंकि जो जीतेगा, वो भारत के लक्ज़री रियल एस्टेट बाजार में अपनी जगह और प्रतिष्ठा दोनों मजबूत करेगा। बनिजय एशिया द्वारा निर्मित और यूनिवर्सल ग्रुप के अंग यूनिवर्सल इंटरनेशनल स्टूडियोज़ के डिविजन, एनबीसी यूनिवर्सल फॉर्मेट्स द्वारा लाइसेंस प्राप्त, यह ग्लोबल फ्रैंचाइज़ी भारतीय दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर चुकी है, और दो बार एमी अवार्ड के लिए नामांकित हिट सीरीज़ बन चुकी है। 'मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया' के अगले एपिसोड में आपको मिलेगा ढेर सारा ड्रामा, उच्च-दांव वाली बातचीत, तीखे टकराव और कड़ी प्रतिस्पर्धा, जो इस शो को और भी रोमांचक बनाता है।

रियलमी ने स्नैपड्रैगन 8 एलीट फ्लैगशिप चिपसेट के साथ रियलमी जीटी 7 प्रो लॉन्च किया

मुंबई, एजेंसी। भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने आज लंबे इंतजार के बाद भारत के पहले स्नैपड्रैगन 8 एलीट फ्लैगशिप चिपसेट के साथ रियलमी जीटी 7

प्रो लॉन्च किया। जीटी की हर सीरीज़ का डिज़ाइन बॉर्न टू एक्सीड की अवधारणा पर आधारित है। यह बेजोड़ परफॉरमेंस और सामर्थ्य की सीमाओं को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। रियलमी जीटी 7 प्रो कई अत्याधुनिक विशेषताओं के साथ परफॉरमेंस के नए मानक स्थापित करने वाली एक असाधारण डिवाइस है। यह भारत की पहली डिवाइस है, जिसमें स्नैपड्रैगन 8 एलीट फ्लैगशिप चिपसेट लगा है और इसका एंटूटू स्कोर 3 मिलियन है। रियलमी जीटी 7 प्रो में सोनी आईएमएक्स882 पेरिस्कोप कैमरा लगा है, जो फोटोग्राफी का अतुलनीय अनुभव प्रदान करता है। इसमें उद्योग का पहला एआई अंडरवाटर फोटोग्राफी मोड दिया गया है, जिसकी मदद से पानी के अंदर भी बेहतरीन इमेज प्राप्त होती हैं। लॉन्च के बारे में रियलमी प्रवक्ता ने कहा हम अपनी प्रसिद्ध जीटी सीरीज़ में रियलमी जीटी 7 प्रो पेश करके बहुत उत्साहित हैं। रियलमी जीटी सीरीज़ ने हमेशा सीमाओं को आगे बढ़ाया है, और नए मानक स्थापित किए हैं। इस सीरीज़ में अत्याधुनिक इनोवेशन, जीटी 7 प्रो भारत का पहला 8 एलीट फ्लैगशिप स्मार्टफोन है, जिसमें आधुनिक स्नैपड्रैगन 8 एलीट चिपसेट अपने सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ परफॉरमेंस प्रदान करता है।

सुपरगेमिंग के इंडस बैटल रॉयल ने 5 मिलियन डाउनलोड को पार कर लिया

पुणे एजेंसी। सुपरगेमिंग के बहुप्रतीक्षित इंडो-फ्यूचरिस्टिक बैटल रॉयल गेम, इंडस ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जिसने गूगल प्ले स्टोर पर 5 मिलियन डाउनलोड और द्वह्रस ऐप स्टोर पर 100,000 से अधिक इंस्टॉल को पार कर लिया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि भारत के सबसे तेज़ी से बढ़ते खेलों में से एक के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत करती है। इस शीर्षक को गूगल प्ले द्वारा उनके प्रतिष्ठित बेस्ट ऑफ़ 2024 पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ मेड इन इंडिया गेम के रूप में भी मान्यता दी गई है। इंडस ने अपनी विशिष्ट इंडो-फ्यूचरिस्टिक विश्व सेटिंग के साथ खिलाड़ियों को आकर्षित किया है जो भारतीय संस्कृति को भविष्यवादी सौंदर्यशास्त्र, इमर्सिव गेमप्ले और समुदाय-संचालित नवाचार के साथ सहजता से मिश्रित करता है। कॉस्मियम क्लच, ग्रज मैकेनिक और सांस्कृतिक रूप से प्रेरित अवतार और हथियारों जैसी प्रमुख गेमप्ले विशेषताओं ने विशेष रूप से खिलाड़ियों को आकर्षित किया है।

डी गुकेश वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के तीसरे मैच में जीते

डिफेंडिंग चैंपियन लिरेन को फाइनल में पहली बार हराया, बराबरी पर आए

सिंगापुर (एजेंसी)। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने एफआईडीई वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप में वापसी की है। 18 साल के गुकेश ने बुधवार को मौजूदा चैंपियन डिंग लिरेन को तीसरे मुकाबले में 'टाइम कंट्रोल' में मात दी। गुकेश ने वर्ल्ड चैंपियनशिप के मुकाबले में चीनी खिलाड़ी पर पहली जीत दर्ज की है। इस जीत के बाद स्कोर 1.5-1.5 की बराबर हो गया है। गुरुवार को रेस्ट-डे रहेगा।

फिडे वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप 2024 सिंगापुर में जारी है। इमसें 14 गेम खेले जाएंगे। यह 12 दिसंबर तक चलेगा। जरूरत पड़ने पर ट्राईब्रेकर मुकाबला खेला जाएगा, जो 13 दिसंबर को होगा। वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के इतिहास में पहली बार ऐसा है कि दो एशियाई खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए एक-दूसरे से भिड़ रहे हैं।

गुकेश ने क्रामनिक की रणनीति अपनाई – गुकेश ने क्रामनिक रणनीति अपनाई। यह रणनीति पूर्व वर्ल्ड चैंपियन रूस के ब्लादीमिर एरिगेसी क्रामनिक ने एक रैपिड मुकाबले में भारत के अर्जुन एरिगेसी के खिलाफ अपनाई थी। एरिगेसी ने वह मुकाबला ड्रॉ कराया था। गुकेश ने लिरेन की सहज गलतियों का फायदा उठाकर जीत दर्ज की। लिरेन के पास आखिरी नौ चाल के लिए सिर्फ दो मिनट और आखिरी छह चाल के लिए सिर्फ दस सेकंड बचे थे। आखिर में उनके पास समय ही बाकी नहीं रह गया।

कौन हैं डी गुकेश – डी गुकेश का पूरा नाम डोमाराजू गुकेश है और वे चेन्नई के रहने वाले हैं। गुकेश का जन्म चेन्नई में 7 मई 2006 को हुआ था। उन्होंने 7 साल की उम्र में ही शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। उन्हें शुरू में भास्कर नागैया ने कोचिंग दी थी।

- **37 चाल में जीते गुकेश, लिरेन टाइम कंट्रोल नहीं कर सके** – गुकेश ने 37 चालों में जीत दर्ज की। लिरेन को मुकाबले के पहले चरण में काफी समय बर्बाद करने का खामियाजा भुगतना पड़ा। गुकेश ने तीसरा दौर सफेद मोहरों से खेला। 13वीं चाल तक गुकेश के पास एक घंटे की बढ़त थी और उन्होंने सिर्फ चार मिनट खर्च किए थे। लिरेन ने दूसरी तरफ एक घंटा और छह मिनट लगा दिए थे। खेल के पहले 120 मिनट में से 40 चालों तक समय में कोई इजाफा नहीं किया जाता। बीच में मुकाबला जटिल होने से लिरेन पर असर पड़ा और गुकेश ने परफेक्ट चालों से उन पर दबाव बढ़ा दिया।

चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पर पीसीबी अध्यक्ष नकवी ने कहा

निर्णय बराबरी के आधार पर होना चाहिए, पाकिस्तान में खेला जाना है टूर्नामेंट

नईदिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पर कोई भी निर्णय बराबरी के आधार पर होना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी इस संबंध में 29 नवंबर को एक वर्चुअल मीटिंग कर सकती है, जिसमें चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पर वोटिंग भी हो सकती है। नकवी कल रात गद्दाफी स्टेडियम में रेनोवेशन का काम को देखने पहुंचे थे। उस दौरान संवाददाताओं से कहा, हम लगातार आईसीसी चेयरमैन ग्रेग बार्कली के संपर्क में हैं, जबकि उनकी पीसीबी की टीम लगातार आईसीसी के संपर्क में है।

मुझे उम्मीद जय शाह आईसीसी का सोचेंगे – उन्होंने कहा, जय शाह दिसंबर में पदभार संभालने जा रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि आईसीसी में पहुंचने के बाद वह आईसीसी का सोचेंगे। जब कोई भी ऐसे पद पर पहुंचता है तो उन्हें सिर्फ कमेटी के भलाई के बारे में सोचना चाहिए।

जो भी हो, बराबरी के आधार पर हो

उन्होंने आगे कहा, हमारा रूख बहुत स्पष्ट है। हम पाकिस्तान क्रिकेट के लिए जो भी सबसे अच्छा हो सकता है, वो करेंगे। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है कि हम भारत में खेलने जाए और वे यहां नहीं खेलें। जब तक भारत, पाकिस्तान में अपनी टीम भेजने से इनकार करता रहेगा, तब तक पाकिस्तान टीम भी भारत की यात्रा नहीं करेगी। हमने आईसीसी से स्पष्ट कहा है कि जो भी हो, बराबरी के आधार पर हो।

पूरी मामला – अगले साल खेले जाने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान को मिली है। सुरक्षा करणों से बीसीसीआई ने भारतीय टीम पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया है। बीसीसीआई भारत के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर कराना चाहना है। लेकिन पीसीबी ने हाइब्रिड मॉडल से मना कर दिया है। ऐसे में आईसीसी ने 29 नवंबर को मीटिंग बुलाई है, जिसमें वेन्यू को लेकर फाइनल फैसला लिया जाएगा।

हम अच्छी खबर और फैसले लेकर आएंगे

नकवी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल पर कहा, मैं सिर्फ इतना आश्वासन दे सकता हूं कि बैठक में जो भी होगा, लेकिन हम अच्छी खबर और फैसले लेकर आएंगे, जिन्हें हमारे लोग स्वीकार करेंगे। इससे पहले, उन्होंने कहा था कि पीसीबी हाइब्रिड मॉडल में टूर्नामेंट कराने को कभी स्वीकार नहीं करेगा।

किसी भी हाल में पाकिस्तान नहीं जाएगी टीम इंडिया – टीम इंडिया किसी भी कंडीशन में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी। बीसीसीआई के सूत्रों ने बताया, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अगर हाइब्रिड मॉडल के लिए नहीं माना तो टीम इंडिया टूर्नामेंट नहीं खेलेगी। अगर पीसीबी ने टूर्नामेंट होस्ट नहीं किया तो भारत इसकी मेजबानी के लिए भी तैयार है। आईसीसी ने 29 नवंबर को मीटिंग बुलाई है, जिसमें वेन्यू को लेकर फाइनल फैसला लिया जाएगा।

पाकिस्तान के लिए भारत में खेलना संभव नहीं है : पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भारतीय टीम के पाकिस्तान यात्रा करने से इनकार करने का हवाला देते हुए कहा कि भविष्य में टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान के भारत जाने की संभावना नहीं होगी। चैंपियंस ट्रॉफी का भविष्य अधर में लटका है क्योंकि बीसीसीआई ने आईसीसी को टीम पाकिस्तान भेजने में असमर्थता जताई है और वैश्विक संस्था ने अंतिम निर्णय लेने के लिए शुक्रवार को अपने कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों की वर्चुअल बैठक बुलाई है।

आईपीएल 2025

केएल राहुल या अक्षर पटेल, दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक ने कप्तानी पर की बात

मुंबई (एजेंसी)। आईपीएल 2025 के लिए मेगा नीलामी के बाद सभी टीमों की स्थिति साफ हो गई है। ऐसे में अब दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक पार्थ जिंदल ने टीम में कप्तानी के लिए अगले उम्मीदवारों के बारे में भी बात की और कहा कि अक्षर पटेल और केएल राहुल इस पद के लिए समान रूप से अच्छे उम्मीदवार हैं। गौर हो कि ऋषभ पंत के टीम द्वारा रिटेन ना किए जाने के बाद फ्रेंचाइजी को नए कप्तान की जरूरत थी।

जिंदल ने अक्षर के बारे में विस्तार से बात की जो ड्रेसिंग रूम में एक खुशमिजाज व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं। दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक ने कहा कि अक्षर दिल्ली टीम की संस्कृति को जानते हैं और इस समय टी20 क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर हैं। जिंदल ने दिल्ली की कप्तानी के बारे में कहा, अक्षर लंबे समय से फ्रैंचाइजी के साथ हैं। वह फ्रैंचाइजी के लिए एक बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं। वह शायद आज टी20 में खेल के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर हैं। जाहिर है, जड्डू (रवींद्र जडेजा) के उत्तराधिकारी सभी मामलों में अक्षर हैं। इसलिए वह हमारे लिए शानदार रहे हैं और उन्होंने फ्रैंचाइजी के उप-कप्तान के रूप में शानदार काम किया है। जब भी ऋषभ उपलब्ध नहीं थे, जब भी ऋषभ चोटिल हुए, अक्षर ने कदम बढ़ाया और बड़ी भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा, वह एक खुशमिजाज व्यक्ति हैं, वह ड्रेसिंग रूम को बहुत हल्का रखते हैं। वह एक सरल व्यक्तित्व वाले खिलाड़ी हैं और मुझे लगता है कि वह शानदार काम कर सकते हैं। इसलिए हमें निर्णय लेना होगा, लेकिन मैंने इस बारे में अक्षर से बात भी नहीं की है। मैंने इस बारे में किसी से बात नहीं की है, लेकिन वह निश्चित रूप से ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें हम खेल को बहुत अच्छी तरह से समझते हैं। वह निश्चित रूप से ऐसे खिलाड़ी हैं जो ड्रेसिंग रूम को एकजुट रखते हैं, जो एक लीडर के लिए अच्छी खूबियां हैं

भारत विदेशी विकेटों और परिस्थितियों में घरेलू से बेहतर खेलता है : पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान

नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना ??है कि भारतीय टीम विदेशी विकेटों और परिस्थितियों में घरेलू से बेहतर खेलती है। यह टिप्पणी भारत द्वारा पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों से हराने के बाद आई है। पहली पारी में पहले बल्लेबाजी करने के अपने फैसले का फायदा उठाने में विफल रहने के बाद जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाली टीम ने दूसरी पारी में शीर्ष तीन बल्लेबाजों यशस्वी जसवाल (161), केएल राहुल (77) और विराट कोहली (नाबाद 100) के मजबूत बल्लेबाजी प्रदर्शन से वापसी की।

मेहमान टीम ने मैच जीतने के लिए ऑस्ट्रेलिया के सामने 534 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा जिसे वे हासिल करने में असफल रहे और भारतीय तेज गेंदबाजों के सामने टूट गए। बुमराह ने मैच में 8 विकेट लिए, जबकि मोहम्मद सिराज और हर्षित राणा ने क्रमशः 5 और 4 विकेट लिए। पोंटिंग ने कहा, %ऑस्ट्रेलिया किस अंतर से हारा? लगभग 300 रन से। इसलिए, वे बहुत निराश होंगे। जब भारत ने टॉस जीता तो पहले दिन सभी ने मुझसे बल्लेबाजी करने के बारे में पूछा, और मैंने कहा, नहीं, बिल्कुल, आपको वहां पहले बल्लेबाजी करनी होगी। वहां चार टेस्ट मैच हैं।

उन्होंने कहा, पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने चारों बार जीत हासिल की है। आप आंकड़ों के खिलाफ नहीं जाना चाहते। हालांकि वे 150 रन पर आउट हो गए, फिर भी उन्हें उस विकेट पर गेंदबाजी करने का मौका मिला, जिस पर गेंदबाजी करना शायद सबसे अच्छा था। और उन परिस्थितियों में बुमराह, सिराज और नितेश रेड्डी वास्तव में वे तीनों। वे सभी बहुत अच्छे हैं। इसलिए, आपको उन्हें श्रेय देना होगा।

पोंटिंग ने कहा, मुझे स्वीकार करना चाहिए, मुझे नहीं लगता था कि वे पहला टेस्ट जीत सकते हैं, भारत, पर्थ में उन परिस्थितियों में जा रहा था जो उनके लिए बहुत विदेशी थीं। लेकिन मैंने टेस्ट मैच में जाने से पहले एक बात भी कही कि मुझे वास्तव में लगता है कि भारत अब घर से बाहर एक बेहतर टीम है जितना कि वे अपने घर पर खेलते हैं। मुझे लगता है कि वे विदेशी विकेट और परिस्थितियों में अपने घर की परिस्थितियों से बेहतर खेलते हैं। मुझे लगता है कि पिछले हफ़्ते पर्थ में यह साबित हो गया है।

मीराबाई चानू भी रिहैबिलिटेशन में, विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगी हिस्सा

नई दिल्ली (एजेंसी)। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू अगले सप्ताह बहरीन के मनामा में होने वाली भारोत्तोलन विश्व चैंपियनशिप में नहीं खेल पायेंगी क्योंकि वह अपना 'रिहैबिलिटेशन' जारी रखेंगी। पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई (30 वर्ष) ने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 49 किग्रा श्रेणी में चौथे स्थान पर रहने के बाद से किसी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा ने बताया, 'पेरिस ओलंपिक के बाद मीरा अभी भी रिहैबिलिटेशन में हैं। वह इस विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेगी। पिछले साल एशियाई खेलों में कूल्हे की चोट लगने के बाद मीराबाई की फिटनेस को लेकर पेरिस ओलंपिक के दौरान भी चर्चा होती रही। एशियाई खेलों में पदक जीतने का उनका सपना पिछले साल टूट गया था क्योंकि वह सिर्फ यही ट्रॉफी नहीं जीत पाई हैं। शर्मा ने कहा, 'उसके लिए स्वस्थ होना अहम है क्योंकि हमें 2026 राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों की तैयारी शुरू करनी होगी। चानू की अनुपस्थिति में राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता ज्ञानेश्वरी यादव छह दिसंबर से शुरू होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगी। ज्ञानेश्वरी (21 वर्ष) 49 किलो वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता बिंदियारानी देवी (55 किग्रा) और राष्ट्रीय चैम्पियनशिप और खेलो इंडिया भारोत्तोलन लीग की स्वर्ण विजेता दितिमोनी सोनोवाल (64 किग्रा) अन्य दो भारतीय भारोत्तोलक हैं जो विश्व प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

जूनियर एशिया कप हॉकी:

पीआर श्रीजेश की कोचिंग में खेल रही भारतीय टीम की शानदार जीत, थाईलैंड को 11-0 से हराया

नईदिल्ली, एजेंसी। पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश की कोचिंग में खेल रही भारतीय टीम ने जूनियर एशिया कप हॉकी में शानदार शुरुआत करते हुए थाईलैंड को 11-0 से रौंद दिया। गत विजेता भारत के लिए अरायजीत सिंह हुंदल ने (दूसरे, 24वें मिनट), गुरजोत सिंह (18वें, 45वें मिनट), सौरभ कुशवाहा (19वें, 52वें मिनट), अर्शदीप सिंह (8वें मिनट), दिलराज सिंह (21वें मिनट), मुकेश टोप्पो (59वें मिनट) ने मैदानी गोल किए। शारदानंद तिवारी ने 10वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर पर और रोहित ने 29वें मिनट में पेनाल्टी स्ट्रोक पर गोल किए।

जापान से होगी इस दिन भिड़ंत – भारत का अगला मुकाबला गुरुवार को जापान के साथ होगा। पूल ए में भारत के साथ दक्षिण कोरिया और ताईवान अन्य टीमें हैं। पूल बी में पाकिस्तान, मलयेशिया, चीन, बांग्लादेश और ओमान शामिल हैं। भारत ने पहले ही क्वार्टर में तीन गोल दागे। मध्यांतर तक भारतीय टीम 8-0 की बढ़त पर थी।

चार साल के लिए निलंबित बजरंग पूनिया का बड़ा बयान

भाजपा में शामिल होता हूं तो यह हटा दिया जाएगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। डोप जांच के लिए नमूना देने से इनकार करने के कारण चार साल के लिए निलंबित ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने बुधवार को कहा कि यह सरकार का प्रतिशोधात्मक कदम है और वह भाजपा में शामिल हो जाते हैं तो यह प्रतिबंध हटा दिया जाएगा। नाडा ने कहा कि बजरंग ने 10 मार्च को राष्ट्रीय टीम के लिए चयन ट्रायल के दौरान नमूना देने से इनकार करके नियमों का उल्लंघन किया। डोपिंग रोधी संस्था ने सबसे पहले तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान को 23 अप्रैल को इस उल्लघंन के लिए निलंबित किया था। जिसके बाद खेल की विश्व संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित कर दिया था। बजरंग ने पत्रकारों से कहा, 'यह चौंकाने वाला नहीं है क्योंकि ट्रायल का यह मामला पिछले एक साल से चल रहा है। मैंने पहले भी कहा है कि मैंने नाडा को नमूना देने से इनकार नहीं किया है। जब वे डोप जांच के लिए मेरे घर आए थे तो वे एक 'एक्सपायरी किट' (दिसंबर 2023 में) लेकर आए थे। मैंने इसे सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया है।

पूनिया और उनकी साथी पहलवान ओलंपियन विनेश फोगाट इस साल के शुरु में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे। बजरंग ने अपने बचाव में कहा, 'आप किसी भी खिलाड़ी को 'एक्सपायरी किट' नहीं दे सकते। जहां तक ??मेरा सवाल है तो मेरी टीम वहां थी इसलिए उन्होंने यह देख लिया। वे 2020, 2021, 2022 की 'एक्सपायरी किट' लेकर आए थे। मैंने मूत्र का नमूना दिया था लेकिन फिर मेरी टीम ने किट की जांच की और पाया कि यह 'एक्सपायर' (तारीख खत्म होना) हो चुकी थी। इसलिए हमने किट का वीडियो बनाया और हमने नाडा को मेल किया। लेकिन उन्होंने अपनी गलती स्वीकार नहीं की।

आईसीसी बोर्ड मीटिंग

चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए 'हाइब्रिड' मॉडल मुख्य विषय

दुबई (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की शक्तिशाली बोर्ड की शुक्रवार को होने वाली अहम बैठक में अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लंबे समय से प्रतीक्षित कार्यक्रम को लेकर मुख्य चर्चा होगी। चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान के पास है और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी को बता दिया है वह टीम को पाकिस्तान नहीं भेजेगा। पाकिस्तान दूसरी तरफ टूर्नामेंट को 'हाइब्रिड' मॉडल के तहत आयोजित नहीं करने पर अड़ा हुआ है।

आईसीसी बोर्ड की बैठक वर्चुअल तरीके से होगी और इसमें चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को लेकर कोई हल निकलने की संभावना है। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा, 'इस समय 'हाइब्रिड' मॉडल सबसे अच्छा विकल्प है। हमें उम्मीद है कि टूर्नामेंट में शामिल सभी पक्ष टूर्नामेंट के हित में समझदारी भरा फैसला लेंगे। भारत और पाकिस्तान के बिना टूर्नामेंट का आयोजन करना अच्छा नहीं है।

आईसीसी के सदस्य पीसीबी को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के बिना चैंपियंस ट्रॉफी की चमक फीकी पड़ जाएगी और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे बड़े पैमाने पर वित्तीय नुकसान होगा। टूर्नामेंट के मुख्य प्रसारक 'जियो स्टार' ने पहले ही आईसीसी के शीर्ष अधिकारियों से संपर्क कर कार्यक्रम के बारे में अंतिम निर्णय पर पहुंचने में हो रही देरी पर अपनी निराशा व्यक्त की है।

आईसीसी और प्रसारणकर्ता के बीच हुए अनुबंध के अनुसार संचालन संस्था से अपेक्षा की गई थी कि वह टूर्नामेंट का कार्यक्रम कम से कम 90 दिन पहले दे, लेकिन यह समय सीमा पहले ही पार कर ली गई है। इस सूत्र ने भारत और पाकिस्तान को अलग-अलग ग्रुप में रखने की संभावना को खारिज करते हुए कहा, 'मुझे नहीं लगता कि टेलीविजन अधिकार धारक इस बात से सहमत होंगे। वे ग्रुप चरण में ही भारत बनाम पाकिस्तान मैच की मांग करेंगे, ताकि टूर्नामेंट की लोकप्रियता और मौद्रिक आय में वृद्धि हो सके। दोनों टीमों का सामना अगर नॉकआउट चरण में होगा तो यह उनके लिए किसी बोनस की तरह होगा।

उन्होंने कहा, 'भारत ने पहले ही तय कर दिया है कि नॉकआउट चरण में पहुंचने पर भी टीम पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी ऐसे में यह चर्चा हाइब्रिड मॉडल के इर्द-गिर्द होगी। भारत ने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है, जिसमें 150 से ज्यादा लोग मारे गए थे। आईसीसी ने भी कई बार कहा है कि वह वह किसी भी सदस्य बोर्ड से सरकार की सलाह के विरुद्ध जाने की अपेक्षा नहीं करता है।

ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए टीम घोषित की, मार्श की जगह अनकैप्ड प्लेयर को मौका

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट के लिए हरफनमौला ब्यू वेबस्टर को चोटिल मिचेल मार्श के विकल्प के रूप में टीम में शामिल किया है। पांच मैचों की इस श्रृंखला में पर्थ में खेले गए शुरुआती टेस्ट के दौरान मार्श की मांसपेशियों में खिचांव आ गया था। भारत ने इस मैच को 295 रन से जीता था। मार्श की तरह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर वेबस्टर ने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण नहीं किया है लेकिन पिछले दो वर्षों में शेफील्ड शील्ड में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने पांच शतक और नौ अर्द्धशतक की मदद से 1788 रन बनाए हैं। उन्होंने इस सप्ताह के शुरू में न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ तस्मानिया के शेफील्ड शील्ड मैच में शानदार प्रदर्शन से प्रभावित किया। वेबस्टर ने इस मैच में 61 और 49 रन बनाने के अलावा पांच विकेट भी लिए थे।

- **भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम** – पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर

संक्षिप्त समाचार

पति और प्रेमी के साथ था रहना, बॉयफ्रेंड को रास नहीं आया प्लान; गला दबाकर प्रेमिका को मार डाला

नोएडा एजेंसी। नोएडा के थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के गांव छीजारसी में लिव इन में रह रही युवती की उसके प्रेमी ने गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से बिहार की रहने वाली खातून उर्फ खुशी छीजारसी गांव में किराए पर रहती थी। वह एच ब्लॉक स्थित एक कंपनी में काम करती थी। दो साल पहले कंपनी में काम करने वाले एटा निवासी सूर्यकांत शाक्य से उसे प्रेम हो गया। दोनों लिव इन में साथ रहने लगे। दो माह पहले युवती का उसके मौसी के लड़के से रिश्ता तय हो गया था। बावजूद इसके दोनों साथ रह रहे थे। रिश्ता आगे रखने को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद रहता था। आरोपी के मुताबिक युवती मौसी के लड़के से निकाह के साथ-साथ लिव इन के रिश्ते को भी रखना चाहती थी, जबकि वह अब आगे रिश्ता नहीं रखना चाहता था। इसी को लेकर मंगलवार शाम दोनों में झगड़ा हुआ। हाथापाई के दौरान आरोपी ने गला दबाकर हत्या कर दी और भाग गया। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और आरोपी की खोजबीन शुरू की। गुरुवार को आरोपी को दबोच लिया।

7 साल की उम्र में किडनैप, 30 साल बाद परिवार से मिला युवक; सबकी आंखों से छलके आंसू

गाजियाबाद एजेंसी। सात साल की उम्र में गाजियाबाद के साहिबाबाद थाना क्षेत्र के शहीदनगर से 1993 में अगवा किया गया युवक किसी प्रकार राजस्थान से खोड़ा थाने पहुंचा। कई दिन की मशक्कत के बाद उसे आखिकार बुधवार को दोबारा उसके परिजन मिल गए। इस दौरान वहां मौजूद हर किसी की आंखों से आंसू झलक पड़े। बिजली विभाग से सेवानिवृत्त शहीदनगर निवासी तुलाराम के सात साल के बेटे को 8 सितंबर 1993 को बहन के साथ स्कूल से घर लौटते समय ऑटो गैंग ने अगवा कर लिया था। इस दौरान उनके पास फिरौती के लिए 7.40 लाख रुपये की फिरौती का पत्र आया था। लेकिन किसी ने उसने संपर्क नहीं किया। परिजनों ने बेटे के अपहरण की रिपोर्ट साहिबाबाद थाने में दर्ज कराई थी। चार दिन पूर्व हाथ पर राजू गुदा हुआ युवक खोड़ा थाने पहुंचा था। इस दौरान उसने बताया कि उसे ट्रक वाले राजस्थान के जैसलमेर ले गए थे। वहां उसे एक व्यक्ति के हवाले कर दिया। वह व्यक्ति उससे भेड़-बकरी चराने का काम करता था और दिन में केवल एक रोटी देता था। दिन में उसे कई बार केवल चाय दी जाती थी। युवक ने अपने घर व आसपास के बारे में जानकारी देकर परिजनों को तलाश कराने की बात कही थी। कई दिन के प्रयास के बाद खोड़ा पुलिस को युवक के परिजन मिले जो उसे अपने साथ घर ले गए। परिजनों ने बताया कि उनके बेटे के नाम भीम सिंह उर्फ राजू उर्फ पन्नू है और उसकी दो बड़ी व एक छोटी बहन है।

रिश्तेदार के घर गई थी मां, लौटी तो सुनी बेटी की रोने की आवाज; नजारा देख पैरों तले खिसकी जमीन

नूंह। एक पिता को बच्चों का संरक्षक माना जाता है लेकिन जब वो ही राक्षस बन जाए तो किसी दूसरे पर भरोसा कर पाना मुश्किल होता है। हरियाणा के नूंह में इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक हैवान पिता अपनी 6 साल की बच्ची को काफी समय से हवस का शिकार बना रहा था। डरी-सहमी बच्ची ने किसी से कुछ नहीं कहा। मामले का खुलासा तब हुआ जब उसकी मां ने पति को बेटी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखा। दरिंदे पिता परअपनी छह साल की बेटी का कई बार रेप करने का आरोप है। पुलिस ने बुधवार को कहा कि आरोपी अपनी पत्नी द्वारा रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद घर से भाग गया। 22 नवंबर को दर्ज कराई पुलिस शिकायत में, आरोपी की पत्नी ने दावा किया कि बुलंदशहर में एक रिश्तेदार के यहां से घर लौटने पर उसने एक कमरे से अपनी बेटी के रोने की आवाज सुनी। पुलिस ने बताया कि जब महिला कमरे में दाखिल हुई तो उसने अपने पति को अपनी बेटी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पाया। महिला ने शिकायत में कहा, मेरी बेटी ने बताया कि पिता काफी समय से उसके साथ इस तरह की हरकत कर रहे थे। साथ ही उसने यह भी बताया कि उसका पति तो तुरंत भाग गया।

राष्ट्रीय स्तर पर बनी 3 नई सहकारी समितियों के माध्यम से भारत का किसान न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया के बाज़ार तक पहुँचेगा: अमित शाह

किसान की व्यक्तिगत समस्याओं का सामूहिक शक्ति से समाधान करती है सहकारिता

सहकारिता विश्वविद्यालय के निर्माण से प्रशिक्षित और तकनीक से युक्त मानव संसाधन का निर्माण संभव होगा

नईदिल्ली, एजेंसी। हाल ही में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन के अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन-2024 का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश के किसानों और सहकारिता से जुड़े करोड़ों लोगों को यह संदेश दिया कि, 'मोदी जी के कार्यकाल में राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित तीन नए कोऑपरेटिव्स - राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड और भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड के माध्यम से भारत का किसान न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया के बाज़ार तक अपनी पहुँच को बढ़ा सकेगा। इफ्को, कृभको और अमूल ने सहकारिता के क्षेत्र में पूरी दुनिया में उदाहरण पेश किया है और इसी प्रकार ये तीनों कोऑपरेटिव्स भी दुनिया के सहकारिता क्षेत्र में काम करने वाले लोगों का मार्गदर्शन करेंगी।'

मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में सहकारिता मंत्रालय सहकारिता क्षेत्र के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं पर काम कर रहा है। बीते तीन वर्षों में देश में सहकारिता आंदोलन को ना सिर्फ गति प्रदान की गई है बल्कि जमीनी स्तर पर उसकी पहुँच को व्यापक बनाने की कवायद भी तेजी से जारी है। यदि देखा जाए तो मोदी जी के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन को और भी अधिक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का काम अमित शाह की नीतियों और उनके कार्यकाल में हुआ है। कृषि, डेयरी, मत्स्यपालन, बुनाई, ऋण और व्यापार सहित कई प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय 'ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़' सहकारिता क्षेत्र को आजादी के बाद भी वर्षों तक उपेक्षा का शिकार बना कर रखा गया था, जबकि देश की आधी से ज्यादा आबादी किसी-न-किसी रूप में सहकारिता से जुड़ी हुई है। ऐसे में, सहकारिता क्षेत्र को एक नया क्षितिज प्रदान करने के लिए मोदी सरकार ने जुलाई, 2021 में सहकारिता मंत्रालय के गठन का ऐतिहासिक निर्णय लिया था, जिसका कार्य भार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सौंपा गया। जहाँ मोदी जी ने स्वायत्त सहकारिता मंत्रालय का गठन करके 'सहकार से समृद्धि' की संकल्पना को साकार करने का काम किया, वहीं जन कल्याण से जुड़ी नीतियों के लिए प्रसिद्ध भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में सहकारिता की नींव को मजबूत बनाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। मोदी-शाह ने मिलकर 'सहकार से समृद्धि' के संकल्प के माध्यम से लाखों गाँवों, करोड़ों महिलाओं और किसानों की समृद्धि का रास्ता खोला है। 2 लाख नई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) की स्थापना के बाद भारत में एक भी गाँव ऐसा नहीं रहेगा, जहाँ कोई सहकारी संस्था न हो। मोदी जी की दूरदर्शिता और शाह की नीतियों से प्रेरित होकर सहकारिता मंत्रालय 'सहकार से समृद्धि' के मंत्र को आत्मसात करते हुए 'ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़' सहकारिता को अधिक प्रासंगिक बनाने और उसके माध्यम से ग्रामीण आबादी के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रहा है। जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की जोड़ी 'सहकार से समृद्धि' के मंत्र के साथ कई वर्षों से तिरष्कृत रही सहकारी समितियों को नया आयाम प्रदान करने में प्रयासरत हैं, ऐसे में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि 'संकल्प से सिद्धि' की यह यात्रा बेमिसाल उपलब्धियों से भरा रहेगा।

मैं खुलेआम कह रहा हूं कि आप दिवालिया हो चुके हैं; दिल्ली सरकार से बोले जज

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को दिल्ली सरकार की ओर से केंद्र द्वारा वित्तपोषित स्वास्थ्य योजना के तहत कथित तौर पर वित्तीय सहायता स्वीकार न करने पर आश्चर्य व्यक्त किया। जज ने दिल्ली सरकार पर कई तीखी टिप्पणी करते हुए यहां तक कह दिया कि आप वास्तव में दिवालिया हो चुके हैं। हाई कोर्ट के जज दिल्ली में प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना लागू कराने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने केंद्र की इस योजना को अभी तक दिल्ली में लागू नहीं किया है।

मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि यह अजीब है कि दिल्ली सरकार केंद्र की सहायता स्वीकार नहीं कर रही है, जबकि दिल्ली सरकार के पास अपनी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के लिए कोई पैसा नहीं है। पीठ ने कहा कि आपकी राय अलग हो सकती है, लेकिन इस मामले में आप सहायता से इनकार कर रहे हैं। अदालत ने कहा कि अस्पतालों में मशीनें काम नहीं कर रही हैं। आपके पास वास्तव में कोई पैसा नहीं है। आप नागरिकों के लिए पांच लाख रुपये देने से इनकार कर रहे हैं। सात भाजपा सांसदों ने आप सरकार को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) को लागू करने का निर्देश देने के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया है। अदालत ने मामले को 28 नवंबर के लिए

सूचीबद्ध किया है।

इस तरह की गड़बड़ी में सहायता क्यों नहीं स्वीकार कर रहे: जनहित याचिका में कहा गया कि दिल्ली एकमात्र केंद्र शासित प्रदेश है, जहां वंचितों के लिए लाभकारी स्वास्थ्य सेवा योजना अब तक लागू नहीं हुई है। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने कहा कि मैं अदालत में खुलेआम कह रहा हूं कि आप वस्तुतः दिवालिया हो चुके हैं। आपके स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव एक-दूसरे से बात नहीं कर रहे हैं।

कांग्रेस पर बढ़ा मुसलमानों को आरक्षण देने का दबाव, 4 फीसदी कोटा के लिए हलचल तेज

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक में मुसलमानों को 4 फीसदी आरक्षण का मुद्दा फिर जोर पकड़ता नजर आ रहा है। खबर है कि हाल ही में हुए उपचुनावों में जीत के बाद कांग्रेस सरकार पर मुस्लिम कोटा बहाल करने का दबाव बढ़ने लगा है। फिलहाल, इसे लेकर राज्य सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। भारतीय जनता पार्टी ने कोटा खत्म कर दिया था, लेकिन इस फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। हालांकि, अब तक साफ नहीं है कि कर्नाटक में कोटा बहाल कब तक किया जाएगा।

खास बात है कि साल 2023 में राज्य में हुए विधानसभा चुनाव में मुस्लिम कोटा का मुद्दा कांग्रेस के लिए काफी अहम साबित हुआ था। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की अगुवाई में सरकार गठन में इसने बड़ी भूमिका निभाई थी। अब कांग्रेस को उपचुनाव में भी बड़ी सफलता हाथ लगी है। एक अखबार के अनुसार, शिवाजीनगर से कांग्रेस विधायक रिजवान अरशद का कहना है कि कोटा बहाल होगा और वह इसे समुदाय का हक बताते हैं। उन्होंने कहा, हमें भी समाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्गीकृत किया गया है। उन्होंने कहा, कोर्ट ने जांच के बाद इसे तर्कसंगत बनाया था। रातों रात इसे छीना नहीं जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार मुसलमानों के हितों की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट में केस लड़ रही है।

बांग्लादेश के हाल पर भारत में भड़के सीएम मणिक साहा - सनातन धर्म को नुकसान पहुंचाने वाले खुद मिट गए

अगरतला, एजेंसी। बांग्लादेश में हिन्दू भिक्षु चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी की मुद्दा तूल पकड़ रहा है। अब भारत के पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉक्टर मणिक साहा ने कहा है कि सनातन धर्म को जिसने भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है, वो खत्म हो गए हैं। चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी के बाद से ही बांग्लादेश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। उन्हें सोमवार को ढाका एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया था। सीएम साहा ने कहा, सनातन धर्म न्याय और मूल्यों से जुड़ा है। इतिहास गवाह है कि जिसने भी सनातन धर्म को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है, वह खुद ही खत्म हो गए हैं। इधर, पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देव ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में सनातनी अल्पसंख्यकों, धार्मिक संस्थानों और सनातनी भावनाओं पर जारी हमले पूरी तरह अलोकतांत्रिक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं मानवाधिकारों के सिद्धांतों का उल्लंघन हैं। देव ने कहा, मैं ऐसी घटनाओं की कड़ी निंदा करता हूं...। बंगलादेश के चटगांव शहर में एक वकील की हत्या के मामले में बुधवार को कम से कम छह लोगों को गिरफ़्तार किया गया। हिन्दू भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी के अनुयायियों और पुलिस के बीच झड़प के दौरान एक वकील की हत्या के सिलसिले में यह कार्रवाई की गई है। चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने वकील सैफुल इस्लाम अलिफ की हत्या के सिलसिले में संदेह के आधार पर इन छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यहां मंगलवार को चिन्मय कृष्णा को जमानत न दिए जाने के बाद भड़की हिंसा के दौरान प्रदर्शनकारियों पर जानलेवा हमला किया गया था। मुख्य सलाहकार के कार्यालय के प्रेस विंग ने कहा कि वीडियो फुटेज के जरिए छह लोगों की पहचान की गई है।

ट्रंप का दावा-अमेरिका में प्रवासियों का अवैध प्रवेश रोकने पर मेक्सिको सहमत

वेलिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिकी सीमा में प्रवासियों के अवैध प्रवेश पर तत्काल रोक के लिए मेक्सिको ने सहमति जताई है। मेक्सिको और कनाडा से सभी आयात पर 25 प्रतिशत कर लगाने की ट्रंप की घोषणा के बाद यह बयान आया है। इन देशों ने अमेरिका में प्रवासियों के अवैध प्रवेश को रोकने में असमर्थता जताई थी। सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम पार्डो से फोन पर उनकी सार्थक बातचीत हुई।

ट्रंप ने पोस्ट में कहा, ''मेक्सिको अपने लोगों को हमारी दक्षिणी सीमा पर जाने से रोकने के लिए तत्काल कदम उठाएगा। इससे अमेरिका में अवैध गतिविधियों को रोकने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, ''मेक्सिको की नयी राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम पार्डो के साथ अभी-अभी बेहद सार्थक बातचीत हुई। उन्होंने मेक्सिको से होकर अमेरिका में अवैध प्रवेश को रोकने पर सहमति व्यक्त की है, जिससे हमारी दक्षिणी सीमा पर अवैध प्रवेश प्रभावी रूप से बंद हो जाएगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका में मादक पदार्थ की तस्करी रोकने के लिए किए जाने वाले उपायों पर भी दोनों के बीच चर्चा हुई। ट्रंप ने सोमवार को एक पोस्ट में कहा था कि 20 जनवरी को पदभार ग्रहण करने के बाद वह अपने पहले उपाय के तहत कनाडा और मेक्सिको से आयात पर 25 प्रतिशत कर लगाने के लिए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे।

ट्रंप के आते ही खालिदा जिया वीजा बनवाने पहुंचीं अमेरिकी दूतावास; चीन में वर्षों से जेल में बंद तीन अमेरिकी रिहा

ढाका एजेंसी। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया बुधवार को यहां अमेरिकी दूतावास पहुंचीं और अपने वीजा आवेदन की प्रक्रिया पूरी की। वह ऐसे समय वीजा बनवा रही हैं, जब इस महीने के प्रारंभ में अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत हुई। ट्रंप अगले वर्ष 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे।

कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही खालिदा: डेली स्टार अखबार के अनुसार, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) से जुड़े लोगों ने बताया कि 79 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री को विशेष उपचार के लिए विदेश भेजने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए गए हैं। खालिदा अगले महीने ब्रिटेन जा सकती हैं और वहां से अमेरिका या जर्मनी जा सकती हैं। वह लिवर, किडनी, हृदय, फेफड़ों और आंखों से संबंधित कई समस्याओं से जूझ रही हैं।

बीएनपी प्रमुख खालिदा को बुधवार को ही भ्रष्टाचार के एक मामले में बड़ी राहत मिली। हाई कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया। ढाका की एक अदालत ने 2018 में जिया चैरिटेबल ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में उन्हें सात

वर्ष जेल की सजा सुनाई थी।

चीन में वर्षों से जेल में बंद तीन अमेरिकी रिहा: चीन में वर्षों से कैद किए गए तीन अमेरिकी नागरिकों को रिहा कर दिया गया है। व्हाइट हाउस ने बुधवार को बाइडन प्रशासन के अंतिम महीनों में बीजिंग के साथ राजनयिक समझौते की घोषणा करते हुए यह जानकारी दी। रिहा किए गए लोगों में मार्क स्विडन, काई ली और जान लेउंग शामिल हैं। अमेरिकी सरकार ने इन सभी को गलत तरीके से हिरासत में लिया गया घोषित किया था। स्विडन को ड्रग संबंधी आरोपों में मौत की सजा सुनाई गई थी, जबकि ली और लेउंग को जासूसी के आरोप में कैद किया गया था। व्हाइट हाउस ने कहा कि जल्द ही वे वापस लौटेंगे और अपने परिवारों से मिलेंगे। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि बाइडन प्रशासन ने पिछले कई वर्षों में हुई कई बैठकों में चीन के साथ अपने मामले उठाए हैं। इस महीने की शुरुआत में पेरू में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन के मौके पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से बातचीत के दौरान कई मुद्दे उठाए थे। अमेरिकी वायुसेना ने एक बयान में बताया कि इंग्लैंड में मौजूद चार एयरबेस के ऊपर छोटे मानवरहित विमानों (ड्रोन) को लगातार मंडराते देखा गया है। इन एयरबेस का नाम सफोक स्थित आरएएफ लेकेनहेथ और आरएएफ माइल्डेनहाल, नारफोक स्थित आरएएफ फेल्टवेल और ग्लूकेस्टरशायर स्थित आरएएफ फेयरफोर्ड है। पेंटागन के प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट्रिक राइडर ने कहा कि अब तक इन एयरबेस के प्रमुखों ने यह सुनिश्चित किया है कि इन घुसपैठों ने इनमें रहने वाले लोगों, निर्माण या संपत्तियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है।

अपने ही दोस्त पर भरोसा नहीं कर पा रहा चीन

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान और चीन की दोस्ती अच्छी मानी जाती रही है। हालांकि, पिछले कुछ समय में ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिससे चीन भी अब पाकिस्तान पर भरोसा नहीं कर पा रहा है।

दरअसल, पाकिस्तान में पिछले कुछ सालों में चीनी नागरिकों और कर्मचारियों को निशाना बनाकर कई आतंकवादी हमलों को अंजाम दिया गया। हाल के दिनों में बलूचिस्तान और सिंध में चीनी नागरिकों को निशाना बना कर हमले किए गए हैं।

लगातार अपने कर्मचारियों पर हो रहे हमलों से चीन परेशान हो चुका है। चीन ने पाकिस्तान से मांग करते हुए कहा कि हम अपने कर्मचारियों और नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपनी सेना को पाकिस्तान भेज सकते हैं। हालांकि, चीन की इस मांग पर पाकिस्तान तैयार नहीं हुआ है।

पाकिस्तान पहुंचे चीनी सेना के प्रमुख जनरल: चीन की इस मांग को पाकिस्तान पर कम होते भरोसे के तौर पर देखा जा सकता है। इस बीच चीनी सेना के प्रमुख



जनरल बुधवार को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंचे। उनके साथ एक बड़ा प्रतिनिधि मंडल भी इस्लामाबाद गया है। चीनी सेना के प्रमुख जनरल झांग योशिया ने बुधवार को पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनिर से बातचीत की। पाकिस्तानी सेना की ओर से इस मुलाकात को लेकर बयान जारी किया गया है।

चीन ने चिंता जाहिर की

पाकिस्तानी न्यूज पोर्टल डॉन के अनुसार दोनों देशों के के बीच में क्षेत्रीय सुरक्षा, स्थिरता और आपसी रक्षा सहयोग को बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। वहीं, कुछ सूत्रों ने बताया कि चीनी सेना के प्रमुख जनरल झांग ने आतंकवाद के खिलाफ चल रहे अभियानों और चीनी नागरिकों पर पाकिस्तान में हमलों को लेकर उन्होंने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनिर से पूछा कि इन घटनाओं पर लगाम कैसे लगेगी।

अपने सैनिको की सुरक्षा खुद के हाथ में चाहता है चीन

चीन अपने नागरिकों की सुरक्षा अपने हाथों में लेने मांग कर रहा है। हालांकि, पाकिस्तान का कहना है कि सुरक्षा पर चर्चा के बाद संप्रभुता पर बात बन गई है। वहीं, पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय का कहना है कि दोनों देशों के बीच बातचीत के दौरान अफगानिस्तान और इस क्षेत्र में भारत की भूमिका पर चर्चा की गई। विशेषकर अफगानिस्तान के सक्रिय आतंकवादी संगठनों को लेकर भी चर्चा की गई है। आपको जानना चाहिए कि इस समय चीन की सेना पाकिस्तान में सैन्य अभ्यास कर रही है। चीन की यह मिलिट्री ड्रिल पाकिस्तान में ही हो रही है। खबरों की मानें तो ये सैन्य अभ्यास 15 दिसंबर तक चलने की संभावना है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनिर के बीच हुई बैठक के बाद चीनी सेना के प्रमुख जनरल को प्रतिवर्ष सहयोग देने के लिए धन्यवाद भी कहा।

ऑस्ट्रेलिया में बच्चों के सोशल मीडिया बैन कानून बनने की दिशा में बढ़ाया अगला कदम

मेलबर्न, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया की संसद के उच्च सदन सीनेट में बृहस्पतिवार को एक विधेयक पर चर्चा हुई, जिसमें 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है। संसद का निचला सदन, प्रतिनिधि सभा पहले ही इस विधेयक को सर्वसम्मति से मंजूर कर चुकी है। इस विधेयक के तहत कम आयु के बच्चों को टिकटॉक, फेसबुक, स्नैपचैट, रेडिट और एक्स पर अकाउंट बनाने से न रोकने पर पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर (3.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इस साल संसद के अंतिम सत्र के दौरान बृहस्पतिवार को विधेयक को सीनेट की मंजूरी मिलने की उम्मीद है। यह कुछ महीने के अंदर होने वाले चुनाव से पहले संसद का अंतिम सत्र हो सकता है। इससे पहले प्रतिनिधि सभा ने बुधवार को विधेयक को मंजूरी दे दी थी। विधेयक के पक्ष में 102 जबकि विरोध में 13 वोट पड़े थे। संचार मंत्री मिशेल रोलैंड ने सीनेटरों से विधेयक पारित करने का आग्रह करते हुए कहा कि यह ऑस्ट्रेलियाई जनता के दृष्टिकोण को दर्शाता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129